रांची, बुधवार
08-07-2026
वर्ष : 01, अंक : 56
पृष्ट : 12
मूल्य 04 रू, मात्र
रांची से प्रकाशित

रफ्तार मीडिया

RANCHI, चैत्र कृष्ण पक्ष-12 | ₹04 | RNI No.-JHHIN/26/A3481 | www.raftaarmedia.com

पीएम मोदी का बड़ा बयान

भारत-इंडोनेशिया साझेदारी का सकारात्मक प्रभाव 21वीं सदी की दुनिया और पूरी मानवता पर होगा

जकार्ता। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'बिन्तांग अदिपुर्ना ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' से सम्मानित किया। दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाने के लिए कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और अन्य समझौतों पर हस्ताक्षर किए। भारत और इंडोनेशिया के बीच यूपीआई भुगतान प्रणाली पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-इंडोनेशिया की साझेदारी का सकारात्मक प्रभाव 21वीं सदी की दुनिया और पूरी मानवता पर पड़ेगा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, "मैं इस गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए राष्ट्रपति प्रबोवो का हृदय से स्वागत करता हूं।

पिछले साल भारत के गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उनका स्वागत करने का हमें अवसर मिला। आज उनके आत्मीयता भरे निमंत्रण पर इंडोनेशिया की यात्रा करके मुझे बहुत खुशी हो रही है। आज सुबह मुझे बहुत स्नेह और आदर के साथ इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान दिया गया। यह सम्मान कोटि-कोटि भारतवासियों का, इंडोनेशिया के लोगों की भावनाओं, भारत और इंडोनेशिया के ऐतिहासिक और आत्मीय

संबंधों का है। मैं राष्ट्रपति प्रबोवो, सरकार और यहां की जनता का आभार व्यक्त करता हूं।"

उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में भारत और इंडोनेशिया के संबंधों में एक नई ऊर्जा, नया विश्वास और एक नई गहराई आई है। 2018 में बनी हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी एक नई उड़ान ले रही है। हम विकास, सुरक्षा, तकनीक, संस्कृति और शिक्षा, हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहे हैं। मुझे विश्वास है कि आज से भारत-इंडोनेशिया साझेदारी का एक सुनहरा अध्याय शुरू होगा। इसका सकारात्मक प्रभाव 21वीं सदी की दुनिया और पूरी मानवता पर पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे देशों के बीच बढ़ता विश्वास, हमारी रक्षा सुरक्षा और मैरीटाइम सहयोग को मजबूत कर रहा है। आज हमने रक्षा एक्सचेंज, आपदा प्रबंधन और औद्योगिकी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनाई है। हम दोनों देशों के कोस्टगार्ड हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे। दो करीबी मैरीटाइम देश होने के नाते, हमने ब्लू इकॉनॉमी, पोर्ट डेवलपमेंट और मैरीटाइम ट्रेड में आपसी सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया है। भारत और इंडोनेशिया के लिए गरीबी को परास्त करना और अपने नागरिकों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने इंडोनेशिया के साथ अपनी मील स्कीम और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम) से जुड़े अनुभव और समाधान साझा किए हैं। अब दोनों देश इस सहयोग को अगले स्तर पर ले जा रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग से दोनों देशों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर होगी।

मोदी का इंडोनेशिया से चीन को कड़ा मैसेज

भारत स्वतंत्र इंडो-पैसिफिक का समर्थक

इंडोनेशियाई राष्ट्रपति बोले- मैं मोदी का करियर कॉपी करता हूं

□ एजेंसी जकार्ता

पीएम मोदी ने कहा, भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति का पक्षधर है। सभी देश अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करें और समुद्री रास्ते सभी के लिए खुले रहें। मोदी का यह बयान ऐसे समय आया है, जब इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों को लेकर कई देशों की चिंता बढ़ी हुई है।

उधर, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा, मैं आपका करियर कॉपी करता हूं। उनके इतना कहते ही तालियां बजने लगीं। उन्होंने कहा, मोदी सरकार की कई योजनाएं सफल रही हैं। इसलिए वे इन्हें अपनाने की कोशिश कर रहे हैं। अच्छा हुआ इन योजनाओं पर कॉपीराइट नहीं है।

भारत-इंडोनेशिया के बीच मंगलवार को जकार्ता में 20 समझौते हुए। सबसे अहम ब्रह्मोस डील रही। इसको लेकर दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से बातचीत चल रही थी। भारत इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल की अतिरिक्त यूनिट देगा। इसी के साथ फिलीपींस, वियतनाम के बाद इंडोनेशिया ब्रह्मोस खरीदने वाला तीसरा देश बन गया है। पीएम शाम को जकार्ता में भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। वे बुधवार को इंडोनेशिया के सबसे बड़े हिंदू मंदिर प्रम्बानन जाएंगे। यह मंदिर 1000 साल से ज्यादा पुराना है।

इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन को लेकर चिंता क्यों है?

इंडो-पैसिफिक क्षेत्र (हिंद महासागर से लेकर प्रशांत महासागर तक) में चीन पिछले कुछ सालों से अपनी सैन्य और समुद्री मौजूदगी लगातार बढ़ा रहा है। इसी वजह से भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, फिलीपींस, वियतनाम और कई अन्य देशों की चिंता बढ़ी है। चीन लगभग 90% दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है। जबकि फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रूनेई और ताइवान भी इसके कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं। चीन ने समुद्र में कृत्रिम द्वीप बनाकर वहां हवाई पट्टियां, रडार और मिसाइल सिस्टम तैनात किए हैं। फिलीपींस और वियतनाम के जहाजों के साथ चीनी कोस्ट गार्ड की कई बार झड़प हो चुकी है।

पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव ईडी दफ्तर पहुंचे, शराब घोटाले के सिलसिले में होगी पूछताछ

रांची। झारखंड में हुए शराब घोटाला मामले में जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव मंगलवार को पेश हुए. ईडी के दूसरे समन के बाद पूर्व मंत्री तय समय पर रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के जोनल कार्यालय पहुंचे। जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी। ईडी ने इससे पहले रोहित उरांव को 29 जून और रामेश्वर उरांव को 30 जून को पूछताछ के लिए बुलाया था. हालांकि, दोनों निर्धारित तारीख पर पेश नहीं हुए थे। उन्होंने ईडी से तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा था। दोनों के अनुरोध पर विचार करने के बाद ईडी ने तीन सप्ताह की बजाय एक सप्ताह का समय दिया. इसके बाद रोहित उरांव को 6 जुलाई और रामेश्वर उरांव को 7 जुलाई को पूछताछ के लिए उपस्थित होने का दूसरा समन जारी किया गया। छह जुलाई को रोहित ईडी के सामने उपस्थित हुए थे। अब 7 जुलाई को पूर्व मंत्री खुद ईडी के सवालों का जवाब देने के लिए ईडी दफ्तर पहुंचे हैं।

संक्षिप्त समाचार.....

दिल्ली हाई कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी का ट्विटर अकाउंट फिर से चालू करने का आदेश दिया

दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी का ट्विटर अकाउंट फिर से चालू करने का आदेश दिया है। यह आदेश पार्टी फाउंडर अभिजीत दिपके की याचिका पर दिया गया है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अकाउंट इसलिए ब्लॉक किया गया था क्योंकि उसकी पोस्ट से परीक्षा के दौरान छात्रों और अभिभावकों में भ्रम और अफरा-तफरी फैल सकती थी।हाई कोर्ट ने कहा कि अब हो चुकी है, इसलिए सरकार की यह चिंता अब लागू नहीं होती। इसी आधार पर कोर्ट ने याचिका मंजूर करते हुए एक्स अकाउंट अनब्लॉक करने का आदेश दिया।

चढ़ावा चोरी की एफआईआर कराने वाले कृष्ण मोहन नए महासचिव

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल के निधन के बाद सितंबर 2025 में उनकी जगह रिटायर्ड आईएफएस कृष्ण मोहन को ट्रस्टी बनाया जाता है। महज 10 महीने में ही वह ट्रस्ट के सबसे ताकतवर महासचिव पद तक पहुंच गए। रामलला मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने के बाद चंपत राय ने इस्तीफा दिया, जिससे महासचिव पद रिक्त हो गया। अब पद को संभालने वाले कृष्ण मोहन वही व्यक्ति हैं, जिन्होंने ट्रस्ट की ओर से चढ़ावा चोरी की सबसे पहली एफआईआर कराई थी। 73 साल के कृष्ण मोहन दलित समाज के हैं। 1977 बैच के आइएफएस अफसर रहे कृष्ण मोहन साल- 2012 में संघ से जुड़े थे। अभी वह संघ के पूर्वी यूपी के क्षेत्र संघचालक (क्षेत्र प्रभारी) हैं। साल 2024 में जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई, तब वह यजमानों में शामिल थे। यह फोटो साल 2024 में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पूजन की है। इसमें यजमान के तौर पर कृष्ण मोहन (दाएं से तीसरे, पीले कुर्ते में) शामिल हुए थे। यह फोटो साल 2024 में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पूजन की है। इसमें यजमान के तौर पर कृष्ण मोहन (दाएं से तीसरे, पीले कुर्ते में) शामिल हुए थे।

गोल्डन टेंपल में निक्कर पहने विदेशी कपल को रोका

अमृतसर। अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल में निक्कर पहन कर माथा टेकने जा रहे विदेशी कपल को सिख ने रोक दिया। महिला और युवक दोनों ने निक्कर पहनी हुई थी। सिख ने उन्हें गेट पर रोका और नियमों के बारे में बताया। सिख ने बताया कि निक्कर पहनकर अंदर जाना मना है। इस दौरान विदेशी महिला ने टिकट के बारे में भी पूछा, जिस पर उसे बताया गया कि यहां एंट्री पूरी तरह फ्री है। दोनों को पूरे कपड़े पहनकर आने की सलाह दी। नियम समझने के बाद विदेशी महिला ने सहमति जताई। ये वीडियो 4 जुलाई का है। जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गुरुघर की मर्यादा से अवगत कराने के लिए सूचना बोर्ड लगाया गया है। इन पर स्पष्ट लिखा है कि कैप, शॉर्ट पैंट (निक्कर), कैप्री, मोजे और मिनी स्कर्ट पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं है। श्रद्धालुओं से सिर ढकने और पूरे कपड़े पहनकर ही गुरुद्वारा साहिब में प्रवेश करने की अपील की गई है। वीडियो में दिख रहा कि एक विदेशी महिला और उसके साथ मौजूद युवक गोल्डन टेंपल में प्रवेश करने की तैयारी कर रहे थे। तभी एक सिख ने उन्हें बताया कि गुरुद्वारा साहिब के अंदर निक्कर या हाफ पैंट पहनकर जाना मना है। उन्होंने समझाया कि दर्शन करने के लिए पूरे कपड़े या पजामा पहनना जरूरी है। बातचीत के दौरान विदेशी महिला ने पूछा कि क्या अंदर जाने के लिए किसी प्रकार का टिकट लेना पड़ता है।

जम्मू-कश्मीर के डोडा में बादल फटने से बाढ़

पहाड़ से गिरे पत्थर और मिट्टी से घर-दुकानें बर्बाद हुईं; एमपी में क्रेन-जेसीबी नदी में बहे

□ एजेंसी नई दिल्ली/एविएन

जम्मू-कश्मीर के डोडा में ऊपरी इलाके में बादल फटने से बाढ़ आ गई। पहाड़ों से पत्थर और मलबा गिरने से घर और दुकानों को नुकसान पहुंचा है। सड़कों पर कई गाड़ियां मलबे में दब गईं।

महाराष्ट्र के कई जिलों में लगातार भारी बारिश हो रही है। मुंबई में पिछले 48 घंटे में करीब 15 इंच (380 मिमी) बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने मंगलवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई के सभी सरकारी और निजी स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

नासिक में भी आज सभी स्कूल और कॉलेज बंद हैं। त्र्यंबकेश्वर मंदिर और महाराष्ट्र के साढ़े तीन शक्तिपीठों में शामिल सप्तश्रृंगी मंदिर भी श्रद्धालुओं के लिए आज बंद रहेंगे।

वहीं, मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 35 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। खजुराहो में सबसे ज्यादा 4.4 इंच बारिश दर्ज की गई। बमीठा में नेशनल हाईवे-39 पर 3 फीट तक पानी भर गया। बालाघाट में महाराष्ट्र सीमा से लगी बाघ नदी उफान पर आने से किरनापुर-लांजी मार्ग पर पुल निर्माण में लगी कार, जेसीबी और लोडर तेज बहाव में बह गए।

वायनाड में लैंडस्लाइड, 2 की मौत

□ एजेंसी वायनाड



केरलम के वायनाड में मंगलवार सुबह तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, 8 लोग घायल हुए हैं। कई लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना है। हादसा कल्लाडी स्थित मीनाक्षी ब्रिज के पास हुआ।

यहां मलप्पुरम-वायनाड टनल प्रोजेक्ट के कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। टनल से मिट्टी निकालकर बाहर जमा की गई थी। बारिश के चलते मिट्टी खिसक गई, जिससे पेड़ उखड़ गए और बैरिकेड भी बह गए।

हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, इसमें दिख रहा है कि 7 जुलाई को सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर सुरंग से तेज लहर के साथ आया मलबा एक टैंकर को तिनके की तरह बहाकर ले गया। दो लोग इसके मलबे में फंसे।

पुलिस, एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू कर रही है। मलबा हटाने के लिए जसीब मशीनें लगाई गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण सोमवार से ही सुरंग कंस्ट्रक्शन का काम रोक दिया गया था। मलप्पुरम-वायनाड टनल प्रोजेक्ट के तहत मलप्पुरम को वायनाड से सुरंग (टनल) के जरिए जोड़ना है। टनल की लंबाई करीब लगभग 8.17 किमी है। इसकी लागत करीब 2,100-2,200 करोड़ है।

दो साल पहले भी वायनाड में एक के बाद एक तीन भूस्खलन हुए थे, जिसमें 400 से ज्यादा जानें चली गई थीं।

'हैप्पी बर्थडे माही' : रांची में एमएस धोनी के फैंस ने केक काटकर मनाया जन्मदिन, फार्महाउस के बाहर दिखा उत्साह

रफ्तार मीडिया सवाददाता

रांचीः भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और देश के सबसे सफल खिलाड़ियों में शामिल महेंद्र सिंह धोनी के जन्मदिन पर मंगलवार को रांची में उनके प्रशंसकों के बीच खासा उत्साह देखने को मिला. राजधानी के रिंगरोड सिमलिया स्थित धोनी के फार्महाउस के बाहर बड़ी संख्या में फैंस जुटे और केक काटकर अपने पसंदीदा क्रिकेटर का जन्मदिन मनाया. इस दौरान 'हैप्पी बर्थडे माही' और 'धोनी-धोनी' के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा.एमएस धोनी के जन्मदिन के अवसर पर उनके प्रशंसकों ने केक काटा, एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और उनके लंबे एवं स्वस्थ जीवन की कामना की. कई फैंस हाथों में धोनी की तस्वीर और पोस्टर लेकर पहुंचे थे. कुछ ने भारतीय टीम की जर्सी पहनकर इस खास दिन को यादगार बनाया.

बंगाल गैंगरेप मर्डर- मुख्य आरोपी समेत 3 गिरफ्तार

बारूईपुर में जिंदा बच्ची तालाब में फेंकी थी, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दावा- फेफड़ों-पेट में पानी मिला

□ एजेंसी कोलकाता

बंगाल पुलिस ने सोमवार को दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में 12 साल की लड़की के रेप और हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान आनंद सरदार के तौर पर हुई है। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाकर उसे शहर के बाजार इलाके से पकड़ा।

सके साथ ही मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या तीन हो गई है। मामले की जांच के लिए 6 लोगों की स्क्रूज़ बनाई गई है। मासूम 4 जुलाई को लापता हुई थी। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि मासूम सहेली के लिए गिफ्ट खरीदने निकली थी।

जब बच्ची घर नहीं लौटी तो परिवार ने पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। बाद में रविवार को उसकी लाश सूर्यपुर हाट इलाके के तालाब में मिली थी। उसके सिर पर चोट के निशान थे।

पोस्टमॉर्टम में भी इस बात का खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने रेप के बाद उसे जिंदा ही तालाब में फेंका था। उसके फेफड़ो और पेट में पानी मिला। डूबने और ज्यादा खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई।

एक आरोपी को भीड़ ने पीटकर मार डाला था

इससे पहले रविवार को लड़की का शव मिलने के तुरंत बाद, भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी, जिस पर लड़की के रेप और मर्डर में शामिल होने का शक था। इसकी पहचान इंद्रजीत तांती के रूप में हुई थी। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच भी की, जिसमें लड़की को चार लोग ले जाते हुए दिखाई दिए हैं। पुलिस इन चारों की पहचान पुख्ता करने में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती पोस्टमॉर्टम में लड़की के प्राइवेट पार्ट्स पर चोट के निशान और शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर खरोंच और काटने के निशान मिले हैं। लड़की के सिर पर या तो किसी भारी चीज से वार किया गया था।

जामताड़ा प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की हुई बैठक

- **अनुपस्थित अधिकारियों पर होगी कार्रवाई**
- **विकास योजनाओं की समीक्षा के दौरान कई विभागों की खुली पोल**

रफ्तार मीडिया / संवाददाता
जामताड़ा।

जामताड़ा प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड प्रमुख लुखीमुनी सोरेन की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनसमस्याओं की समीक्षा की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अबीश्वर मुर्मू सहित पंचायत समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सदस्यों ने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए विकास योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि आपूर्ति विभाग, बाल विकास परियोजना , सांख्यिकी विभाग, पथ निर्माण विभाग, लघु सिंचाई विभाग तथा शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि बैठक से अनुपस्थित थे। इस पर सदस्यों ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को कारण बताओ (शोकॉज) नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। बैठक में पियालसोला पंचायत का लंबे समय से लंबित 33 हजार वोल्ट विद्युत लाइन का

मुद्दा भी प्रमुखता से उठा।सदस्यों ने बताया कि गांव के तालाब के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन को हटाने की मांग कई बार उठाई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने इसे गंभीर सुरक्षा का विषय बताते हुए संबंधित विभाग से प्राथमिकता के आधार पर लाइन हटाने की मांग की। इस दौरान पंचायत समिति की कार्यकारिणी की बैठक भी हुई, जिसमें प्रशासनिक एवं विकासात्मक विषयों पर चर्चा की गई। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों से पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का आग्रह किया गया। वही बीडीओ अबीश्वर मुर्मू ने संबंधित विभागों को विकास योजनाओं का समयबद्ध निष्पादन, जनसमस्याओं का त्वरित समाधान तथा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बारिश से लौटी रौनकः डीएओ खुद उतरे खेत में, जिले में 52 हजार हेक्टेयर में धान रोपनी का लक्ष्य

दिनेश कुमार रजक
रफ्तार मीडिया संवाददाता

मिहिजामः पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही अच्छी बारिश ने जिले के किसानों के चेहरे पर नई उम्मीद जगा दी है। समय पर हुई वर्षा से खेतों में पानी भर गया है, जिससे खरीफ सीजन की सबसे अहम गतिविधि धान की रोपनी ने रफ्तार पकड़ ली है। कृषि विभाग ने इस वर्ष जिले में 52 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती का लक्ष्य रखा है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए किसान और कृषि विभाग पूरी सक्रियता से जुट गए हैं। मंगलवार को नारायणपुर प्रखंड के सोनवाद गांव में एक प्रेरणादायक नजारा देखने को मिला। क्षेत्र भ्रमण पर पहुंचे जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार और बीटीएम इकबाल हुसैन खेतों में रोपनी कर रही महिलाओं और किसानों के बीच पहुंचे। कीचड़ भरे खेत को देखकर दोनों अधिकारी भी काम में जुट गए और किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर रोपनी करने लगे। अधिकारियों को खेत में देखकर ग्रामीणों का उत्साह दोगुना हो गया। रोपनी के दौरान डीएओ लव कुमार ने किसानों को कई जरूरी तकनीकी जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ फसल के लिए बिचड़ा उखाड़ने की सही तकनीक अपनाएं और रोपाई से पहले बिचड़ों का उपचार जरूर करें। इससे फसल को शुरुआती बीमारियों और कीटों से बचाया जा सकता है। उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियां अपनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। डीएओ ने बताया कि अब तक लगभग 10 प्रतिशत क्षेत्र में रोपनी पूरी हो चुकी है। मौसम अनुकूल रहा तो शेष लक्ष्य भी समय पर पूरा कर लिया जाएगा। लगातार बारिश और विभागीय सहयोग से इस बार खरीफ सीजन बेहतर रहने की उम्मीद है।

भाजपा नगर की मासिक बैठक में संगठन और मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर हुआ मंथन

रफ्तार मीडिया / संवाददाता
जामताड़ा :

भारतीय जनता पार्टी जामताड़ा नगर इकाई की तृतीय मासिक संगठनात्मक बैठक मंगलवार को नगर अध्यक्ष प्रदीप राउत की अध्यक्षता में दुमका रोड स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें जन्मदिवस एवं स्मरण पक्ष के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष प्रदीप राउत ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के मार्गदर्शन में नगर इकाई की तृतीय मासिक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मरण पक्ष के तहत नगर क्षेत्र में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति बनाई गई। भाजपा नेता संतान मिश्रा ने कहा कि बैठक में विशेष रूप से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता नगर के सभी बूथों पर सक्रिय रहकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करेंगे।उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और जो लोग अब नगर क्षेत्र में निवास नहीं करते हैं अथवा जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम नियमानुसार सूची से हटाने की प्रक्रिया में भी कार्यकर्ता सहयोग करेंगे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा जनसंपर्क अभियान को गति देने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मोहन शर्मा, जिला मंत्री आभा आर्या, जिला सह कार्यालय मंत्री पिंटू गुप्ता, नगर महामंत्री रथु दास, ब्रजेश राउत, विनोद चौबे, ज्योति देवी, सपन महतो, राजेश कुमार, मिथिलेश बर्मन, काजल कुमार सहित कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जेएलकेएम नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने महामहिम राज्यपाल से मुलाकात कर 14वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा परिणाम में कथित अनियमितताओं से कराया अवगत, सीबीआई जांच एवं मुख्य परीक्षा स्थगित करने की मांग

रफ्तार मीडिया संवाददाता

राँची : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष एवं छात्र आंदोलनकारी नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत महामहिम राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से लोकभवन, राँची में मुलाकात कर 14वीं संयुक्त असैनिक सेवा (JPSC) प्रारंभिक परीक्षा-2025 के परिणाम में सामने आई कथित अनियमितताओं एवं अभ्यर्थियों की समस्याओं से संबंधित विस्तृत ज्ञापन सौंपा। देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि कुछ दिन पूर्व आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से भी उन्होंने 14वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा परिणाम में सामने आए विभिन्न तथ्यों को सार्वजनिक किया था। उन्हीं तथ्यों एवं छात्रों की शिकायतों से आज महामहिम राज्यपाल को विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

उन्होंने कहा कि यह मामला केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि झारखंड के लाखों छात्रों के भविष्य, झारखंड लोक सेवा आयोग की विश्वसनीयता एवं संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा से जुड़ा हुआ है। इसलिए पूरे मामले में निष्पक्ष एवं त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है।

देवेन्द्र नाथ महतो ने महामहिम राज्यपाल के समक्ष निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखीं—

1. 14वीं JPSC प्रारंभिक परीक्षा-2025 की संपूर्ण चयन प्रक्रिया की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय सीबीआई अथवा सक्षम एजेंसी से जांच कराई जाए।
2. आयोग द्वारा जारी परिणाम पर संवैधानिक सदस्यों के हस्ताक्षर नहीं होने तथा श्रेणीवार कट-ऑफ अंक सार्वजनिक नहीं किए जाने के पूरे मामले की जांच कराई जाए और संबंधित तथ्यों को सार्वजनिक किया जाए।
3. सोशल मीडिया पर वायरल ओएमआर शीट एवं उससे जुड़े दावों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।
4. जांच पूरी होने एवं श्रेणीवार कट-ऑफ सार्वजनिक किए जाने तक 18, 19 एवं 20 जुलाई 2026 को प्रस्तावित मुख्य परीक्षा तत्काल स्थगित की जाए।
5. अभ्यर्थियों को आवेदन एवं तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिया जाए, क्योंकि वर्तमान में मात्र सात दिनों में जाति, स्थानीय, आय, क्रीमीलेयर एवं दिव्यांगता सहित आवश्यक प्रमाण-पत्र बनवाना तथा मुख्य परीक्षा की तैयारी करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है।
6. भविष्य में JPSC की सभी परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही एवं संवैधानिक प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता सिद्ध होती है तो दोषी अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए।

सिविल सर्जन एवं राज्य स्तरीय टीम ने बड़ा सिंदरी एवं सबैकुंडी गांव का किया भ्रमण

रफ्तार मीडिया संवाददाता/ गोड्डा

भारत सरकार एवं झारखंड सरकार द्वारा संचालित मलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सुंदरपहाड़ी अंतर्गत ग्राम बड़ा सिंदरी एवं सबै कुंडी में संचालित मास सर्वे तथा शिशु जननी आश्रय केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बड़ा सिंदरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अनिल सोरेन तथा राज्य स्तरीय टीम की सदस्य डॉ. अंजुम इकबाल ने क्षेत्र में संचालित मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के क्रम में टीम ने मास सर्वे के तहत ग्रामीणों की मलेरिया जांच, संदिग्ध एवं पॉजिटिव रोगियों की पहचान, समय पर उपचार तथा उनके नियमित फॉलोअप की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक संभावित मरीज की शीघ्र जांच सुनिश्चित करते हुए आवश्यकतानुसार तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा रोगियों की सतत निगरानी रखी जाए। ग्राम भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर मलेरिया की रोकथाम, बुखार होने पर तत्काल जांच कराने, समय पर उपचार लेने तथा मच्छरों से बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर ग्रामीणों को मच्छरदानी के नियमित उपयोग, घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा जल जमाव नहीं होने देने जैसे आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिए गए । इस अवसर पर प्रभात रंजन सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

बिरनी में भाजपा सांसद दुल्लू महतो के खिलाफ माले का प्रतिवाद मार्च, प्रखंड मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

- **नुक्कड़ सभा में सांसद पर लगाए गंभीर आरोप, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का लिया संकल्प**

बिरनी/गिरिडीह | रफ्तार मीडिया

भाकपा माले की बिरनी इकाई के नेतृत्व में मंगलवार को भाजपा सांसद ढुल्लू महतो के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने सांसद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया और विभिन्न मुद्दों को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रतिवाद मार्च की शुरुआत भाकपा माले के पार्टी कार्यालय, बिरनी से हुई। मार्च बिरजपुर चौक होते हुए प्लस टू हाई स्कूल पलौंजिया पहुंचा और अंततः प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार पर सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड सचिव शेखर सुमन ने की, जबकि संचालन आरवाईए के राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजेश कुमार विश्वकर्मा ने किया। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला कमेटी सदस्य रामू बैठा, विष्णुदेव वर्मा, मुंशी विश्वकर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भाजपा सांसद पर गंभीर आरोप लगाए। वक्ताओं ने कहा कि सांसद का आचरण लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं है तथा उन्होंने निरसा के विधायक अरूप चटर्जी के साथ हुए कथित व्यवहार की भी आलोचना की। वक्ताओं ने कहा कि यदि इस प्रकार की घटनाएं जारी रहीं तो जनता लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देगी। उन्होंने वामपंथी नेताओं ए. के. रॉय, गुरुदास चटर्जी और महेंद्र सिंह की विरासत का उल्लेख करते हुए लोकतांत्रिक संघर्ष को आगे बढ़ाने की बात कही।

प्रदर्शन में शामिल सचिव शेखर शरण दास कमेटी सदस्य सहदेव यादव, सीताराम पासवान, रामविलास पासवान, टेकनारायण सिंह, रामसहाय यादव, नारायण यादव, कामेश्वर मंडल, गोपाल पंडित, हरिहर दास, बाबूलाल यादव, आरिफ खान, अर्जुन महतो, भरत रजक, शंकर दास, राजकुमार दास, राजेंद्र तुरी, विजय बैठा सहित बड़ी संख्या में भाकपा माले के कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन निकली भव्य शोभायात्रा, शिवमय हुआ मांडर

रफ़्तार संवाददाता अभिषेक गुप्ता मांडर।

सोसई आश्रम स्थित नव-निर्मित भावेश शिव मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ एवं श्री श्री 1008 स्फटिक महामणि सिद्धेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के चौथे दिन मंगलवार को भव्य नगर भ्रमण एवं शोभायात्रा निकाली गई।

देवी-देवताओं के विग्रहों के साथ निकली यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। हर-हर महादेव के जयघोष, भक्ति गीतों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा सोसई आश्रम से मांडर शिव मंदिर, हेशमी मंदिर और सोसई ग्राम देवी मंडप सहित विभिन्न देवस्थानों तक पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

मांडर शिव मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि रुद्र महायज्ञ क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है।

उन्होंने यज्ञ समिति, महावीर मंडल हिन्दू धर्म रक्षक संघ और सभी सेवादारों के प्रयासों की सराहना करते हुए लोगों से परिवार सहित महायज्ञ में शामिल होने की अपील की। आयोजन में मनोज सिंह, बसंत सिंह, आदर्श प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। नगर भ्रमण के दौरान प्रशासन ने यातायात व्यवस्था संभाली, जबकि समाजसेवी अमिताभ कुमार पाठक, छेदी प्रसाद साहू, मनोज नंद तिवारी, उत्कर्ष तिवारी सहित अन्य लोगों ने श्रद्धालुओं की सेवा एवं पेयजल वितरण में सहयोग किया।

संक्षिप्त खबरें

पुलिस ने चोरी का सामान किया बरामद, एक अभियुक्त गिरफ्तार

रफ्तार मीडिया संवाददाता/गोड्डा

गोड्डा जिले के हनवारा थाना क्षेत्र में बीते 4 जुलाई को एजाज इलेक्ट्रोनिक रिपेयरिंग दुकान से ताला तोड़कर सामान चोरी करने के आरोप में कांड अंकित किया गया था। इस संबंध में काण्ड का उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय मुकेश कुमार के निर्देशानुसार छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को अप्राथमिकी अभियुक्त मु० जावेद आलम, उम्र करीब 29 वर्ष, पिता-स्व० मो० ताहिर आलम, सा० थाना हनवारा, जिला गोड्डा को पूछताछ हेतु थाना पर लाया गया। पूछताछ एवं अपराध स्वीकारोक्ति बयान के उपरांत अप्राथमिकी अभियुक्त के निशानदेही पर हनवारा स्थित गेरूवा नदी पुल के नीचे से एजाज इलेक्ट्रोनिक रिपेयरिंग दुकान से चोरी गयी सामानों को बरामद कर विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया तथा अप्राथमिकी अभियुक्त मु0 जावेद आलम को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस काण्ड में अन्य संलिप्त व्यक्ति के विरूद्ध छापामारी की जा रही है।

पालकोट में ज्वेलरी व्यवसायी से लाखों के आभूषण की लूट, हवाई फायरिंग कर फरार हुए अपराधी

रफ़्तार संवाददाता रंजीत

पालकोट (गुमला)। पालकोट मुख्य बाजार स्थित माही ज्वेलर्स के मालिक से मंगलवार शाम हथियार के बल पर लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस अपराधियों की तलाश में जुट गई है।जानकारी के अनुसार माही ज्वेलर्स के संचालक मनीष सोनी (पिता- विष्णु सोनी) मंगलवार शाम करीब सात बजे अपनी दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से अपने निवास स्थान पालकोट बस्ती जा रहे थे। इसी दौरान भीमो कंसारी के घर के समीप, जो घनी आबादी वाला क्षेत्र माना जाता है, पहले से घात लगाए बैठे तीन अपराधियों ने उन्हें रोक लिया। अपराधियों ने पिस्तौल दिखाकर डराया और सोने-चांदी के आभूषणों से भरा बैग छीन लिया।बताया जाता है कि लूटे गए आभूषणों की कीमत लगभग 25 से 30 लाख रुपये के बीच है। मनीष सोनी द्वारा विरोध किए जाने पर अपराधियों ने हवाई फायरिंग भी की, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों अपराधी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर पालकोट बस स्टैंड होते हुए गुमला की ओर फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पालकोट पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा संभावित मार्गों एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी माही ज्वेलर्स की दुकान में लूट की घटना हो चुकी है। लगातार दूसरी बार हुई इस वारदात ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जामताड़ा में 43 प्रतिशत मतदाताओं तक पहुंचा एन्यूमरेशन फॉर्म, डिजिटाइजेशन कार्य में भी आई तेजी

संवाददाता जामताड़ा। : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जामताड़ा जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण - 2026 अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के बीच एन्यूमरेशन (गणना) फॉर्म का वितरण कर रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आलोक कुमार के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में मंगलवार अपराह्न चार बजे तक जिले के 43 प्रतिशत मतदाताओं तक फॉर्म पहुंचा दिए गए हैं, जबकि 6.67 प्रतिशत फॉर्म का डिजिटाइजेशन भी पूरा कर लिया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार जिले की नाला एवं जामताड़ा विधानसभा को मिलाकर कुल 5,70,633 मतदाता हैं। इनमें से अब तक 2,45,400 मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। वहीं 38,053 प्रपत्रों का सफलतापूर्वक डिजिटाइजेशन भी किया गया है। वही नाला विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,43,895 मतदाताओं में से 1,06,188 मतदाताओं तक फॉर्म पहुंचाए गए हैं, जो 43.54 प्रतिशत है। यहां 17,804 फॉर्म का डिजिटाइजेशन कर लिया गया है। वहीं जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में कुल 3,26,738 मतदाताओं में से 1,39,212 मतदाताओं के बीच फॉर्म वितरित किए गए हैं, जो 42.61 प्रतिशत है। यहां 20,249 फॉर्म का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आलोक कुमार ने सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियो को निर्देश दिया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा डिजिटाइजेशन कार्य में भी तेजी लाएं। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की कि बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराए गए एन्यूमरेशन फॉर्म को जल्द भरकर संबंधित बीएलओ को जमा करें, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट जेबीसी विद्यालय में साइकिल का हुआ वितरण

- **विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए हर सुविधा उपलब्ध करा रही सरकार : दीपिका बेसरा**

दीनबंधु राउत / रफ्तार मीडिया संवाददाता जामताड़ा।

जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट जेबीसी प्लस टू उच्च विद्यालय जामताड़ा में मंगलवार को कल्याण विभाग की ओर से छात्र-हित में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के तहत विद्यालय के 73 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल मिलने के बाद विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।विद्यार्थियों ने सरकार की इस पहल को अपनी पढ़ाई के लिए बेहद उपयोगी बताया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष दीपिका बेसरा, प्रधानाध्यापक एबीमाइल टुडू , प्रखंड प्रमुख लुखीमुनी सोरेन, विद्यालय के प्राचार्य तथा प्रमुख प्रतिनिधि आनंद टुडू ने संयुक्त रूप से छात्रों को साइकिल प्रदान कर किया। अतिथियों ने छात्रों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। वही जिला परिषद

अध्यक्ष दीपिका बेसरा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर कार्य कर रही है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ छात्रों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि साइकिल वितरण योजना का उद्देश्य दूर-दराज के गांवों से आने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि किसी भी छात्र की पढ़ाई दूरी के कारण प्रभावित न हो। उन्होंने विद्यार्थियों से साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने और शिक्षा के प्रति समर्पित रहने की अपील की। प्रखंड प्रमुख लुखीमुनी सोरेन ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे मजबूत आधार है। सरकार विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।साइकिल मिलने से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को समय की बचत होगी और उनकी विद्यालय में नियमित उपस्थिति बढ़ेगी।

कार्यक्रम के दौरान प्रखंड कल्याण पदाधिकारी जितेंद्र साहू ने कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि विभाग का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों तक सरकारी सुविधाओं को पारदर्शिता के साथ पहुंचाना है। उन्होंने छात्रों से योजनाओं का पूरा लाभ उठाने और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रखंड कल्याण पर्यवेक्षक राजू प्रसाद भगत, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट जेबीसी प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक एबीमाइल टुडू सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कटकमसांडी में ब्राउन शुगर कारोबार का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

रफ्तार मीडिया हजारीबाग

हजारीबाग। जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र में नशा कारोबार के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से करीब 25 ग्राम ब्राउन शुगर एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डांढ़ गांव में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) अमित कुमार के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों मो. रिजवान और मो. रफीक को गिरफ्तार किया। तलाशी में उनके पास से लगभग 12 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई।

पूछताछ में दोनों ने बताया कि मादक पदार्थ डांढ़ गांव निवासी छोटन साव से खरीदा गया था। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छोटन साव को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से करीब 13 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। इस मामले में कटकमसांडी थाना कांड संख्या 109/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी मो. रिजवान एवं छोटन साव के खिलाफ पूर्व से भी गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने कहा कि जिले में नशा कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

राजनगर - चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच-220 पर भीषण हादसा, हाइवा-ट्रेलर की टक्कर के बाद लगी आग, दो चालकों की मौत

रफ्तार मीडिया

सरायकेलाः राजनगर-चाईबासा मुख्य मार्ग (एनएच-220) पर रोला-खैरबनी मोड़ के पास सोमवार देर रात करीब 12:30 बजे हाइवा और ट्रेलर की आमने-सामने की भीषण टक्कर में दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में दोनों चालकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पीछे से आ रहे दो अन्य ट्रेलरों की टक्कर में दो चालक घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के तुरंत बाद दोनों वाहनों में आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। ट्रेलर चालक की मौके पर

ही जलकर मौत हो गई, जबकि हाइवा चालक को गंभीर हालत में चाईबासा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।हादसे के बाद पीछे से आ रहे दो ट्रेलर अचानक ब्रेक लगाने के दौरान अनियंत्रित होकर आपस में टकराते हुए सड़क किनारे खेत में पलट गए। दोनों चालकों का उपचार जारी है।

सूचना मिलते ही राजनगर थाना पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंचे। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दोनों वाहन पूरी तरह जल चुके थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।लगातार हो रहे हादसों से चिंतित स्थानीय लोगों ने एनएच-220 को फोरलेन बनाने, सड़क सुरक्षा बढ़ाने तथा भारी वाहनों के सुरक्षित आवागमन के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत जिले के सभी वरीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने किया क्षेत्र भ्रमण, बीएलओ को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

रफ्तार मीडिया

बोकारो। मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत जिले में मतदाता सूची को शत-प्रतिशत अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से सभी वरीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने अपने-अपने आवंटित विधानसभा क्षेत्रों एवं प्रखंडों का भ्रमण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के कार्यों का निरीक्षण किया तथा अभियान के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) श्रीमती शताब्दी मजूमदार एवं प्रशिक्षु आईएएस श्री अरविंद राधाकृष्णन ने बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चास/बीएस सिटी क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिला भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीपीएलआर) श्रीमती पूर्णिमा कुमारी ने चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के चास एवं चंदनकियारी प्रखंड का भ्रमण किया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता ने बेरमो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पेटरवार एवं जरीडीह प्रखंड का निरीक्षण किया। जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती मारुति मिंज ने बेरमो विधानसभा क्षेत्र के बेरमो एवं चंद्रपुरा प्रखंड का भ्रमण किया। वहीं, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. शफीक आलम ने गोमिया विधानसभा क्षेत्र के कसमार एवं पेटरवार प्रखंड का निरीक्षण किया तथा जिला कृषि पदाधिकारी मो. शाहिद ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र (अंश) अंतर्गत नावाडीह एवं चंद्रपुरा प्रखंड का दौरा किया। वहीं, इसके अतिरिक्त सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण, जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती हेमलता बून आदि ने भी बी.एस. सिटी क्षेत्र का भ्रमण किया।

जामताड़ा झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी जिला समिति ने किया बैठक सम्मेलन को लेकर बनी रणनीति

- **21 जुलाई को होगा संथाल परगना आंदोलनकारियों का सम्मेलन : रॉबिन मिर्धा**

रफ्तार मीडिया / संवाददाता जामताड़ा।

झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी जिला समिति, जामताड़ा की ओर से मंगलवार को गांधी मैदान में जिला अध्यक्ष मनोरय मरांडी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए आगामी 21 जुलाई को संथाल परगना आंदोलनकारियों का सम्मेलन आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मनोरय मरांडी ने कहा कि सम्मेलन में संथाल परगना क्षेत्र के सभी आंदोलनकारियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जिले के सभी झारखंड आंदोलनकारियों से सम्मेलन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की, ताकि आंदोलनकारियों से जुड़े लंबित मुद्दों को एकजुट होकर सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जा सके। बैठक में आंदोलनकारियों ने कहा कि झारखंड राज्य गठन में आंदोलनकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, इसलिए उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस दौरान आंदोलनकारियों के लिए सम्मानजनक पेंशन व्यवस्था लागू करने, सरकारी नौकरियों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने तथा सरकारी कार्यालयों एवं निजी प्रतिष्ठानों में आंदोलनकारियों और उनके परिजनों को विशेष सम्मान और प्राथमिकता दिए जाने की मांग दोहराई गई।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों में संपर्क अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक आंदोलनकारी इसमें शामिल हो सकें। मौके पर नंदलाल सोरेन, मदन मुर्मू, रॉबिन मिर्धा, अनिल सोरेन, जमाल अंसारी, आनंद लाल मरांडी, शिवलाल मुर्मू, हीरालाल सोरेन, जितेन हांसदा, मैनेजर मुर्मू, मीरुधन टुडू, हेमंत मुर्मू सहित अन्य आंदोलनकारी उपस्थित थे।

राहुल दुबे गैंग पर पुलिस का शिकंजा दो अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

रफ्तार मीडिया हजारीबाग

हजारीबाग। गिद्दी थाना क्षेत्र में पुलिस ने राहुल दुबे गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक स्कॉर्पियो वाहन, देशी पिस्टल, दो जिंदा गोलियां, दो मैगजीन और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक को 6 जुलाई की रात गुप्त सूचना मिली थी कि एक सफेद स्कॉर्पियो (JH-10AR-8705) से कुछ अपराधी हथियार लेकर गिद्दी से मांडू होते हुए हजारीबाग की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव के नेतृत्व में छापामारी टीम गठित की गई। कनकी मोड़ के पास वाहन जांच के दौरान संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देख वाहन सवार भागने लगे, लेकिन पीछा कर दो लोगों को पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहित सिंह उर्फ कुणाल (19) और भोला उर्फ ओम प्रकाश पाल (34) के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने खुद को राहुल दुबे गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया। पुलिस के अनुसार गिरोह लूट, रंगदारी वसूली, फिरौती और क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए फायरिंग जैसी घटनाओं में शामिल रहा है।

मोहित सिंह के खिलाफ पूर्व में भी उरीमारी और गिद्दी थाना क्षेत्रों में फायरिंग सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संबंध में गिद्दी थाना कांड संख्या 17/26 दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

उन्नति का पहिया योजना के तहत विद्यार्थियों को मिली साइकिलें, शिक्षा और अनुशासन पर दिया गया जोर

रफ्तार मीडिया

सरायकेलाः राजकीय प्लस टू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, सरायकेला में झारखंड सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना "उन्नति का पहिया" के तहत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि नगर पंचायत सरायकेला के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ें, अनुशासन अपनाएं तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर मेहनत करें।

उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को विद्यालय

आने-जाने में सुविधा होगी, नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और ड्रॉपआउट की संख्या में कमी आएगी।मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यालयों की स्थापना, शिक्षकों की नियुक्ति, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और छात्रहितकारी योजनाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा दे रही है।प्रधानाध्यापक वासुदेव राम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बीईईओ कार्यालय से प्राप्त सूची के अनुसार पात्र विद्यार्थियों के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने योजना के प्रति खुशी जताते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त खबरें

7 माह से बकाया पेंशन एवं विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड आंदोलनकारियों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

सरायकेलाः सरायकेला स्थित सिदो-कान्हू पार्क में झारखंड आंदोलनकारी मंच के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू हो गया। अलग झारखंड राज्य आंदोलन से जुड़े आंदोलनकारी सात माह से लंबित पेंशन के भुगतान समेत अन्य मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए हैं।धरना पर बैठे आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि अलग झारखंड राज्य के गठन में आंदोलनकारियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, लेकिन आज वही आंदोलनकारी अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि सरकार ने झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान स्वरूप दी जाने वाली पेंशन का भुगतान पिछले सात महीनों से रोक रखा है, जिससे कई आंदोलनकारियों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।आंदोलनकारियों ने कहा कि सरकार को आंदोलनकारियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।यदि शीघ्र ही बकाया पेंशन का भुगतान नहीं किया गया और उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।धरना स्थल पर बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी मौजूद रहे। आंदोलनकारियों ने सरकार से सात माह की बकाया पेंशन का अविलंब भुगतान करने तथा आंदोलनकारियों के सम्मान और सुविधाओं से जुड़े लंबित मामलों का जल्द समाधान करने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मांगें पूरी होने तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

सहकारिता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती - मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

हजारीबाग। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित सहकारिता सम्मेलन-2026 का समापन मंगलवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सहकारिता आंदोलन को गांव-गांव तक पहुंचाने की जरूरत है, क्योंकि इसके माध्यम से किसानों, पशुपालकों और ग्रामीण समुदाय का समग्र विकास संभव है।

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सहकारिता के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़ने का आह्वान किया। सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों और प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया। झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के माध्यम से चयनित किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के स्वीकृति पत्र एवं चेक दिए गए। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 539 किसानों को 3.81 करोड़ रुपये का केसीसी ऋण वितरित किया जा चुका है। वहीं ग्रामीण बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के लिए बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट को पीओएस मशीनें भी प्रदान की गईं। झारकोफिश योजना के तहत पांच मत्स्य सहयोग समितियों को कार्यालय शेड, उपकरण, सोलर लाइट और एफआरपी बोट उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में उत्कृष्ट पैक्स समितियों को सम्मानित किया गया तथा वनोपज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग पर विशेष प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। इस अवसर पर मनोज यादव, ममता देवी, हेमन्त सती सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।

विकास विरोधी और जनविरोधी बीजेपी का असली चेहरा उजागर रिम्स-2 अस्पताल के निर्माण को रोकने के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को बनाया राजनीतिक मोहरा

रांची : झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता के स्वास्थ्य और हक-अधिकारों के साथ खिलवाड़ करना भारतीय जनता पार्टी (BJP) का चरित्र रहा है। रिम्स-2 जैसे अतिमहत्वाकांक्षी और विश्वस्तरीय अस्पताल के निर्माण कार्य को रोकने के लिए बीजेपी ने जिस प्रकार राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का सहारा लेकर ओछी राजनीति शुरू की है, वह बेहद शर्मनाक है। झारखंड सरकार बीजेपी के इस राजनीतिक षड्यंत्र और विकास विरोधी हथकंडों के आगे घुटने नहीं टेकेगी।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता अख्तर अली ने निम्नलिखित मुख्य बिंदु उठाए, जिनका जवाब देने के बजाय बीजेपी के पास अब मुंह छिपाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है

संवैधानिक संस्थाओं का राजनीतिक दुरुपयोग बीजेपी अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देख बौखला गई है। जब जनता ने उन्हें नकार दिया, तो वे राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के पीछे छिपकर राज्य के विकास को बाधित कर रहे हैं। आयोग की आड़ में विकास कार्य रुकवाने का यह खेल राज्य की गरीब जनता के साथ धोखा है।

भूमि से वैश्विक बाजार तक: पालकोट व रायडीह का आम्रपाली आम दुबई के लुलु स्टोर पहुंचा

जनजातीय महिलाओं की मेहनत को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

रंजीत

पालकोट : झारखंड के गुमला जिले के किसानों और जनजातीय महिलाओं के लिए गर्व का क्षण है। जिले के पालकोट और रायडीह प्रखंडों में उत्पादित उच्च गुणवत्ता वाला आम्रपाली आम अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी पहचान बना रहा है। जिला प्रशासन गुमला, पलाश (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) तथा कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयासों से बीते 3 जुलाई को दुबई के लिए भेजा गया एक मीट्रिक टन आम्रपाली आम सुरक्षित रूप से संयुक्त अरब अमीरात पहुंच चुका है। यह आम अब दुबई के प्रतिष्ठित लुलु रिटेल स्टोर के काउंटरों पर बिक्री के लिए उपलब्ध है, जहां अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता झारखंड की इस विशेष उपज का स्वाद ले रहे हैं।यह उपलब्धि केवल कृषि उत्पाद के निर्यात तक सीमित नहीं है, बल्कि गुमला की जनजातीय महिलाओं की मेहनत, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सफलता की कहानी भी है। मनरेगा के तहत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना से जुड़ी महिलाओं ने वर्षों की मेहनत और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी देखरेख में तैयार किए गए आम के बागानों से प्राप्त आम्रपाली आम ने अब वैश्विक बाजार तक अपनी पहुंच बना ली है। गुमला जिले में कार्यरत दो किसान उत्पादक संगठन गुमला रायडीह एग्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड तथा एमवीएम बघिमा पालकोट प्रोड्यूसर कंपनी ने इस निर्यात अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन संगठनों द्वारा उत्पादित आम का निर्यात फेयर एक्सपोर्ट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से किया गया। निर्यात की पूरी प्रक्रिया गुणवत्ता मानकों, पैकेजिंग और अंतरराष्ट्रीय बाजार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पूरी की गई। गौरतलब है कि इससे पहले गुमला के उत्पादों को घरेलू बाजार में नई पहचान तब मिली थी, जब प्रसिद्ध रिटेल श्रृंखला अपना मार्ट के साथ सफल समझौता हुआ।

अब सीधे दुबई के लुलु रिटेल स्टोर तक पहुंच बनाना जिले के कृषि क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। इससे न केवल स्थानीय किसानों की आय बढ़ने की संभावना है, बल्कि जिले के अन्य कृषि उत्पादों के लिए भी अंतरराष्ट्रीय बाजार के द्वार खुल सकते हैं। उपायुक्त दिलेश्वर महतो ने इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह गुमला जिला की ग्रामीण और जनजातीय महिलाओं के सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों और महिला समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों को अब वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है, जो पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि APEDA, जिला प्रशासन और JSLPS के समन्वित प्रयासों से भविष्य में गुमला के अन्य कृषि एवं वन उत्पादों को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया जाएगा। इस निर्यात अभियान को सफल बनाने में APEDA की सहायक महाप्रबंधक अंजलि नेहा लकड़ा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेंद्र जारिका, JSLPS की टीम, किसान उत्पादक संगठनों के पदाधिकारियों तथा स्थानीय किसानों का योगदान महत्वपूर्ण रहा। सभी के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है कि गुमला का आम अब देश की सीमाओं को पार कर वैश्विक उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा है। गुमला की यह सफलता लोकल टू ग्लोबल की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इससे यह साबित हुआ है कि यदि ग्रामीण किसानों और महिलाओं को सही मार्गदर्शन, बाजार और संस्थागत सहयोग मिले, तो वे अपने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने में सक्षम हैं। पालकोट और रायडीह का आम्रपाली आम आज केवल एक फल नहीं, बल्कि गुमला की मेहनत, आत्मविश्वास और विकास की नई पहचान बन चुका है।

समाचार सार

रांची धुर्वा में संदिग्ध मौत: पेड़ पर फंदे से लटका शव और ई-रिक्शा से उठ रहे सवाल

रांची । जिले के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित स्मार्ट सिटी परिसर में सोमवार की देर रात एक व्यक्ति का शव पेड़ पर फंदे के सहारे लटका हुआ बरामद किया गया है। पुलिस को घटनास्थल से मृतक की ई-रिक्शा भी बरामद हुई है। इस वजह से मामला बेहद संदिग्ध माना जा रहा है। स्थानीय लोगों और पुलिस के मन में कई सवाल खड़े हो रहे हैं, क्या व्यक्ति ने आर्थिक या पारिवारिक तंगहाली के कारण आत्महत्या की है? या फिर किसी ने उसकी हत्या कर शव को आत्महत्या का रूप देने के लिए पेड़ से लटका दिया और ई-रिक्शा वहीं छोड़ दी? मृतक की पहचान सूरज नायक के रूप में हुई है। वह सेक्टर-3 धुर्वा के थेथरकोचा का रहने वाला था। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए भी जांच की जा रही है।
वरिय संवाददाता शंकर ठाकुर)

सुदिप्य कुमार से मिले हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह

रांची । हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह मंत्री पर्यटन,कला संस्कृति खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार सुदिप्य कुमार से उनके आवास में मिलकर झारखंड में हॉकी के विकास पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने खूंटी जिला में बालिका लिए आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र झारखंड सरकार खेल विभाग द्वारा खोले जाने के लिए मंत्री को आभार व्यक्त किया और कहां कि इस तरह से ही खेल का सर्वांगीण विकास हो पाएगा। जिस जिला में जिस खेल के प्रतिभावान खिलाड़ियों की संख्या अधिक है उस जिला में है खेल प्रशिक्षण केन्द्र का स्थापना होने से वहां और अधिक खेल को बढ़ावा मिलता है। साथ ही अगले वर्ष होने वाले हॉकी इंडिया लीग के विषय में भी विशेष चर्चा हुई।

भसुर पर मारपीट, घर से निकालने और जान से मारने की धमकी का आरोप

मेराल/गढ़वा (मोजम्मिल अंसारी)। मेराल थाना क्षेत्र के मेराल पूर्वी गांव की रहने वाली समता देवी ने अपने पति सूर्यकांत मेहता और भसुर चन्द्रकांत मेहता पर मारपीट, मानसिक प्रताड़ना, घर से निकालने, घरेलू सामान ले जाने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मेराल थाना में लिखित आवेदन दिया है। पीड़िता ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। आवेदन में समता देवी ने बताया है कि उनके पति द्वारा लंबे समय से उन्हें मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने पूर्व में भी मेराल थाना को सूचना दी थी, लेकिन इसके बावजूद प्रताड़ना जारी है। पीड़िता का आरोप है कि हाल ही में जब वह अपने पति से मिलने और उन्हें घर वापस लाने गईं, तब उनके भसुर चन्द्रकांत मेहता ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इसके बाद उनके पति को स्कूटी पर बैठाकर अपने साथ ले गए। समता देवी ने यह भी आरोप लगाया है कि उनके भसुर घर से गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, बर्तन, साड़ी, कपड़े, चावल, सरसों सहित अन्य घरेलू सामान ले जाकर बेच चुके हैं। साथ ही उन्होंने अपनी अधिकांश जमीन बेच दी है और अब उनके हिस्से की जमीन भी बेचने का प्रयास कर रहे हैं। आवेदन के अनुसार, जब उन्होंने इसका विरोध किया और कानूनी कार्रवाई शुरू की, तब उनके भसुर पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पति और भसुर उनके कार्यस्थल पर भी पहुंचकर अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और मारपीट करते हैं तथा नौकरी छोड़ने की धमकी देते हैं। समता देवी वर्तमान में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) में ब्लॉक स्तरीय जेंडर सीआरपी के रूप में कार्यरत हैं। उनका कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों और प्रताड़ना से वह तथा उनका परिवार भयभीत है। पीड़िता ने मेराल थाना पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

एसआईआर के जरिए विरोधियों को कमजोर करने की साजिश का आरोप, सतर्क रहने की अपील : जुनैद अनवर

रांची (शंकर ठाकुर): झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय समिति सदस्य जुनैद अनवर ने एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया को लेकर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से विरोधी मतदाताओं को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े किए। जुनैद अनवर ने आरोप लगाया कि झारखंड में मुसलमानों, आदिवासियों और ईसाइयों के नाम मतदाता सूची से हटाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने लोगों से एसआईआर प्रक्रिया को गंभीरता से लेने और सभी आवश्यक औपचारिकताएं समय पर पूरी करने की अपील की, ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से न कटे। उन्होंने कहा कि सामाजिक, धार्मिक और सामुदायिक संगठनों को टोला और मोहल्ला स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए तथा युवाओं को एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल करना चाहिए। उनके अनुसार, सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रखना लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक है। झामुमो नेता ने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रहा है तथा विभिन्न राज्यों में मतदाता सूची संशोधन के दौरान अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ बीएलओ पर भी विशेष समुदाय के नाम हटाने का दबाव बनाया गया। जुनैद अनवर ने सभी अंजुमनों, मस्जिद कमेटियों, चर्च कमेटियों, सरना समितियों, सामाजिक संगठनों, ग्राम प्रधानों और स्वयंसेवी संस्थाओं से एसआईआर प्रक्रिया को अभियान की तरह लेने और अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से हटने से बचाया जा सकेगा।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में 61 मामलों को मिली स्वीकृति

लातेहार। उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न आपदा घटनाओं से संबंधित प्राप्त अभ्यावेदनों की समीक्षा की गई तथा राहत सहायता भुगतान के मामलों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समिति द्वारा कुल 61 अभ्यावेदनों की समीक्षा की गई। विस्तृत जांच एवं सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर सभी 61 मामलों की अनुशंसा करते हुए भुगतान के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। समीक्षा के दौरान सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मृत्यु, डोभा, नदी एवं जलाशयों में डूबने से हुई मौत, सर्पदंश तथा अन्य आपदा जनित घटनाओं से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई। अंचल एवं अनुमंडल स्तर पर की गई जांच के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों को समिति ने अनुमोदित किया।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वीकृत मामलों में राहत राशि का भुगतान निर्धारित प्रक्रिया के तहत शीघ्र सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता मिल सके। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह, अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

भाजपा नेताओं ने इंजीनियर जयप्रकाश तिवारी के घर पहुंचकर जताई संवेदना

मोजम्मिल अंसारी

मेराल/गढ़वा। मेराल प्रखंड के करकोमा निवासी इंजीनियर जयप्रकाश तिवारी के इकलौते पुत्र ई. आयुष तिवारी की लातेहार जिले के सुग्गा बांध में भ्रमण के दौरान डूबने से हुई असामयिक मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दुखद घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता करकोमा स्थित उनके पैतृक आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। शोक व्यक्त करने पहुंचे भाजपा गढ़वा जिला अध्यक्ष उदय कुमार कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल, मेराल प्रखंड विधायक प्रतिनिधि डॉ. लाल मोहन, एसबी एकेडमी इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल के निदेशक मदन यादव तथा स्थानीय भाजपा नेता नंदलाल तिवारी ने दिवंगत आयुष तिवारी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा परिजनों का ढांढस बंधाया।

इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि ई. आयुष तिवारी का असमय निधन अत्यंत दुखद, हृदयविदारक और अपूरणीय क्षति है। इतनी कम उम्र में एक होनहार युवा का इस तरह दुनिया छोड़ जाना पूरे समाज के लिए पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि दुख की इस कठिन घड़ी में भारतीय जनता पार्टी का पूरा परिवार शोकाकुल परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है और हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। नेताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति, धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

इस दौरान राजेश यादव, देवाकांत ओझा, विनय चौधरी, सत्येंद्र तिवारी, वीरेंद्र नाथ तिवारी, वीरेंद्र ठाकुर, रामाकांत गुप्ता, रोहित कुमार, धनंजय चौधरी, रविंद्र प्रसाद, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा सहित भाजपा के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

झामुमो ने युवा नेता दीपक प्रताप देव को जारी किया कारण बताओ नोटिस

विधायक पर सार्वजनिक बयान को बताया पार्टी अनुशासन के विरुद्ध, एक सप्ताह में मांगा लिखित स्पष्टीकरण

मोजम्मिल अंसारी

गढ़वा/भवनाथपुर। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पार्टी अनुशासन के उल्लंघन के आरोप में श्री बंशीधर नगर के युवा नेता दीपक प्रताप देव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पार्टी की ओर से जारी पत्रांक 39/26 में उनसे एक सप्ताह के भीतर लिखित स्पष्टीकरण जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अवधि के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पार्टी के नियमानुसार आगे की कार्रवाई करते हुए मामला केंद्रीय कार्यालय को भेज दिया जाएगा। जारी पत्र के अनुसार, 3 जुलाई 2026 को सोशल मीडिया, यूट्यूब, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से यह जानकारी पार्टी के संज्ञान में आई कि दीपक प्रताप देव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का पार्टी पट्टा पहनकर एक प्रेस वार्ता आयोजित की थी। इस दौरान उन्होंने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव के विरुद्ध सार्वजनिक रूप से बयान दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने वर्ष 2029 के विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा करते हुए यह भी कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव जिस विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे, वे भी वहीं से उनके विरुद्ध चुनाव मैदान में उतरेंगे। पार्टी ने अपने नोटिस में कहा है कि इस प्रकार का सार्वजनिक बयान संगठन की घोषित नीति, सिद्धांत और अनुशासन के अनुरूप नहीं है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि किसी भी पार्टी पदाधिकारी या कार्यकर्ता द्वारा संगठन के अधिकृत मंच के बजाय सार्वजनिक रूप से इस तरह की टिप्पणी करना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है तथा इससे संगठन की छवि प्रभावित होती है। झामुमो ने दीपक प्रताप देव से पूछा है कि उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। पार्टी ने निर्देश दिया है कि नोटिस प्राप्त होने की तिथि से एक सप्ताह के भीतर वे अपना विस्तृत लिखित स्पष्टीकरण जिला कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि उस पर विचार किया जा सके। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता है अथवा जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो पार्टी संविधान एवं नियमानुसार अग्रेतर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए मामला केंद्रीय कार्यालय को भेज दिया जाएगा। राजनीतिक हलकों में इस नोटिस को लेकर चचाओं का दौर शुरू हो गया है। अब सबकी निगाहें दीपक प्रताप देव के जवाब और पार्टी नेतृत्व के अगले निर्णय पर टिकी हुई हैं।

सरकारी राशि के दुरुपयोग का आरोप : सार्वजनिक स्थलों की बजाय निजी घरों व निजी परिसरों में लगाए जा रहे सीमेंटेड चेयर

मेराल प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में ग्रामीणों ने उठाए सवाल, कर्मियों की कार्यशैली पर नाराजगी

मोजम्मिल अंसारी

मेराल। गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में सरकारी योजनाओं के तहत उपलब्ध कराए गए सीमेंटेड चेयर को सार्वजनिक स्थलों के बजाय निजी घरों एवं निजी परिसरों में लगाए जाने का आरोप सामने आया है। इसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। लोगों ने इसे सरकारी राशि के दुरुपयोग का मामला बताते हुए जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी राशि से खरीदे गए सीमेंटेड चेयर का उद्देश्य गांवों के चौक-चौराहों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों, सामुदायिक भवनों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बैठने की सुविधा उपलब्ध कराना था। इसके विपरीत कई पंचायतों में इन चेयरों को कथित रूप से निजी घरों एवं निजी परिसरों में स्थापित कर दिया गया है, जिससे आम लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकारी संपत्ति का उपयोग निजी हित में किया गया है तो यह योजना के उद्देश्य के विपरीत है।

ग्रामीणों ने संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं योजना से जुड़े कर्मियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ सभी लोगों को समान रूप से मिलना चाहिए। यदि सार्वजनिक उपयोग की सामग्री निजी परिसरों में स्थापित की गई है तो इसकी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की अनियमितताओं से सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता और विश्वसनीयता प्रभावित होती है। ग्रामीणों ने उपायुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं प्रखंड प्रशासन से मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों, कर्मियों एवं अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने सार्वजनिक उपयोग की सभी सामग्रियों को निर्धारित स्थानों पर स्थापित कराने की भी मांग की है।

सरला बिरला विश्वविद्यालय में हुआ रिकॉर्डतोड़ प्लेसमेंट 415 से अधिक विद्यार्थियों को मिला बेहतरीन पैकेज

शंकर ठाकुर

रांची : सरला बिरला विश्वविद्यालय में इस वर्ष भी प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार रहा है। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट विभाग द्वारा ऑनलाइन, ऑन-कैंपस एवं पूल कैंपस मोड में लगातार भर्ती अभियानों का आयोजन हो रहा है, जिससे विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के बेहतरीन मौके हासिल हो रहे हैं। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अभियान में अब तक अनेक अग्रणी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया। इनमें ईवाई, बिरला ओपस, टीसीएस, डेलोइट, आईडीबीआई बैंक गोदरेज आईटीसी होटल्स लिमिटेड, जी एयरोस्पेस, एक्सिस बैंक, बर्जर पेंट्स, एशियन पेंट्स, सिएट टायर्स, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, स्टरलाइट इलेक्ट्रिक लिमिटेड, इंडस टावर्स, टेक महिंद्रा, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक, इंडस टावर्स, क्रॉस लिमिटेड, अरविंद फैशंस, इन्फो एज सहित अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल हैं। विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) 2022-2026 बैच के दो विद्यार्थियों ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी कंपनी यूरुसिस में अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट प्राप्त किया है। छात्र अभिराज आर्यन को प्रति वर्ष एईडी 1,24,400 (लगभग 32.50 लाख वार्षिक) का आकर्षक पैकेज प्राप्त हुआ है, जबकि शशांक पांडेय को एईडी 1,18,400 (लगभग 31 लाख वार्षिक) का पैकेज मिला है। दोनों विद्यार्थियों को वेतन पैकेज के अतिरिक्त लगभग 39 लाख का बीमा कवर भी प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट अभियान लगातार जारी है। वर्तमान में कॉग्निजेंट, टीसीएस, विप्रो, सेजिलिटी, वेबक्रॉप्स सर्विसेज इंडिया, टेक महिंद्रा एवं अपर्णा कंस्ट्रक्शंस जैसी प्रमुख कंपनियों के साथ भर्ती प्रक्रियाएं संचालित हो रही हैं।

अब तक 415 से अधिक विद्यार्थियों का सफलतापूर्वक प्लेसमेंट हो चुका है, जबकि कई कंपनियों की चयन प्रक्रिया अभी जारी है और उनके परिणाम आना शेष हैं। लगातार बढ़ती कंपनियों की भागीदारी, उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार अवसर तथा जारी भर्ती अभियान विश्वविद्यालय की सुदृढ़ प्लेसमेंट व्यवस्था और उद्योग जगत में उसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाते हैं। सरला बिरला विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता, व्यावसायिक दक्षता एवं उद्योगोन्मुखी कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर उद्योग जगत के साथ मजबूत साझेदारी स्थापित कर रहा है।

विश्वविद्यालय आज के दौर में उभरती हुई प्रतिभाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने और उन्हें सफल करियर प्रदान करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। एसबीयू के माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद सह निदेशक प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने विवि के विद्यार्थियों के प्लेसमेंट पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

संगठन मजबूती के साथ-साथ एसआईआर को लेकर कार्यकर्त्ताओं को दिया गया टिप्स

गिरिडीह व कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों की हुई अहम बैठक

रफ्तार मीडिया संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह व कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों की एक अहम बैठक मंगलवार को हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं झारखंड के सह प्रभारी भूपेंद्र मरावी उपस्थित थे। बैठक में जिलों के संगठन के सशक्तिकरण और एसआईआर को लेकर कार्यकताओं को दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा की एस आई आर मैं एक भी पात्र मतदाता का नाम नहीं छूटे यह सभी कांग्रेस जन की जिम्मेवारी है साथ ही साथ यह जनता से सीधा संवाद कायम करने का एक मौका भी है। इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ता का फर्ज है की एक-एक घर तक पहुंच बनाने का काम करें। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया ने कहा कि आज गिरिडीह जिले में कांग्रेस पहले की अपेक्षा सशक्त हुई है और इसके लिए हमारे कार्यकर्ता धन्यवाद के पात्र हैं। कार्यकर्ता बहुत मेहनत कर कर 80 फीसदी से ज्यादा ग्राम पंचायत समितियां का वर्णन किया और 90 फिसदी से ज्यादा बूथों पर हमारे पार्टी के बी एल ए सक्रिय है।

मौके पर बोकारो जिला अध्यक्ष जवाहर महथा, हजारीबाग जिला अध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल, धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, कोडरमा जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, महमुद अली खान, विमल सिंह, जुनेद आलम, अहमद रजा नूरी, चांद रसीद, विनीत भास्कर, मोहम्मद निजामुद्दीन, सरफराज अंसारी, रणधीर चैधरी, इम्तियाज अंसारी, इतवारी वर्मा, गुलाम सरवर, नागेश्वर मंडल, मनीष राज, अनिल चैधरी, परवेज आलम, अख्तर अंसारी, अवधेश प्रसाद, विनोद कुशवाहा, चंदेश्वर साव, मनोज यादव, विजय यादव, राजेश तूरी, धनंजय सिंह, नवलेश सिंह, दिलीप राय, किशोर राय, अमित सिन्हा, अनंत कुमार मेहता, दिनेश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

शादी से लौट रहे तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत,एक ही बाइक पर सवार थे युवक

बोकारो : बोकारो के पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र में देर रात हुए भीषण सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां पलभर में मातम में बदल दीं। एनएच-32 पर बेड़ानी मोड़ के समीप रात करीब 1:30 बजे एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान भंड्रो गांव निवासी 18 वर्षीय आर्यन महतो, संथालाडीह निवासी 19 वर्षीय अमर कुमार महतो और भवानीपुर साइड सांगजोरी निवासी 20 वर्षीय सुमित गोराई के रूप में हुई है। तीनों दोस्त बोराडीह गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने-अपने घर लौट रहे थे, तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया। पिंड्राजोरा थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक आर्यन महतो के पिता हीरालाल महतो ने बताया कि उनका इकलौता बेटा रात आठ बजे शादी में शामिल होने गया था, लेकिन अब वह कभी लौटकर नहीं आएगा। हादसे के बाद तीनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान कर चालक का पता लगाने में जुटी हुई है।

समाचार सार

भाकपा माले ने ढुल्लू महतो के खिलाफ खोला मोर्चा प्रिंस खान से कथित संबंधों की न्यायिक जांच की मांग

धनबाद (गोवर्धन रजक): धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और निरसा विधायक अरूप चटर्जी के बीच जारी जुबानी जंग अब चुनावी और राजनीतिक गलियारों से निकलकर सड़कों पर आ गई है। सिंडिकेट और राजनीतिक गठजोड़ के खिलाफ भाकपा माले के कार्यकताओं ने आज रणधीर वर्मा चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने सांसद ढुल्लू महतो के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस पूरे विवाद की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा नहीं, सुप्रीम कोर्ट के जज करें जांचः हलधर महतो प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भाकपा माले नेता हलधर महतो ने कहा कि धनबाद सांसद और गैंगस्टर प्रिंस खान के बीच कथित गठजोड़ के जो आरोप लग रहे हैं, वह बेहद गंभीर हैं। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में कराई जानी चाहिए। नेताओं ने दो टूक कहा कि उन्हें केंद्रीय जांच एजेंसियों (सीबीआई/ईडी) पर बिल्कुल भरोसा नहीं है, क्योंकि वे राजनीतिक दबाव में काम करती हैं। निष्पक्षता के लिए स्वतंत्र न्यायिक जांच ही एकमात्र रास्ता है। संसद के मानसून सत्र में गूंजेगा यह मुद्दा भाकपा माले नेताओं ने चेतावनी दी कि धनबाद में अपराध और राजनीति के इस कथित गठजोड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता के सामने इसका सच आना बेहद जरूरी है। इस मुद्दे को भाकपा माले के सांसद आगामी संसद के मानसून सत्र में पूरी प्रमुखता से उठाएंगे और केंद्र सरकार से इस पर जवाब मांगेंगे।धनबाद हमेशा लाल झंडे का गढ़ रहेगा नेताओं ने हुंकार भरते हुए कहा कि धनबाद लंबे समय से लाल झंडे (वामपंथ) का गढ़ रहा है और आगे भी रहेगा। कोयलांचल की जनता अपराध, भय और राजनीति के इस कॉकटेल को समझ चुकी है। इसके खिलाफ पार्टी की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लगातार जारी रहेगी।

दुर्घटना में तीन लोग हुऐ गंभीर रूप से घायल

बेरमो/बोकारो(मिथलेश कुमार) : बेरमो अनुमडल स्थित पेटरवार एन एच 23 पर सुबह 6:10बजे लुकाई के आस एक चार चक्का गाड़ी फिल्मी स्टाइल में दुर्घटना ग्रस्त हो गया। ज्ञात हो की सुबह गाड़ी रामगढ़ से धनबाद जाने के क्रम में गाड़ी चला रहे गाड़ी के ड्राइवर मो अकरम को झपकी लग गई जिससे गाड़ी असंतुलित होकर जमीन पर रखे सीमेंट के पोल से टक्कराते हुऐ 13-14 फीट उछलते हुऐ सीट के घर से टक्करा गया जिससे गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वशो ड्राइवर लगभग गाड़ी से उछलते हुऐ जा गिरा छत के ऊपर। वहीं मो खलील के घर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं घर में पड़े दो पहिया गाड़ी भी बुरी तरह से टूट गया। वहीं घर मालिक भी गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं गाड़ी में दो लोग बैठे हुऐ थे जिसमें एक व्यक्ति का ईलाज पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य के में चल रहा है वहीं गाड़ी के ड्राइवर का कहीं और ईलाज चल रहा है।

एसआईआर को लेकर मॉडल अंगन बड़ी केंद्र पोडदाग (मांझी टोला) पर लगा लोगो का भीड़

बेरमो/बोकारो (मिथलेश कुमार): बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड के विभिन्न टोलो में चल रहे एसआईआर को लेकर मॉडल अंगना बड़ी केंद्र पोडदाग (मांझी टोला) सदमाकला में रजिया खातून के द्वारा अपने क्षेत्र के लोगो को फार्म उपलब्ध कराया गया साथ ही उन्हें फॉर्म भरने की जानकारी भी दिया गया। साथ ही रजिया खातून के द्वारा बताया गया की लगभग 814 फार्म में से 600 फॉर्म का वितरण हो चूका है और लगभग 200 फार्म जमा हो गया है साथ ही ये भी बताया की ये रक्फ बहुत ही जरुरी है क्योंकि इससे पता चलेगा की हमारे देश की अवादी कितनी है जिससे पुरे देश की अवादी की जनगणना भी हो जायेगा।

अरूप चटर्जी को धमकी के विरोध में भाकपा का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

निरसा (समामा औसाल): भाकपा (माले) लिबरेशन ने निरसा में विधायक अरूप चटर्जी को गैंगस्टर प्रिंस खान द्वारा कथित जान से मारने की धमकी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकताओं ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच, दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी तथा विधायक और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। पार्टी का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो अपराधियों का मनोबल बढ़ेगा और कानून व्यवस्था पर लोगों का विश्वास कमजोर होगा। भाकपा (माले) ने आरोप लगाया कि अरूप चटर्जी द्वारा हाल ही में सांसद ढुल्लू महतो की कथित अवैध संपत्ति और कोयला क्षेत्र में रंगदारी के मामलों की जांच की मांग उठाने के बाद यह कथित धमकी सामने आई है। पार्टी ने पूरे प्रकरण की स्वतंत्र जांच कर सच्चाई जनता के सामने लाने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान आगम राम, टूटून मुखर्जी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

हम आपको सुनते हैं' कार्यक्रम में 35 मामलों पर डीसी ने की सुनवाई

दिनेश कुमार पांडेय

बोकारो : समाहरणालय स्थित कार्यालय सभागार में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (लोक संवाद)में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान प्राप्त 35 आवेदनों पर क्रमवार सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, विद्युत, बीएसएल, डीपीएलआर, आपूर्ति, कल्याण एवं विभिन्न अंचल कार्यालयों से जुड़े मामलों पर सुनवाई किया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आवेदकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन रिस्पॉन्सिव एवं नागरिक केंद्रित प्रशासन की अवधारणा के अनुरूप कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सीएसआर नोडल शक्ति कुमार, परियोजना पदाधिकारी मानिक चन्द्र सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी जन मुद्दों को लेकर चलाएगा अभियान

रफ्तार मीडिया संवाददाता

बोकारो : केंद्रीय सरकार द्वारा चार लेबर कोड लागू किए जाने की अधिसूचना जारी होने के बाद झारखंड सरकार के श्रम विभाग द्वारा चार वर्ष पहले राज्य के ट्रेड यूनियनों से बिना विचार - विमर्श किए बनाई गई नियमावली को ही कैबिनेट में भेजे जाने की तैयारी के खिलाफ सीपीआई (एम) द्वारा भ राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप किए जाने की मांग की गई है। पत्र में उन्हें सुझाव दिया गया की श्रम समवर्ती सूची में आता है इसलिए वे संविधान के अन्तर्गत अपनी विधायी शक्तियों का इस्तेमाल कर लेबर कोड यानि श्रम संहिताओं की नियमावली में सुधारात्मक संशोधन लाएं और केंद्रीय नियमों के अनुसार उसके कार्यान्वयन के बजाय मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएं। झारखंड सरकार को न्यायमूर्ति गोपाल गौड़ा की उन अनुशंसाओं पर भी विचार करना चाहिए, जिन्होंने केरल की पूर्ववर्ती एलडीएफ सरकार को मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी उपाय सुझाते हुए एक रिपोर्ट सौंपी थी। यह बात आज माकपा की बोकारो जिला कमिटी की बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कही पार्टी की बोकारो जिला कमिटी ने राज्यव्यापी आह्वान पर आगामी 8 से 15 सितंबर तक स्थानीय ज्वलंत जनमुद्दों को लेकर बोकारो जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किए जाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा 1से 3 सितंबर तक सभी पार्टी सदस्यों द्वारा जनता के बीच जाकर फंड संगह किया जाएगा। पार्टी द्वारा 13 अगस्त को क्युबा के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए साम्राज्यवाद विरोधी कार्यक्रम किया जाएगा।

पार्टी ने एसआईआर के काम में मतदाताओं का नाम नहीं छूटे इसके लिए सहायता केंद्र खोलने तथा पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए 2 को हर जगह सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। बैठक की अध्यक्षता बी. डी. प्रसाद ने की। बैठक में जिला सचिव भागीरथ शर्मा, राज कुमार, राकेश कुमार, श्याम बिहारी सिंह दिनकर, विश्वनाथ बनर्जी, अख्तर खान, मनोज कुमार पासवान,विनय महतो, इरफान अंसारी, कुमार सत्येन्द्र, रेणु दास आदि मौजूद थे।

धनबाद में सियासी उबाल : ढुलू महतो का बड़ा आरोप अरूप चटर्जी ही हैं गैंगस्टर प्रिंस खान नेटवर्क के सरगना

गोवर्धन रजक

धनबाद : धनबाद लोकसभा क्षेत्र की सियासत इन दिनों गैंगस्टर प्रिंस खान के कनेक्शन को लेकर पूरी तरह गर्मा गई है। धनबाद के भाजपा सांसद ढुलू महतो और निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के बीच जुबानी जंग अब बेहद तीखे मोड़ पर पहुंच चुकी है। दोनों नेता एक-दूसरे पर फरार अपराधी प्रिंस खान को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगा रहे हैं। इसी कड़ी में धनबाद सर्किट हाउस में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान सांसद ढुलू महतो ने निरसा के विधायक अरूप चटर्जी पर सीधा और बड़ा हमला बोला। सांसद ने दावा किया कि अरूप चटर्जी की पार्टी का एक बड़ा नेता भगोड़े अपराधी प्रिंस खान का मुख्य शूटर है, जो फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर (फरार) चल रहा है। गैंगस्टर नेटवर्क के सरगना हैं अरूप चटर्जीः ढुलू महतो प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए सांसद ढुलू महतो ने कड़े लहजे में कहा कि धनबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में माससं (अब भाकपा माले) के लोग हमेशा से उग्रवादी गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने देश के प्रधानमंत्री द्वारा पूर्व में की गई एक टिप्पणी का भी हवाला दिया। सांसद ने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि पूरे कोयलांचल में फैले प्रिंस खान के आपराधिक नेटवर्क के असली सरगना अरूप चटर्जी ही हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि मोइज खान और रिजवान सिद्दीकी के गैंगस्टर प्रिंस खान से संबंधों की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। हत्या मैनेज करने और 6 करोड़ की रंगदारी का आरोप सांसद ढुलू महतो यहीं नहीं रुके; उन्होंने निरसा विधायक पर कई गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्तता के आरोप मढ़े।

सांसद ने कहा कि अरूप चटर्जी ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर दो-दो हत्या के मामलों को मैनेज किया है। इसके साथ ही उन्होंने खुलासा किया कि निरसा में चल रहे एलिवेटेड रोड परियोजना के निर्माण कार्य को बाधित कर वहां से 6 करोड़ रुपये की भारी-भरकम रंगदारी मांगी गई है। इस पूरे मामले में माससं और भाकपा माले से जुड़े नेताओं की भूमिका संदिग्ध है। पुलिस से की निष्पक्ष जांच की मांग सांसद ने झारखंड पुलिस और जिला प्रशासन से अपील की है कि वे किसी राजनीतिक दबाव में आए बिना इस पूरे सिंडिकेट की गहराई से जांच करें। उन्होंने कहा कि प्रिंस खान के मुख्य शूटरों और मददगारों के तार सीधे तौर पर निरसा विधायक से जुड़े हैं, जिसका खुलासा होते ही कोयलांचल की जनता के सामने कई सफेदपोश चेहरों की असलियत आ जाएगी। इस प्रेसवार्ता के बाद से धनबाद और निरसा विधानसभा क्षेत्र की राजनीतिक सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है और विपक्ष की ओर से भी इस पर तीखी प्रतिक्रिया आने की संभावना जताई जा रही है।

एसएनएमएमसीएच में छत का प्लास्टर गिरा बेड नंबर 27 पर भर्ती मरीज बाल-बाल बचा

गोवर्धन रजक

धनबाद। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच/ में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अस्पताल के वार्ड की छत का एक बड़ा हिस्सा अचानक टूटकर नीचे गिर गया। इस घटना के बाद वार्ड में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में बेड नंबर 27 पर भर्ती मरीज मुमताज आलम बाल-बाल बच गए। इस घटना ने अस्पताल भवन की सुरक्षा और रखरखाव व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।खून की उल्टी के बाद हुए थे भर्ती जानकारी के अनुसार, गोविंदपुर के रजा नगर निवासी मुमताज आलम को खून की उल्टी होने की शिकायत के बाद इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया था। वे वार्ड के बेड नंबर 27 पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। इसी दौरान अचानक उनके बेड के ठीक ऊपर छत से सीमेंट का भारी-भरकम टुकड़ा भरभराकर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि प्लास्टर मरीज के बेहद करीब गिरा, जिससे वे सुरक्षित बच गए। घटना के बाद वार्ड के अन्य मरीज और तीमारदार दहशत में आ गए।परिजनों ने उठाए सुरक्षा पर सवाल मरीज के बेटे मोहम्मद फिरोज आलम और अन्य परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन की इस घोर लापरवाही पर कड़ा रोष जताया है। परिजनों का कहना है कि जिस अस्पताल में लोग इलाज कराने और ठीक होने की उम्मीद लेकर आते हैं, वहां उनकी जान पर बन आ रही है। स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों ने अस्पताल की जर्जर हो चुकी इस इमारत की उच्च स्तरीय जांच कराने और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अधीक्षक बोले- जांच कर करेंगे कार्रवाई इस गंभीर मामले को लेकर जब अस्पताल के अधीक्षक डॉ. दिनेश कुमार गिंदौरिया से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस हादसे की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है। अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि वे खुद वार्ड का निरीक्षण करेंगे।

केंदुआडीह में वैज्ञानिक खुदाई के बाद होगा फैसला प्रभावित लोगों को राहत शिविर में किया जाएगा शिफ्ट

रफ्तार मीडिया संवाददाता

धनबाद : केंदुआडीह में भू-धंसान और गैस रिसाव की समस्या के समाधान तथा पिछले 6-7 महीनों से बंद धनबाद-बोकारो मुख्य सड़क को दोबारा चालू करने को लेकर सोमवार को समाहरणालय में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने की। इसमें सांसद, विधायक, बीसीसीएल, डीजीएमएस, आईआईटी (आईएसएम), सिम्फर सहित विभिन्न तकनीकी संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बीसीसीएल 10 जुलाई तक विस्तृत स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार कर जिला प्रशासन को सौंपेगा। इसके बाद क्षतिग्रस्त सड़क के नीचे वैज्ञानिक तरीके से खुदाई की जाएगी ताकि वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके। खुदाई के दौरान प्रभावित क्षेत्र के सभी लोगों को अस्थायी राहत शिविरों में स्थानांतरित किया जाएगा तथा पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लेकर विशेषज्ञों की निगरानी में कार्य होगा। खुदाई के बाद तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर यह निर्णय लिया जाएगा कि धनबाद-बोकारो मुख्य सड़क को पुनः चालू करना सुरक्षित है या नहीं। बैठक में सांसद ढुलू महतो ने कहा कि सड़क बंद रहने से बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है और इसे जल्द चालू करने के लिए ठोस पहल होनी चाहिए। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि बीसीसीएल पहले भी धंसी सड़कों की मरम्मत कर उन्हें चालू कर चुका है, इसलिए यहां भी प्रयास होना चाहिए।

विधायक अरूप चटर्जी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी वैज्ञानिक जांच के बाद सड़क खोलने का समर्थन किया। बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य भी पूरी सुरक्षा के साथ सड़क को पुनः चालू करना है और जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार एसओपी तैयार कर जल्द कार्य शुरू किया जाएगा। बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया कि राजपूत बस्ती के रैयत अपने आवेदन लैंड सेल में जमा करें तथा करमाटांड क्षेत्र का विशेष सर्वे कराया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में बीसीसीएल किसी भी सरकारी सड़क, बिजली के खंभे या पाइपलाइन के पास कार्य शुरू करने से पहले प्रशासन से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेगा। नियमों का उल्लंघन होने पर संबंधित महाप्रबंधक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

डीवीसी कॉलोनी के आवास से सात की संख्या में कोबरा सांप का बच्चा सीआईएसएफ सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

कुमारधुबी : डीवीसी मैथन कॉलोनी के आवास संख्या 3B-1 में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब लगभग सात की संख्या में विषैला कोबरा सांप का बच्चा दिखाई दिया। सूचना मिलने पर सीआईएसएफ फायर वीग के जवान सी.के. शुक्ला मौके पर पहुंचे और सूझबूझ तथा सावधानी के साथ कोबरा का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाल के दिनों में डीवीसी मैथन कॉलोनी के विभिन्न आवासों में लगातार सांप निकलने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे कॉलोनीवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि बरसात के मौसम में सांप अक्सर सुरक्षित और सूखी जगह की तलाश में घरों की ओर रुख कर लेते हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने, घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, झाड़ियों की नियमित कटाई कराने तथा सांप दिखाई देने पर उसे स्वयं पकड़ने का प्रयास न कर तुरंत प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम या संबंधित विभाग को सूचना देने की सलाह दी गई है। सीआईएसएफ के जवान सी.के. शुक्ला द्वारा समय रहते किए गए सुरक्षित रेस्क्यू की।

आम जनता की समस्याओं के प्रति प्रशासन मौन, महीनों दौड़ने के बाद भी नहीं हो रहे काम

राजु मंडल

गांडेय : गांडेय प्रखंड के कार्यालयों में आम जनता की दुर्दशा और प्रशासनिक सुस्ती को लेकर फॉरवर्ड ब्लॉक ने मोर्चा खोल दिया है। पूर्व जिप सदस्य एवं फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने प्रखंड परिसर का दौरा किया और वहां मौजूद पीड़ितों की समस्याओं को सुनने के बाद स्थानीय प्रशासन पर जमकर निशाना साधा।

प्रशासनिक कार्यशैली पर उठाए सवाल

राजेश यादव ने कहा कि प्रखंड और अंचल कार्यालय में छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी लोगों को महीनों तक चक्कर काटने पड़ते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, लोकतंत्र में जनता मालिक होती है, लेकिन गांडेय प्रखंड परिसर का हाल देखकर लगता है कि यहां जनता को ही सेवक बनाकर रखा गया है। रिश्वतखोरी और टालमटोल के बिना कोई काम नहीं हो रहा है। निरीक्षण के दौरान महज एक घंटे के भीतर ही कई ऐसे मामले सामने आए, जो प्रशासन की विफलता को दशार्ते हैं, खतियानी जमीन पर फर्जी हुक्मनामा के खिलाफ जांच रिपोर्ट के लिए लोग पिछले 5 महीने से दौड़ रहे हैं। गुड्डू लाल राणा अपने राशन कार्ड की समस्या के समाधान के लिए दर-दर भटक रहे हैं। अर्जुन कोल और विष्णु कोल की जमीन की जमाबंदी होने के बाद भी रसीद नहीं काटी जा रही है। ईस तरह के दर्जनों मामले प्रखंड क्षेत्र से आते रहती है। राजेश यादव ने स्थानीय प्रशासन को चेतावनी दी है कि अपनी कार्यशैली में तत्काल सुधार लाएं और जनता के कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें।

यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो फॉरवर्ड ब्लॉक आम लोगों को एकजुट कर प्रखंड मुख्यालय के समक्ष जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होगा। मौके पर गुड्डू लाल राणा, पप्पू रविदास, मनोज रविदास, तालेश्वर रविदास, सालिक रविदास, होरिल रविदास, सुखदेव रविदास, विष्णु कोल, अर्जुन कोल समेत कई अन्य पीड़ित उपस्थित थे।

संपादकीय

गंभीर मामलों मे गिरफ्तारी पर मंत्री पद जाएगा

अभिमत

देश की राजनीति में जवाबदेही और पारदर्शिता लाने के मसले पर लंबे समय से बहस चलती रही है, लेकिन अब तक कोई ऐसा खाका सामने नहीं आ सका है, ताकि सिर्फ स्वच्छ छवि के लोगों को ही जनप्रतिनिधि बनने का अवसर मिले। आए दिन संसद और विधानसभाओं में आपराधिक पृष्ठभूमि से आने के बावजूद चुने गए जनप्रतिनिधियों की बढ़ती संख्या को लेकर चिंता तो जताई जाती है, मगर उसके हल को लेकर कोई ठोस पहल नहीं होती। संविधान के तहत केवल दोषी ठहराए गए जनप्रतिनिधियों को ही पद से हटाया जा सकता है और इस संबंध में संवैधानिक पद पर बैठे नेताओं को लेकर कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। इसी संदर्भ में केंद्र सरकार फिर से एक सौ तीसवें संविधान संशोधन विधेयक को संसद में पेश कर सकती है, जिसके तहत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या अन्य मंत्रियों को पांच साल से ज्यादा सजा के प्रावधान वाले गंभीर अपराधों के लिए गिरफ्तार किए जाने और लगातार तीस दिनों तक हिरासत में रखे जाने पर पद से हटाने का प्रस्ताव है। अगर विधेयक की जांच के बाद संयुक्त संसदीय समिति इसे अपनी मंजूरी दे देती है, तो संसद के मानसून सत्र में इस पर बहस की संभावना है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष अगस्त में केंद्रीय गृहमंत्री ने संसद में यह विधेयक पेश किया था। हालांकि, विपक्षी दलों की ओर से उठाई गई कई आपत्तियों के बाद इसकी जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया था, लेकिन कांग्रेस सहित ज्यादातर विपक्षी दलों ने अपनी चिंताओं को नजरअंदाज किए जाने की आशंका के मद्देनजर समिति का बहिष्कार कर दिया था। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारतीय राजनीति में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का बढ़ता दखल आज एक गंभीर समस्या बन चुका है। मौजूदा कानूनी प्रावधानों के तहत तकनीकी जटिलताओं का लाभ उठाकर कई बार ऐसे लोग भी चुनकर संसद या विधानसभाओं में आ जाते हैं, जिन पर जघन्य अपराधों में शामिल होने का आरोप होता है। अक्सर सामने आने वाली रिपोर्ट में खासी संख्या में दागी जनप्रतिनिधियों के विधायिका में पहुंचने का ब्योरा होता है, जिस पर सभी दल चिंता जताते हैं, लेकिन ऐसे लोगों को टिकट न देने को लेकर किसी के भीतर कोई इच्छाशक्ति नहीं दिखती। दूसरी ओर, चुनाव आयोग भी इस मसले पर कोई स्पष्ट रुख अख्तियार नहीं करता है।

इस लिहाज से देखें, तो सार्वजनिक जीवन में जवाबदेही बढ़ाने से लेकर लोकतंत्र में नैतिकता और शुचिता सुनिश्चित किए जाने के लिए एक सख्त नियमन वक्त की जरूरत है। मगर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि नया कानून देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर विपरीत प्रभाव डालने वाला न हो। दरअसल, विपक्षी दलों की ओर से प्रस्तावित कानून के प्रावधानों को अलोकतांत्रिक और संघीय ढांचे तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ बताया जा रहा है, जिसमें किसी आरोप के बाद दोषसिद्धि के बजाय सिर्फ हिरासत के आधार पर दंडित किए जाने की व्यवस्था है।

इतिहास

क्या-क्या हुआ

- 1456 उसकी मौत के पच्चीस साल बाद, जोन ऑफ आर्क को मरणोपरांत रेट्रियल में निर्दोष घोषित किया गया।
- 1456 उसकी मृत्यु के पच्चीस साल बाद, जोन ऑफ आर्क को मरणोपरांत रेट्रियल में विधर्मी घोषित किया गया।
- 1753 संसद के एक अधिनियम द्वारा ब्रिटिश संग्रहालय स्थापित किया गया।
- 1768 थॉमस मान के उपन्यास में जोहान बडेब्रुक की फर्म की स्थापना हुई
- 1770 लार्गा की लड़ाई में ओटोमन साम्राज्य और रूसी साम्राज्य हुआ। यह लड़ाई लारगा नदी के तट पर हुई थी। इस लड़ाई के परिणामस्वरूप रूसी सेना की निर्णायक जीत हुई।
- 1777 अमेरिकी रिवोल्यूशनरी वॉर-ब्रिटिश सेनाओं ने टिकरनडोगा से वापसी करने वाले अमेरिकन सैनिकों को पकड़ लिया और 200 से अधिक लोगों को पकड़ लिया।
- 1798 क्वासी-युद्ध, एक अघोषित युद्ध जो पूरी तरह से समुद्र में लड़ा गया था, उसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका ने फ्रांस के साथ अपनी संधियों को रद्द कर दिया था।
- 1834 न्यू यॉर्क सिटी में, उन्मूलनवादियों के खिलाफ दंगों की चार रातें, अफवाहों द्वारा भड़काती हैं कि वे दुराचार को प्रोत्साहित कर रहे थे।
- 1838 सेंट्रल अमेरिकन फेडरेशन भंग कर दिया।
- 1846 मैक्सिकन-अमेरिकी युद्ध-अमेरिकी सेनाओं का नेतृत्व कमोडोर जॉनडी ने किया। स्लोट ने मोन्टेरी पर कब्जा कर लिया, कैलिफोर्निया के उद्घोषणा की शुरूआत की।
- 1892 फिलीपीन क्रांतिकारी गुप्त समाज कतिपुनान की स्थापना मनीला में स्पेनिश विरोधी फिलिपिनो द्वारा की गई थी।
- 1898 संयुक्त राज्य अमेरिका ने हवाई द्वीप पर अधिकार किया।
- 1903 अंग्रेजों ने फुलानी साम्राज्य का खरीदा किया।
- 1917 संयुक्त राज्य अमेरिका में लायंस क्लब इंटरनेशनल की स्थापना की गयी
- 1937 जापानी सेना ने बीजिंग पर कब्जा कर लिया। यह लुगुओ पुल की लड़ाई के दौरान हुआ था। यह लड़ाई 2ल्लि खंस्त्रील्ली रो- चीनी युद्ध का हिस्सा थी।

कविता

मत स्वीकारो जाल

बंधन चाहे लाख हों, मत खोना विश्वास।
हिम्मत की तलवार से, लिख अपना इतिहास॥
झुकना यदि मजबूर हो, टूटे नहीं कमाल–
लंगड़ाकर चलना भला, मत स्वीकारो जाल॥

पैर कटे तो क्या हुआ, जीवित रहे उड़ान।
मन के पंखों से बड़ा, नहीं कोई वरदान॥
हिम्मत ही इंसान की, होती सौरभ ढाल–
लंगड़ाकर चलना भला, मत स्वीकारो जाल॥

सोने के पिंजरे भले, लगते हों आराम।
छीन स्वतंत्रता अगर, किस कामों के धाम॥
स्वाभिमान के सामने, फीका वैभव-भाल–
लंगड़ाकर चलना भला, मत स्वीकारो जाल॥

जो पराधीन हो गया, खो बैठा अधिकार।
अपनी इच्छा भी लगे, जैसे कोई भार॥
स्वतंत्रता का मूल्य है, जीवन का मंगल-पाल–
लंगड़ाकर चलना भला, मत स्वीकारो जाल॥

'सौरभ' सिर ऊँचा रहे, चाहे कठिन हो दौर।
स्वतंत्रता से बढ़ नहीं, कोई दूसरा और॥
जीवन की हर हार से, बेहतर ऊँचा भाल–
लंगड़ाकर चलना भला, मत स्वीकारो जाल॥

डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

लोक मुद्दा

पंजाब के बड़े राजनैतिक दलों में अस्थिरता का दौर

पंजाब विधान सभा चुनाव की आहट ने प्रदेश का सियासी पारा काफी बढ़ा दिया है।एक तरफ सभी दल चुनाव की तैयारियों में लगे हैं तो दूसरी तरफ कुछ माह पूर्व आम आदमी पार्टी में टूट के बाद अब पंजाब कांग्रेस के नये अध्यक्ष के नाम की घोषणा के बाद जिस तरह से पार्टी में कलह मची हुई है, वह कई सवाल खड़े कर रहा है,लेकिन यह सवाल किसी नीतिगत बहस या विकास के एजेंडे को लेकर नहीं, बल्कि दो प्रमुख दलों कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के भीतर मची भारी उथल-पुथल को लेकर है। राज्य की सत्ता की सीढ़ियां चढ़ने के लिए जहां कांग्रेस और आप को अपनी संगठनात्मक एकता प्रदर्शित करनी चाहिए थी, वहां ये दल अंदरूनी कलह, असंतोष और बगावत के भंवर में फंसते नजर आ रहे हैं।

अजय कुमार

फिलहाल, कांग्रेस और आप दोनों ही दल खुद को संभालने के बजाय एक-दूसरे की कमजोरियों का तमाशा देखने और भाजपा द्वारा रची जा रही सियासी बिसात का शिकार होने की ओर अग्रसर दिख रहे हैं। आने वाला समय ही बताएगा कि क्या ये दल संभल पाएंगे या फिर यह आंतरिक कलह उनके लिए चुनावी हार का मुख्य कारण बनेगी।

पंजाब की राजनीति के इतिहास में शायद ही ऐसा कोई दौर रहा हो, जहां प्रमुख विपक्षी दलों के भीतर इतना अधिक अविश्वास और बिखराव देखने को मिला हो, जैसा कि वर्तमान में दिखाई दे रहा है। कांग्रेस पार्टी के भीतर हालिया संगठनात्मक बदलावों ने आग में घी डालने का काम किया है। अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीपीसीसी) के अध्यक्ष पद पर बरकरार रखने का आलाकमान का निर्णय पार्टी के एक बड़े धड़े को रास नहीं आया है। इस निर्णय से नाराज पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी का मोरिंडा स्थित आवास पर किया गया शक्ति प्रदर्शन केवल एक विरोध नहीं, बल्कि पार्टी नेतृत्व के खिलाफ खुला विद्रोह है। चन्नी का यह कदम दर्शाता है कि कांग्रेस के भीतर सत्ता के अलग-अलग केंद्र बन चुके हैं, जो आपस में तालमेल बिठाने के बजाय एक-दूसरे को नीचा दिखाने में अधिक रुचि रखते हैं। जब एक पूर्व मुख्यमंत्री और दलित चेहरा माने जाने वाले नेता नेतृत्व के फैसलों पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाते हैं, तो इसका सीधा असर जमीनी स्तर के कार्यकताओं के मनोबल पर पड़ता है। यह कलह ऐसे समय में सामने आई है जब पार्टी को एकजुट होकर चुनाव की रणनीति बनानी चाहिए थी, लेकिन अब नेतृत्व का पूरा ध्यान अपने ही नेताओं को मनाने और पार्टी में फूट को रोकने पर केंद्रित हो गया है।

इसी बीच, कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हुई मुलाकात ने पंजाब के सियासी गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म कर दिया है। रंधावा ने इसे व्यक्तिगत या गैर-राजनीतिक मुलाकात करार दिया है, लेकिन राजनीति में गैर-राजनीतिक कुछ भी नहीं होता, विशेषकर चुनाव से ठीक पहले। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की ऐसी मेल-मुलाकातें अक्सर दल-बदल की पटकथा की ओर इशारा करती हैं। रंधावा का यह कदम न केवल पार्टी नेतृत्व के लिए एक संकेत है, बल्कि कार्यकताओं के बीच भ्रम और संदेह भी पैदा करता है। कांग्रेस पहले से ही पंजाब में

अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए जूझ रही है, और ऐसी घटनाओं से यह संदेश जा रहा है कि पार्टी के भीतर निष्ठा का संकट गहराता जा रहा है। दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी की स्थिति भी इससे भिन्न नहीं है। कुछ माह पूर्व आम आदमी पार्टी के भीतर जो बिखराव देखने को मिला, वह पार्टी के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं था।

राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा सहित आठ सांसदों का भाजपा में शामिल होना न केवल पार्टी के संख्याबल को कम करने वाला था, बल्कि यह पार्टी की विचारधारा और नेतृत्व क्षमता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगा गया। एक ऐसी पार्टी, जिसने भ्रष्टाचार के विरोध और विकल्प के तौर पर अपनी पहचान बनाई थी, उसके भीतर ही जब इतने बड़े पैमाने पर दल-बदल होता है, तो जनता के बीच यह संदेश जाता है कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व अपने कुनबे को एकजुट रखने में विफल रहा है। भाजपा का यह रणनीतिक कौशल कहा जाएगा कि वह कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ही दलों के असंतुष्ट नेताओं के लिए एक सुरक्षित ठिकाने के रूप में उभर रही है।

उधर, राजनीतिक विश्लेषकों का एक बड़ा वर्ग इस पूरी स्थिति को भाजपा की सोची-समझी सियासी चाल के रूप में देख रहा है। पंजाब में भाजपा का आधार हमेशा से सीमित रहा है, लेकिन कांग्रेस और आप के भीतर हो रही इस टूट-फूट का लाभ सीधे तौर पर भाजपा को मिल सकता है। भाजपा की रणनीति स्पष्ट है, वह विपक्षी दलों के असंतुष्ट नेताओं को अपनी ओर आकर्षित करके न केवल उन दलों को कमजोर कर रही है, बल्कि खुद को पंजाब में एक मजबूत और विश्वसनीय विकल्प के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रही है। जिन नेताओं को लगता है कि उन्हें उनकी वर्तमान पार्टियों में उचित सम्मान या पद नहीं मिल रहा है, वे भाजपा की ओर रुख कर रहे हैं। इससे विपक्ष का वोट बैंक बिखरता है और सत्ता विरोधी लहर का लाभ उठाने का अवसर भाजपा के पास बढ़ जाता है।पंजाब की यह वर्तमान स्थिति इस बात का प्रमाण है कि दलगत निष्ठाएं अब पहले जैसी नहीं रहीं। आज का नेता अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं और भविष्य की सुरक्षा को पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा से ऊपर रख रहा है। जब शीर्ष नेतृत्व अपने नेताओं की आकांक्षाओं को साधने में विफल रहता है, तो उसका परिणाम बगावत के रूप में ही सामने आता है। कांग्रेस और आप दोनों ही दल इस समय नेतृत्व के संकट से जूझ रहे हैं।

जहाँ कांग्रेस में एक मजबूत और स्वीकार्य चेहरे का अभाव है जो सभी गुटों को साथ लेकर चल सके, वहीं आम आदमी पार्टी के भीतर आंतरिक लोकतंत्र और संवाद की कमी साफ दिख रही है। चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। पंजाब की जनता को एक स्थिर और विकासोन्मुखी सरकार की आवश्यकता है, लेकिन पार्टियों का पूरा ध्यान केवल सत्ता के गणित को दुरुस्त करने और अपने घर को बचाने पर लगा है। कांग्रेस की आपसी कलह, रंधावा की संदिग्ध मुलाकातें और आप में हुई सेंधमारी यह स्पष्ट करती है कि पंजाब में अगले कुछ महीने बेहद अस्थिर रहने वाले हैं। जो पार्टी इन आंतरिक विरोधाभासों को जल्द से जल्द सुलझा लेगी और जनता के बीच एकजुटता का संदेश दे पाएगी, वही आगामी विधानसभा चुनाव में बाजी मार सकती है। लेकिन फिलहाल, कांग्रेस और आप दोनों ही दल खुद को संभालने के बजाय एक-दूसरे की कमजोरियों का तमाशा देखने और भाजपा द्वारा रची जा रही सियासी बिसात का शिकार होने की ओर अग्रसर दिख रहे हैं। आने वाला समय ही बताएगा कि क्या ये दल संभल पाएंगे या फिर यह आंतरिक कलह उनके लिए चुनावी हार का मुख्य कारण बनेगी।

लोक विचार

अचानक बंद होते ई रिक्शा

महेन्द्र तिवारी

भारत तेजी से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बढ़ रहा है और यह आवश्यक है कि यह यात्रा केवल हरित ऊर्जा की नहीं बल्कि सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल तकनीक की भी हो। तभी ई रिक्शा वास्तव में आम नागरिक के लिए सुरक्षित, विश्वसनीय और भविष्य उन्मुख परिवहन का माध्यम बन सकेंगे।

हाल के दिनों में ई रिक्शा से जुड़ी एक ऐसी घटना सामने आई जिसने तकनीक, सड़क सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को लेकर नई बहस छेड़ दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में कुछ लोग मोबाइल फोन पर एक ऐप का उपयोग करके चलते हुए ई रिक्शों को अचानक रोकते दिखाई दिए। पहले इसे सामान्य शरारत या इंटरनेट पर लोकप्रिय होने की कोशिश माना गया, लेकिन जैसे जैसे अधिक वीडियो सामने आए और चालकों की शिकायतें बढ़ीं, मामला प्रशासन और सरकार के संज्ञान में पहुंच गया। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार BAT इटर नामक एक मोबाइल ऐप, जो मूल रूप से ब्लूटूथ आधारित लिथियम बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम की निगरानी के लिए बनाया गया था, उसका दुरुपयोग कुछ लोगों द्वारा किया जा रहा था। इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि डिजिटल सुविधाओं से लैस आधुनिक वाहन केवल यांत्रिक प्रणाली नहीं रह गए हैं बल्कि वे साइबर सुरक्षा से भी सीधे जुड़े हुए हैं।

भारत में ई रिक्शा लाखों लोगों की आजीविका का साधन हैं। छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक ये सस्ती, सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन सेवा प्रदान करते हैं। हजारों परिवारों की रोजी रोटी इन वाहनों पर निर्भर है। ऐसे में यदि कोई तकनीकी कमजोरी इन वाहनों को अचानक बीच सड़क पर रोक सकती है तो यह केवल चालक की परेशानी नहीं बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा का भी गंभीर प्रश्न बन जाता है। किसी व्यस्त चौराहे, फ्लाईओवर या बाजार में अचानक रुक जाने वाला वाहन दुर्घटना का कारण बन सकता है। यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है और चालक की दैनिक आय भी प्रभावित होती है।

BAT इटर जैसे ऐप का मूल उद्देश्य बैटरी की स्थिति पर नजर रखना है। आधुनिक लिथियम आयन बैटरियों में बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम लगाया जाता है जो बैटरी के तापमान, वोल्टेज, चार्ज और डिस्चार्ज जैसी जानकारियों की निगरानी करता है। कई कंपनियां सुविधा के लिए इन प्रणालियों में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी भी देती हैं ताकि मोबाइल फोन के माध्यम से उपयोगकर्ता बैटरी की जानकारी देख सके। सामान्य परिस्थितियों में यह एक उपयोगी सुविधा है क्योंकि इससे बैटरी की स्थिति का पता चलता रहता है और रखरखाव आसान हो जाता है। लेकिन यदि इस कनेक्टिविटी में पर्याप्त सुरक्षा न हो तो वही सुविधा जोखिम में बदल सकती है।

तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि वायरल घटनाओं में सभी ई रिक्शा प्रभावित नहीं हुए बल्कि केवल वे वाहन प्रभावित होने की संभावना रखते हैं जिनमें विशेष प्रकार का ब्लूटूथ आधारित बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम लगा था। रिपोर्टों के अनुसार यह ऐप इंटरनेट के माध्यम से दूर बैठे व्यक्ति द्वारा पूरे शहर के वाहन बंद नहीं करता, बल्कि सीमित ब्लूटूथ दूरी के भीतर उपलब्ध असुरक्षित बैटरियों से जुड़ सकता है। यदि किसी बैटरी में मजबूत प्रमाणीकरण या पासवर्ड सुरक्षा नहीं है तो अनधिकृत व्यक्ति उससे कनेक्ट होकर कुछ नियंत्रण संबंधी कमांड भेज सकता है। इसका अर्थ यह है कि समस्या का केंद्र कमजोर साइबर सुरक्षा है, न कि कोई रहस्यमय दूरस्थ हैकिंग।

सोशल मीडिया ने इस पूरे मामले को और गंभीर बना दिया। कुछ लोगों ने इसे मनोरंजन का साधन समझकर वीडियो बनाए और साझा किए। लेकिन ऐसे वीडियो देखते ही देखते हजारों लोगों तक पहुंच गए और कई युवाओं ने इसे दोहराने की कोशिश की। इंटरनेट पर लोकप्रियता पाने की होड़ में यह भूल गया कि जिस वाहन को रोका जा रहा है उसके भीतर यात्री बैठे हैं और चालक की आजीविका उससे जुड़ी है। सड़क पर चलती गाड़ी को अचानक रोक देना किसी मजाक की श्रेणी में नहीं आता बल्कि इससे गंभीर दुर्घटना भी हो सकती है। इसी कारण पुलिस और प्रशासन ने ऐसी गतिविधियों को कानून के दायरे में लाने की चेतावनी दी है।

इस विवाद के सामने आने के बाद सरकार ने भी तेजी से कदम उठाए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार संबंधित ऐप और उससे जुड़े कुछ अन्य माध्यमों पर कार्रवाई की गई तथा जांच शुरू की गई कि वास्तव में यह ऐप किन परिस्थितियों में वाहनों को प्रभावित कर सकता है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि कहीं कमजोर सुरक्षा वाले बैटरी प्रबंधन सिस्टम या बिना प्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक मॉड्यूल तो इस समस्या की जड़ नहीं हैं। सरकार का उद्देश्य केवल एक ऐप पर कार्रवाई करना नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि भविष्य में ऐसी कमजोरियां दोबारा सामने न आएं। यह घटना भारत में तेजी से बढ़ रहे कनेक्टेड वाहनों की दुनिया के लिए भी चेतावनी है।

हिमाचल में चोटियों पर हिमपात और वर्षा से गिरा तापमान, भारी बारिश का अलर्ट

प्रदेश की ऊंची चोटियों रोहतांग, शिंकुला, बारालाचा में हल्का हिमपात हुआ है। जबकि प्रदेश में कई स्थानों पर वर्षा हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी किए गए ताज पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार को प्रदेश के तीन जिलों लाहुल स्पीति, किन्नौर और ऊना को छोड़ बाकी जिलों में भारी वर्षा को लेकर आरेंज व यलो अलर्ट जारी किया गया है। भारी वर्षा की चेतावनी के बीच सुंदरनगर मं 31.2, नाहन में 14.8, शिमला में 13, सोलन में 9, मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के दौरान सबसे अधिक वर्षा जोगिंद्रनगर में 97, कांगड़ा में 74, पालमपुर में 74 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

सीतापुर में बिना लेआउट पास कराए हो रही प्लॉटिंग पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर, 13 बीघा जमीन पर हुई कार्रवाई

एजेंसी सीतापुर

मिरदही टोला में बिना लेआउट पास कराए की जा रही प्लाटिंग को प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त करा दिया। यहां पर करीब 13 बीघा भूमि पर बिना लेआउट को स्वीकृत कराए अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। भूमि की कीमत 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। विनियमित क्षेत्र में की जा रही इस अवैध प्लाटिंग की जानकारी तहसील प्रशासन को लगी तो जांच करना शुरू किया। इसमें बिना मानचित्र स्वीकृत कराए प्लाटिंग कराए जाने की पुष्टि हुई। इस पर नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडेय के निर्देश पर विनियमित क्षेत्र की टीम और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर से अवैध निर्माण और प्लाटिंग के लिए किए गए विकास कार्यों को ध्वस्त कर दिया। पुराने सीतापुर में कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए इसके लिए पर्याप्त पुलिसबल को तैनात कराया गया था। पुलिस के जवानों ने पहले चारों ओर से क्षेत्र को घेर लिया। इसके बाद बुलडोजर से प्लाट के लिए लगाई गई ईंटों, आरसीसी रोड को तोड़ दिया गया। विनियमित क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई से अन्य जमीन कारोबारियों में भी हड़कंप मच गया है। शहर के सीमावर्ती क्षेत्र में कांशीराम कालोनी के पास लेकर खैराबाद तक अनेक स्थानों पर प्लाटिंग की जा रही है।

अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस में 38 दोषियों की फांसी बरकरार

गुजरात हाईकोर्ट का फैसला, 11 को उम्रकैद; 18 साल पहले 70 मिनट में 21 धमाके हुए थे

अहमदाबाद।

गुजरात हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2008 के अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट मामले में स्पेशल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। निचली अदालत ने फरवरी 2022 में 38 दोषियों को फांसी और 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

दोषियों ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। आज जस्टिस एवाई कोगजे और समीर दवे की बेंच ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर सभी अपीलों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े लोगों की सजा को सही ठहराया।

कोर्ट ने सरकार को 56 मृतकों के परिजन को 10-10 लाख रुपए और 200 से ज्यादा घायलों को 1-1 लाख रुपए मुआवजा देने का निर्देश भी दिया। कोर्ट ने कहा कि मुआवजा राशि का भुगतान 30 मार्च 2027 तक कर दिया जाए।

2009 में ट्रायल की शुरुआत, लॉकडाउन में भी सुनवाई

धमाकों के बाद पुलिस ने अहमदाबाद की सभी ब्लास्ट साइट्स और सूरत में मिले बमों के मामलों में अलग-अलग एफआईआर दर्ज कीं। बाद में करीब 35 मामलों को मिलाकर एक बड़ा केस बनाया गया।

सभी मामलों को एक साथ जोड़ने के बाद 2009 में इस केस का ट्रायल शुरू हुआ। जांच और अदालत की सुनवाई 12 साल तक चली। करीब 80 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चला। कोरोना के समय भी सुनवाई बंद नहीं हुई।

प्रॉसिक्यूशन ने जज एआर पटेल की अदालत में 1,100 से ज्यादा गवाहों के बयान दर्ज कराए। कोर्ट में 6,000 से अधिक दस्तावेज पेश किए गए। मामले में 5,47 चार्जशीट के कुल 3,47,800 पन्ने दाखिल किए गए, जबकि सिर्फ मुख्य चार्जशीट ही 9,800 पन्नों की थी।

ब्लास्ट में इंडियन मुजाहिदीन का हाथ था

जांच के दौरान पुलिस ने दावा किया कि धमाकों के पीछे आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन और प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया से जुड़े लोगों का हाथ था। इसे 2000 के दशक में बनाया गया था।

हाफिज सईद ने ही पहलगाम हमले की साजिश रची

पहलगाम हमले पर ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की। एजेंसी ने कहा कि बैसरनघाटी में हुए आतंकी हमले की साजिश लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद ने ही रची थी। एनआईए ने हाफिज पर भारत के खिलाफ जंग छेड़ने का आरोप लगाया है। 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में फायरिंग की थी।

जालंधर में एक्टिवा के लिए खरीदा 8.52 का वीआईपी नंबर

एजेंसी जालंधर

जालंधर में फैंसी नंबरों का क्रेज किसी से छिपा नहीं है। रीजनल परिवहन कार्यालय की ओर से आयोजित ऑनलाइन ई-ऑक्शन में इस बार PB 08 GA सीरीज के 0001 नंबर के लिए सबसे अधिक 8 लाख 52 हजार 500 रुपए की बोली लगी। यह नंबर किसी लग्जरी कार नहीं, बल्कि एक्टिवा के लिए खरीदा गया है। अभी एक्टिवा का ऑन रोड प्राइस करीब 1.10 लाख रुपए है। यानी बोली लगी रकम से करीब 8 एक्टिवा खरीदी जा सकती थीं। वहीं, ई-ऑक्शन में 0007 नंबर 3 लाख 11 हजार रुपए, 0005 नंबर 2 लाख 83 हजार रुपए, 0008

नंबर 2.50 लाख रुपए, जबकि 0002, 0003, 0006 और 0009 नंबर 2-2 लाख रुपए में बिके।

सीरीज के नंबर लाखों रुपए में बिक रहे

पिछले महीनों से लगातार 000 सीरीज के नंबर लाखों रुपए में बिक रहे हैं। हालांकि ऑक्शन में 8 लाख रुपए से ज्यादा कीमत में भी नंबर बिके हैं, लेकिन पिछले महीनों के मुकाबले यह ऑक्शन सबसे बेहतर रहा। इससे पहले क्क08 र्स्ं सीरीज का 0001 नंबर 8 लाख 61 हजार रुपए में नीलाम हुआ था।

0001 नंबर 8,500 रुपए कम कीमत पर बिका

मौजूदा सीरीज का 0001 नंबर उससे महज 8,500 रुपए कम कीमत पर बिका। आरटीओ अधिकारियों के अनुसार, इच्छुक वाहन मालिक पोर्टल पर बोली लगाते हैं। सबसे अधिक बोली लगाने वाले को संबंधित नंबर आवंटित किया जाता है।

इस बार यूरोप नहीं, एशिया बना भारतीयों की पसंद

थाईलैंड-वियतनाम-जापान की बुकिंग तेज, यूरोप की महंगी फ्लाइट्स से बदला ट्रैवल ट्रेंड

एजेंसी नई दिल्ली

इस बार गर्मियों की छुट्टियों में भारतीय पर्यटक यूरोप के बजाय एशियाई देशों की सैर करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण यूरोप जाने वाली उड़ानों का महंगा किराया, गर्मी और पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के कारण उड़ानों के रास्ते को लेकर चिंता है।

वहीं, एशियाई देशों के लिए कम समय की उड़ानें, कम खर्चा और वीजा के आसान नियमों ने ध्यान तेजी से आकर्षित किया है।

एशिया के लिए फैमिली बुकिंग सालाना आधार पर 30-40% बढ़ी

ओमान- जनवरी-मई महीने में 3.31 लाख भारतीय पहुंचे। एशिया के लिए फैमिली बुकिंग सालाना आधार पर 30-40त्न बढ़ी है। मई-जून 2026 में कुल बुकिंग में 25-35त्न का उछाल आया है। इस अवधि में यूरोप में 10-15त्न की कमी दर्ज की गई है।

भारतीय पर्यटकों को लुभाने की कोशिश कर रहे पश्चिम एशिया के कई देश

: पश्चिम एशिया में पिछले चार महीनों से जारी संघर्ष के कारण पर्यटन क्षेत्र पर बुरा असर पड़ा था। अब इसे फिर से पटरी पर लाने के लिए यूएई, सऊदी अरब और ओमान जैसे देश भारतीय पर्यटकों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। ये देश भारत के लिए आकर्षक ट्रैवल ऑफर और प्रमोशन ला रहे हैं साथ ही एयरलाइंस के साथ मिलकर फ्लाइटों की संख्या भी बढ़ा रहे हैं। यूएई के रास अल खैमाह टूरिज्म डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुताबिक 2030 तक हर साल 35 लाख विजिटर्स लाने का लक्ष्य है।

पश्चिम बंगाल के बारुईपुर में 12 साल की बच्ची के गैंगरेप और हत्या का मामला

बारुईपुर में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं टीएमसी की बागी सांसद सायोनी घोष, लोगों ने लगाए गद्दार-बेईमान के नारे

एजेंसी कोलकाता

डिजिटल डेस्क, कोलकाता। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में 12 साल की बच्ची के साथ गैंगरेप और हत्या का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। इस मामले में पीड़ित परिवार से तृणमूल कांग्रेस की बागी सांसद सायोनी घोष भी पहुंचीं।

सायोनी घोष जब बारुईपुर पहुंचीं, तब भीड़ में शामिल लोग गद्दार और बेइमान के नारे लगाते नजर आए। इसके साथ ही लोगों ने उनके ममता बनर्जी से अलग होने की आलोचना भी की

सायोनी घोष को लोगों ने कहा- गद्दार

भीड़ ने सायोनी घोष के खिलाफ ये नारे ममता बनर्जी का साथ छोड़कर दूसरे बागी नेताओं के साथ जाने पर निशाना साधते हुए लगाए।

सायनी घोष उन 19 टीएमसी नेताओं में शामिल थीं जो हाल ही में मदन मित्रा के नेतृत्व वाले बीजेपी में शामिल हुए। इस दल-बदल ने राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया, खासकर उन इलाकों में जहां टीएमसी की पकड़ मजबूत है।

पुलिस ने शुरुआत में उनसीपीआई प्रतिनिधिमंडल को इलाके में घुसने से रोका, लेकिन बाद में कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें आगे बढ़ने दिया।

बारुईपुर गैंगरेप की घटना पर बोलीं सायोनी घोष

सायोनी घोष ने विरोध के बावजूद कहा, %ऐसे अपराधों के बाद सरकार की प्रतिक्रिया पर ध्यान देना जरूरी है। हर कोई चाहता है कि कड़ी से कड़ी सजा मिले। अहम बात यह है कि ऐसी घटना के बाद कितनी जल्दी न्याय मिलता है।

घोष ने कहा, यह अपराध बहुत परेशान करने वाला है। ऐसा लगता है जैसे यह मेरी अपनी बेटी के साथ हुआ हो। हमने परिवार को भरोसा दिलाया है कि हम हर तरह से उनके साथ खड़े रहेंगे। सायोनी घोष ने दोषियों के लिए सबसे कड़ी सजा की मांग की।

बारुईपुर गैंगरेप मामला

4 जुलाई को लापता हुई 12 साल की लड़की का शव रविवार को सूर्यपुर हाट इलाके में एक बोरी में भरा हुआ मिला। बाद में सामने आए फुटेज में बच्ची को गायब होने से कुछ देर पहले आरोपी के साथ चलते हुए देखा गया।

शव मिलने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। अपराध में शामिल होने के शक में गुस्साई भीड़ ने एक आरोपी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने अब तक रेप और हत्या के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

देशभर में बढ़ते विवाद के बीच बिना इथेनोल वाले पेट्रोल का विकल्प दे सकता है केंद्र, विमर्श जारी

एजेंसी नई दिल्ली

नई दिल्ली। इथेनोल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) को लेकर देशभर में बढ़ते विवाद और उपभोक्ताओं की शिकायतों (माइलेज में कमी, ईंजन में संभावित समस्या) के बीच केंद्र सरकार पेट्रोल पंपों पर बिना इथेनोल वाले सामान्य पेट्रोल का विकल्प उपलब्ध कराने की संभावना पर गंभीरता से विचार कर रही है।

इस बारे में सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में विमर्श जारी है। तेल मार्केटिंग कंपनियों से भी उनके सुझाव लिए गए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारियों और सरकारी तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के प्रतिनिधियों के अनुसार, इस प्रस्ताव को लागू करने में सबसे बड़ी बाधा कीमत निर्धारण तय करने को लेकर आ सकती है, जिसका समाधान निकालना है। साथ ही पेट्रोल पंपों पर बगैर मिश्रण वाले पेट्रोल के अतिरिक्त डिस्पेंसर लगाने की व्यवस्था भी करनी होगी। दरभंगा में खेत की जोताई के दौरान गिरी आकाशीय बिजली, किसान की हसनपुर में बड़ा खुलासा! सरकारी जमीन

का खेल खुला तो कांपने लग अखिलेश यादव पर आरोप लगाने वाले भाजपा सांसद निशिकांत पर दर्ज टनकपुर-नांदेड़ एक्सप्रेस बनी उत्तर-दक्षिण भारत की नई पहचान, निरसा फ्लाईओवर पर सियासत तेज- सांसद ढुलू महतो का आरोप- विधायक अयोध्या में लोगों की आस्था बरकरार, रामलला के दरबार में उमड़ राम मंदिर चंदा चोरी विवाद पर रूक्क में गरमाई सियासत, कांग्रेस न नेपाल के ऑटो बाजार में चीनी का दबदबा, भारतीय कंपनियों के पलवल के लिए अच्छी खबर, 522 करोड़ की रेनीवेल परियोजना में आई दरभंगा में खेत की जोताई के दौरान गिरी आकाशीय बिजली, किसान की हसनपुर में बड़ा खुलासा!

ब्रीफ न्यूज

भगोड़े नीरव मोदी को जल्द लाया जाएगा भारत

लंदन। भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता अब साफ हो गया है। नीरव मोदी यूरोपीय मानवाधिकार अदालत में अपना आखिरी केस भी हार गए हैं। जिसके बाद उसको भारत लाने यानी प्रत्यर्पण के मामले में बची आखिरी कानूनी बाधा भी दूर हो गई है। यूके की अदालतों में अपील के सभी रास्ते बंद होने के बाद नीरव मोदी ने अप्रैल 2026 में यूरोपीय मानवाधिकार अदालत का दरवाजा खटखटाया था। यूरोपीय अदालत से भी नीरव मोदी को कोई राहत नहीं मिली है, जिससे अब उसके पास अपने प्रत्यर्पण का विरोध करने के लिए कोई भी कानूनी विकल्प नहीं बचा है। कानूनी प्रक्रिया पूरी तरह समाप्त होने के बाद, यूके सरकार ने नीरव मोदी को भारतीय अधिकारियों को सौंपने की प्रोसेस शुरू कर दी है। अब नीरव मोदी को किसी भी समय भारत लाया जा सकता है। नीरव मोदी मार्च 2019 से लंदन की एचएमपी वांड्सवर्थ जेल में बंद है। सीबीआई और ईडी, पंजाब नेशनल बैंक के कई हजार करोड़ रुपए के घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उसके प्रत्यर्पण की कोशिश कर रहे हैं।

अंटार्कटिका में मिला पहला डायनासोर की पूंछ का जीवाश्म

लंदन। अंटार्कटिका के बर्फीले महाद्वीप में वैज्ञानिकों को पहली बार डायनासोर की पूंछ की हड्डी मिली है। इसमें हैरतअंगेज बात ये है कि यह हड्डी 40 साल तक ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वे (बीएएस) के संग्रह में एक दराज में पड़ी रही। वैज्ञानिकों ने पहले इसे एक साधारण समुद्री जीव का अवशेष मान लिया था। अब यह पूंछ पृथ्वी के प्राचीन रहस्यों को उजागर करने में मदद करेगी। यह जीवाश्म वर्ष 1985 में अंटार्कटिका के जेम्स रॉस द्वीप से मिला था। उस समय के वैज्ञानिक इस हड्डी की वास्तविक पहचान नहीं कर पाए थे। चूंकि अंटार्कटिका में डायनासोर के जीवाश्म बेहद दुर्लभ हैं, इसलिए उस वक्त इसे किसी समुद्री जीव की हड्डी मान लिया गया और ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वे के विशाल संग्रह में रख दिया गया। इसके बाद यह सालों तक वहीं गुमनाम पड़ा रहा। हाल ही में, ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वे के संग्रह प्रबंधक डॉ. मार्क इवांस पुराने नमूनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नज़र इस विशेष जीवाश्म पर पड़ी। करीब से देखने पर उन्हें संदेह हुआ कि यह किसी समुद्री जीव की हड्डी नहीं, बल्कि एक डायनासोर की हड्डी हो सकती है।

करीब 20 साल बाद बड़ा फैसला

हमास ने गाजा की प्रशासनिक सत्ता छोड़ी

गाजा। हमास ने लगभग दो दशक तक गाजा पट्टी का प्रशासन संभालने के बाद बड़ा राजनीतिक फैसला लेते हुए अपने शासकीय निकाय को भंग करने की घोषणा की है। इस कदम के साथ अब गाजा के नागरिक प्रशासन की जिम्मेदारी एक स्वतंत्र तकनीकी विशेषज्ञों की समिति को सौंपने का रास्ता साफ हो गया है। इस फैसले को क्षेत्र की राजनीति और शांति प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है। हमास ने वर्ष 2007 में प्रतिद्वंद्वी संगठन फतह को सत्ता से हटाकर गाजा पर नियंत्रण स्थापित किया था और तभी से वह वहां का वास्तविक शासक रहा है। संगठन के प्रवक्ता हाजिम कासिम ने कहा कि गाजा के प्रशासन से हटने का उद्देश्य उन बहानों को खत्म करना है, जिनके आधार पर इजरायल सैन्य कार्रवाई जारी रखने की बात करता रहा है। उन्होंने कहा कि हमास नई प्रशासनिक व्यवस्था को सफल बनाने के लिए अपने सरकारी दायित्व सौंपने को तैयार है। रिपोर्ट के अनुसार, गाजा का दैनिक प्रशासन अब नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ गाजा नामक तकनीकी समिति संभालेगी। यह समिति नागरिक सेवाओं, प्रशासन और पुनर्निर्माण जैसे कार्यों पर ध्यान देगी। हालांकि, सबसे बड़ा सवाल अब भी हमास के हथियारों और उसके सैन्य ढांचे को लेकर बना हुआ है, जिस पर अभी कोई अंतिम सहमति नहीं बन सकी है।

लंदन में पीओके की आजादी के लिए निकला मिलियन मार्च

भारत और खासकर श्रीनगर के लोगों से आंदोलन का समर्थन करने की अपील

लंदन। यूके में रह रहे हजारों कश्मीरियों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में मानवाधिकारों के उल्लंघन और राजनीतिक कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ एक बड़ा विरोध मार्च निकाला। हजारों लोगों ने लंदन कश्मीर मिलियन मार्च में हिस्सा लिया, उन्होंने पार्लियामेंट स्क्वायर से पाकिस्तानी हाई कमीशन तक मार्च निकाला। मार्च में प्रदर्शनकारियों ने आजादी के समर्थन में नारे लगाए और जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के प्रमुख शौकत नवाज मीर और अन्य राजनीतिक नेताओं की गिरफ्तारी की निंदा की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जम्मू-कश्मीर नेशनल इंडिपेंडेंस अलायंस के चेयरमैन महमूद कश्मीरी ने कहा कि हजारों लोग पाकिस्तानी हाई कमीशन के बाहर जमा हुए हैं और दुनिया भर में कश्मीरी पाकिस्तानी फोर्स के खिलाफ और उनके जुल्म और नाइंसाफी के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। हम किसी भी हालत में पाकिस्तान के सामने घुटने नहीं टेकेंगे और इस जुल्म और अत्याचार के खिलाफ अपना आंदोलन जारी रखेंगे। बता दें पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सरकार विरोधी जनआंदोलन को दबाने के लिए इस्लामाबाद पर लगातार सख्त और अमानवीय कदम उठाने के आरोप लग रहे हैं। इस बीच जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के प्रमुख सदस्यों में शामिल सरदार अमन खान ने एक वीडियो संदेश जारी कर विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों से शामिल होने की अपील की। उन्होंने भारत के नागरिकों, खासकर श्रीनगर के लोगों से भी आंदोलन के समर्थन की अपील की है। सरदार अमन खान ने कहा कि वह कश्मीर घाटी के लोगों खासकर श्रीनगर के लोगों से बात कर रहे हैं। हम राजौरी, जम्मू, लद्दाख, करगिल, गिलगित-बाल्टिस्तान और पूरे राज्य के लोगों से बात कर रहे हैं। पीओके को दबाव और दमन का सामना करते हुए करीब एक महीना हो गया है। अपने बुनियादी अधिकारों की मांग करने पर लोगों के साथ जो जुल्म, अन्याय, नरसंहार और सैन्य आक्रामकता हो रही है, वह चरम पर है।

भारत ने पानी रोका, अब मौसम की मार झेल रहा पाकिस्तान

इस्लामाबाद

भारत और पाकिस्तान के बीच जल विवाद लगातार बढ़ रहा है। एक साल पहले भारत द्वारा सिंधु जल समझौते को स्थगित किए जाने के बाद से पाकिस्तान में हालात काफी खराब हैं, और मौजूदा गंभीर अल-नीनो संकट ने उसकी मुश्किलों को और भी बढ़ा दिया है। पाकिस्तान की ओर से इस मुद्दे पर कई बार बयानबाजी की जा रही है, लेकिन भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक आतंकवाद जारी रहेगा, पाकिस्तान को जल आपूर्ति बंद रहेगी। इस साल पूरी दुनिया गंभीर अल-नीनो से जूझ रही है, जिसके कारण न केवल तापमान में वृद्धि हुई है, बल्कि अतिवृष्टि और अल्पवृष्टि का संकट भी गहरा गया है। ऐसे में सिंधु जल समझौते के स्थगित होने से पाकिस्तान को न तो भारत से जल मिल रहा है और न ही सिंधु बेसिन की नदियों में जल स्तर संबंधी कोई सूचना मिल पा रही है। भारत अपने विवेक के अनुसार जल बढ़ने पर छोड़ रहा है और कम होने पर रोक रहा है। पाकिस्तान की अपनी जल प्रबंधन क्षमता की कमी और सीमित जल भंडारण क्षमता भी उसकी समस्याओं को बढ़ा रही है। पाकिस्तान में जल संकट इतना गहरा गया है कि उसके नेता अब युद्ध और परमाणु हमले जैसी बातें कर रहे हैं। हालांकि, ऑपरेशन सिंदूर में मात खा चुके पाकिस्तान को इस बात का भी अंदाजा है कि अगर उसने कोई भी गलती की तो भारत का पलटवार उसके लिए



बेहद भारी पड़ेगा। इस संदर्भ में, पाकिस्तान में किदवई डॉक्ट्रिन की भी काफी चर्चा है, जो पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के उपयोग से जुड़ी कुछ स्थितियों का उल्लेख करती है। पाकिस्तान में इस तरह की कई चिंताजनक स्थितियां बन रही हैं, पर उसे यह भी ज्ञात है कि भारत को उसके उन ठिकानों की जानकारी है जहां वह सटीक पलटवार कर उसकी रीढ़ तोड़ सकता है। इसलिए सिर्फ बयानबाजी करना एक बात है और वास्तव में कोई कदम उठाना दूसरी। दूसरी ओर, भारत ने सिंधु बेसिन में अपनी तैयारियां काफी मजबूत की हैं। वह न केवल जल भंडारण क्षमता बढ़ा रहा है, बल्कि अपने क्षेत्रों में जल का अधिकतम उपयोग भी कर रहा है। भारत ने चेनाब नदी पर दुलहस्ती बांध जल विद्युत परियोजना में 70 मीटर ऊंचे और 186 मीटर लंबे बांध में गाद हटाकर और सुरंगों के जरिए अपनी जल भंडारण क्षमता में वृद्धि की है। शाहपुर कंडी बांध परियोजना के पूरा होने पर रावी नदी का अतिरिक्त जल पाकिस्तान की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि इसे जम्मू-कश्मीर के कठुआ और सांबा जिलों में मोड़ दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, चेनाब-व्यास नहर सुरंग के माध्यम से चेनाब का जल व्यास नदी में लाया जाएगा। ये परियोजनाएं भारत की जल सुरक्षा और क्षेत्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, जबकि पाकिस्तान को अपनी बढ़ती जल आवश्यकताओं और बिगड़ते मौसम के पैटर्न के बीच गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

25 साल में एक अरब नई आबादी होगी शहरी, हर दो महीने में बसेगा नया शहर

न्यूयॉर्क। दुनिया में शहरीकरण की प्रक्रिया तेजी से बढ़ रही है और अगले 25 सालों में एक अरब लोग शहरों में बस जाएंगे। यह स्थिति ऐसी होगी मानो हर दो महीने में न्यूयॉर्क जैसा एक नया महानगर बन जाएगा। ऑस्ट्रिया स्थित कॉम्प्लेक्सिटी साइंस हब द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में यह चौंकाने वाला अनुमान लगाया है। इस अध्ययन के मुताबिक 2100 तक वैश्विक आबादी का 38 फीसदी हिस्सा दस लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले बड़े शहरों में निवास कर रहा होगा।

शोधकर्ताओं ने बताया कि जहां 1975 में वैश्विक आबादी का केवल 11 फीसदी हिस्सा ही ऐसे बड़े शहरों में रहता था, वहीं वर्तमान में यह आंकड़ा बढ़कर 24 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है। रिसर्च दल में शामिल एंड्रिया मूसो ने इस विकास के लिए बुनियादी ढांचे, आवास, परिवहन, ऊर्जा और जलवायु अनुकूलन से संबंधित निर्णयों की अहम भूमिका पर जोर दिया। उनका कहना है कि ये कारक ही तय करेंगे कि लोग कहां रहना पसंद करेंगे और शहरों का विस्तार कैसे होगा। अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि जिन देशों में शहरीकरण की शुरुआत हो रही है, विशेषकर एशिया और अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में, वहां छोटे शहरों की तुलना में बड़े महानगर बहुत तेजी से विकसित हो रहे हैं। इन क्षेत्रों में लोग बेहतर शिक्षा, रोजगार के अवसर और स्वास्थ्य सहित अन्य सुविधाओं की उपलब्धता के कारण बड़े शहरों का रुख कर रहे हैं। 1975 से 2025 के बीच ऐसे देशों में दस लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की जनसंख्या वृद्धि दर राष्ट्रीय औसत से करीब 7.3 फीसदी अधिक रही है। हालांकि, यूरोप और अमेरिका जैसे अत्यधिक शहरीकृत देशों में बड़े और छोटे शहरों की जनसंख्या वृद्धि दर लगभग समान रही है। एंड्रिया मूसो ने यह भी अनुमान लगाया कि उनके मॉडल के आधार पर मौजूदा रुझानों के बावजूद 2100 तक दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में रहने वाले लोगों की संख्या में लगभग 45 करोड़ की कमी आ सकती है। यह संख्या अमेरिका की वर्तमान आबादी से भी कहीं ज्यादा है। यह दर्शाता है कि शहरों की विकास दर अंततः एक स्थिरता की ओर बढ़ सकती है। इस व्यापक अध्ययन में 1975 से 2025 के बीच 99 देशों की शहरी आबादी में वृद्धि दर का आकलन करने के लिए उपग्रह डेटा और जनगणना संबंधी आंकड़ों का गहन विश्लेषण किया गया, जो 2025 में वैश्विक आबादी का 94 फीसदी प्रतिनिधित्व करते हैं।

बेहतर शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं के कारण बड़े शहरों का रुख कर रहे लोग

ट्रंप-पुतिन बातचीत के बाद भी नहीं थमा युद्ध

कीव पर रूस ने किया बड़ा हमला, 8 घायल

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच पिछले चार वर्षों से जारी युद्ध एक बार फिर तेज हो गया है। सोमवार तड़के रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव और आसपास के क्षेत्रों पर बैलिस्टिक मिसाइलों से बड़ा हमला किया। इस हमले में कम से कम आठ लोग घायल हो गए और कई जगह भीषण आग लग गई। हमले के दौरान शहर में लगातार धमाकों की आवाजें सुनाई दीं और लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा।

यह हमला उस समय हुआ जब कुछ ही घंटे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच लगभग 90 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई थी। दोनों नेताओं ने यूक्रेन युद्ध को खत्म करने और संभावित शांति विकल्पों पर चर्चा की थी। बातचीत में ट्रंप ने युद्ध रोकने की इच्छा जताई, जबकि पुतिन ने इसे राजनीतिक और कूटनीतिक तरीके से हल करने की बात कही। इसके तुरंत बाद रूस की ओर से कीव पर यह बड़ा हमला हुआ, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। कीव प्रशासन के अनुसार रूस ने बैलिस्टिक मिसाइलों की कई लहरों से हमला किया। शहर में 10 से अधिक धमाकों की पुष्टि हुई और कई इमारतों में आग लग गई। वायु रक्षा प्रणाली को सक्रिय कर लोगों को घरों में रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई। इसी बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उनकी भी ट्रंप से बातचीत हुई है, जिसे उन्होंने सकारात्मक बताया। जेलेंस्की ने दावा किया कि युद्ध को समाप्त करने की संभावना बन रही है और इसमें अमेरिका की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि रूस लगातार हमले बढ़ा रहा है और युद्ध को लंबा खींचना चाहता है। रूस और यूक्रेन दोनों ने हाल के दिनों में एक-दूसरे पर ड्रोन और लंबी दूरी के हमलों को तेज कर दिया है।

बार-बार सर्जरी करवाकर बिल्कुल बार्बी डॉल बन गया लड़का

लंदन

25 साल के युवक मिशेल जोंस ने अपनी लुक को पूरी तरह से बदलने के लिए कई सर्जरी करवाई हैं और खुद को एक एलियन बार्बी डॉल जैसा बना लिया है। यूके के केंट शहर में रहने वाला मिशेल जोंस की तस्वीरें इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। बार्बी डॉल्स के दीवाने मिशेल ने अब तक इस रूपांतरण पर करीब 40 लाख रुपये खर्च कर दिए हैं। मिशेल पेशे से हेयरड्रेसर हैं, और उनका लुक अब बिल्कुल बार्बी डॉल जैसा हो गया है जिसमें भारी मेकअप, पलकों पर एक साथ 4-6 जोड़ी झूठी पलकें, हमेशा गुलाबी रंग के कपड़े और एक परफेक्ट चेहरा शामिल है। वे कहते हैं कि सर्जरी से वे अपनी परफेक्शन की कल्पना को हकीकत में बदल रहे हैं।

मिशेल ने बताया कि उन्हें सर्जरी का शौक है, क्योंकि वे खुद को कस्टमाइज करना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, मेरा अपना आइडिया ऑफ परफेक्शन है। लोग सोचते हैं कि सर्जरी सिर्फ असुरक्षा की वजह से करवाई जाती है, लेकिन मेरे लिए यह खुद को बेहतर बनाने का तरीका है। मिशेल अपनी इस यात्रा में रुकना नहीं चाहते और अब 30 साल की उम्र से पहले फेसलिफ्ट भी करवाने वाले हैं। उनका कहना है कि सर्जरी ने उनकी जिंदगी बदल दी है और वे कभी भी अपने लुक को लेकर संतुष्ट नहीं होते, बल्कि हमेशा खुद को और बेहतर बनाने की तलाश में रहते हैं। मिशेल की तस्वीरें वायरल होते ही लोग हैरान हैं और सोशल मीडिया पर उनकी खूब चर्चा हो रही है। कुछ लोग उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास की तारीफ कर रहे हैं, तो कुछ यह कहते हुए अपनी चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि ये तो शरीर को बर्बाद कर रहे हैं। कई यूजर्स ने लिखा - बार्बी डॉल जैसा लुक, 40 लाख खर्च? शॉकिंग, सर्जरी का नशा।

महिला को बचाने उतरे वायुसेना के कैप्टन को बदमाश ने गोली मारी, मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बीच सड़क पर हुई एक बेहद दर्दनाक और चौंकाने वाली वारदात ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के दावों के बीच अब वहां वायुसेना के बड़े अधिकारी भी सुरक्षित नहीं हैं। इस्लामाबाद के शाहीन चौक पर एक बेबस महिला की इज्जत और जान बचाने के लिए आगे आए पाकिस्तान वायुसेना के ग्रुप कैप्टन आसिम तारिक की एक बदमाश ने सरेआम गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। सैन्य अधिकारी ने एक महिला को अगवा होने से बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगा दी और कर्तव्य निभाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। घटनाक्रम के अनुसार, ग्रुप कैप्टन आसिम तारिक नाइंथ एवेन्यू से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि एक मोटरसाइकिल सवार शख्स एक महिला को जबरन अपनी बाइक पर बैठाने की कोशिश कर रहा है। पीड़ित महिला खुद को छुड़ाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही थी और शोर मचा रही थी। महिला को मुसीबत में घिरे देख ग्रुप कैप्टन आसिम तारिक तुरंत मदद के लिए आगे बढ़े और उन्होंने हमलावर को रोकने का प्रयास किया। सैन्य अधिकारी के बीच-बचाव करने से महिला को संभलने का मौका मिल गया और वह किसी तरह अपनी जान बचाकर सड़क के दूसरी तरफ भाग निकली। महिला को अपने हाथ से निकलता देख आरोपी बुरी तरह भड़क गया। आरोपी की पहचान साद के रूप में हुई है। उसने बीच-बचाव करने पर ग्रुप कैप्टन आसिम तारिक के साथ पहले गाली-गलौज की और फिर उन पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। गोलियां लगने के कारण ग्रुप कैप्टन आसिम तारिक गंभीर रूप से घायल हो गए।

तैयारी

दुश्मन देशों की बढ़ गई चिंता, उत्तर कोरिया कम खर्च में अपनी मिसाइल क्षमता का तेजी से कर रहा विस्तार

किम जोंग ने किया नए 'कांग कोन' विध्वंसक पोत का परीक्षण

प्योंग यांग

उत्तर कोरिया ने अपनी बढ़ती नौसैनिक ताकत का प्रदर्शन करते हुए एक नया रिकॉर्ड बनाने का दावा किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जारी फुटेज में कोरियन पीपुल्स आर्मी नेवी के नए 'कांग कोन' विध्वंसक पोत को एक सैन्य अभ्यास के दौरान लगातार 12 क्रूज मिसाइलें दागते हुए दिखाया गया है। कांग कोन' ने अपने परीक्षणों में जबरदस्त मारक क्षमता का प्रदर्शन किया है, लेकिन यह युद्धपोत अभी औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल नहीं हुआ है। परीक्षणों का निरीक्षण स्वयं किम जोंग उन ने किया। इसे शांतिकालीन नौसैनिक अभ्यास में किसी युद्धपोत से एक साथ दागी गई क्रूज मिसाइलों की अब तक की सबसे बड़ी संख?या है। बता दें उत्तर कोरिया अमेरिका के विरोधी गुटों में शामिल है। उत?तर कोरिया का यह कदम खासकर साउथ कोरिया और जापान जैसे देशों के लिए चिंता की बात है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह परीक्षण उत्तर कोरिया के नए 'चोए ह्योन' कैटेगरी के डिस?ट्रॉयर की व्यापक युद्धक क्षमता के आकलन का हिस्सा था। इस दौरान युद्धपोत के वर्टिकल लॉन्च सिस्टम से मिसाइल दागने के अलावा मुख्य डेक गन, ऑटोमैटिक तोप और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम का भी लाइव फायर ट्रायल किया गया। 'कांग कोन' इस श्रेणी का दूसरा विध्वंसक पोत है, जिसे जून 2025 में लॉन्च किया गया था। इससे पहले इसी श्रेणी का पहला पोत 'चोए ह्योन' दो महीने पहले समुद्र में उतारा गया था।

एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक इस सैन?य अभ?यास से साफ संकेत मिलता है कि उत्तर कोरिया अपने नए विध्वंसक पोतों को केवल एयर डिफेंस या पनडुब्बी रोधी अभियानों तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि उन्हें लंबी दूरी तक सटीक हमला करने वाले प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित कर रहा है। बीते कुछ सालों में प्योंगयांग ने रणनीतिक क्रूज मिसाइलों का बड़ा बेड़ा तैयार किया है, जो पारंपरिक और परमाणु दोनों प्रकार के वारहेड ले जाने में सक्षम हैं। इन मिसाइलों को जमीन, समुद्री जहाजों और पनडुब्बियों से दागा जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक यदि अमेरिकी नौसेना इसी तरह 12 लंबी दूरी की क्रूज़ मिसाइलें दागे तो इसकी अनुमानित लागत करीब 4 करोड़ डॉलर होगी।

ब्रीफ न्यूज

गुरुग्राम में ओबेरॉय रियल्टी की 8,109 करोड़ की लग्जरी इकाइयां बिकीं

नई दिल्ली। मुंबई की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी ओबेरॉय रियल्टी लिमिटेड ने गुरुग्राम के रियल एस्टेट बाजार में धमाकेदार प्रवेश किया है। कंपनी ने अपनी पहली दिल्ली-एनसीआर आवासीय परियोजना में हाल ही में लॉन्च की गई लग्जरी इकाइयों से मजबूत मांग के दम पर 8,109 करोड़ रुपए की सकल बुकिंग दर्ज की है। यह सफलता कंपनी के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। ओबेरॉय रियल्टी ने शेयर बाजार को सूचित किया कि गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर स्थित उसकी पहली लग्जरी आवासीय परियोजना थ्री सिक्स्टी नॉर्थ को खरीदारों से उत्कृष्ट प्रतिक्रिया मिली है। कंपनी ने 29 जून को इस परियोजना के पहले चरण की शुरुआत की घोषणा की थी, जिसमें छह टावर में कुल 832 आवासीय इकाइयां शामिल हैं।

नेक्स्ट भारत वेंचर्स का 2,000 करोड़ रुपए का नया कोष

नई दिल्ली। जापान की सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन समर्थित नेक्स्ट भारत वेंचर्स ने सोमवार को 2,000 करोड़ के अपने दूसरे निवेश कोष की घोषणा की। यह कोष भारत में कृषि, वित्तीय समावेश, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक हित जैसे क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग करने वाले स्टार्टअप को समर्थन देगा। नेक्स्ट भारत वेंचर्स का लक्ष्य ग्रामीण भारत, छोटे व मझोले शहरों तथा असंगठित व गिग क्षेत्र से जुड़े कामगारों के स्थानीय समुदायों के जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने वाले स्टार्टअप्स में निवेश करना है। कंपनी इससे पहले अपने 340 करोड़ रुपए के पहले कोष के माध्यम से 20 से अधिक इम्पैक्ट ऑर्गेनाइजेशन में निवेश कर चुकी है। नेक्स्ट भारत वेंचर्स के एक अधिकारी ने बताया कि नए कोष का अधिकतर निवेश सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन एक एंकर लिमिटेड पार्टनर के रूप में करेगी। इसके अलावा, जापान की अन्य कंपनियों से भी निवेश जुटाया जाएगा। नाथ ने इस रणनीति का कारण बताते हुए कहा कि जापानी संस्थान निवेश के मामले में कहीं अधिक धैर्यवान होते हैं। कंपनी अगले तीन से चार वर्षों में इस 2,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बना रही है।

मिडकैप फंड्स में निवेशकों का अटूट भरोसा: 4,000 करोड़ निवेश

नई दिल्ली। भारतीय इक्विटी बाजार में मिडकैप सेगमेंट निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। मई 2026 में भी मिडकैप म्युचुअल फंड्स में 4,000 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया, जो अप्रैल के बाद लगातार दूसरा महीना है जब इस कैटेगरी में इतना भारी निवेश आया है। खास बात यह है कि मई में कोई नया मिडकैप फंड लॉन्च न होने के बावजूद निवेशकों का भरोसा कायम रहा, जो इन कंपनियों के बेहतर ग्रोथ आउटलुक को दर्शाता है। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2026 में मिडकैप फंड्स में 4,780.58 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था, जबकि मई में यह आंकड़ा 4,385.06 करोड़ रुपये रहा। मई के दौरान कुल 8,270.23 करोड़ रुपये का निवेश इन फंड्स में आया और 3,885.16 करोड़ रुपये की निकासी हुई, जिससे शुद्ध निवेश 4,385.06 करोड़ रुपये रहा। इसके साथ ही, मिडकैप फंड्स का कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट बढ़कर करीब 4.88 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कोटक म्युचुअल फंड के सीनियर फंड मैनेजर अतुल भोले के अनुसार, सरकार के बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च, डिफेंस सेक्टर के मजबूत ऑर्डर, इलेक्ट्रॉनिक्स व सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को मिल रहा बढ़ावा, हेल्थकेयर की बढ़ती मांग और निर्यात के बेहतर अवसरों ने मिडकैप कंपनियों के लिए नए ग्रोथ के मौके पैदा किए हैं।

एनएसई जल्द लाएगा अपना आईपीओ लक्ष्य 3 अरब डॉलर जुटाना

अगले सप्ताह से मार्केटिंग शुरु करने की संभावना

मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में एक ऐतिहासिक कदम की तैयारी है। देश का सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) जल्द ही अपना आईपीओ (इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग) लाने वाला है, जिसका लक्ष्य करीब 25,000 करोड़ (करीब 3 अरब डॉलर) जुटाना है। सफल होने पर, यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, एनएसई अगले सप्ताह से अपने आईपीओ की मार्केटिंग शुरू कर सकता है और सितंबर 2026 तक इसकी शेयर बाजार में लिस्टिंग होने की खबर है।

इस महत्वाकांक्षी आईपीओ के लिए, एनएसई निवेशकों से वैश्विक स्तर पर संपर्क करेगा। अमेरिका, लंदन, सिंगापुर, हांगकांग, मध्य-पूर्व और भारत सहित कई बड़े वित्तीय केंद्रों में रोडशो आयोजित किए जाएंगे। इन बैठकों का उद्देश्य घरेलू और विदेशी निवेशकों को एनएसई के मजबूत कारोबार, भविष्य की रणनीतियों और निवेश के आकर्षक अवसरों से अवगत कराना है। रिपोर्ट बताती है कि अनलिस्टेड मार्केट में एनएसई का मूल्यांकन 5.25 लाख करोड़ (करीब 55 अरब डॉलर) से अधिक आंका जा रहा है। यदि आईपीओ इसी वैल्यूएशन पर आता है, तब कंपनी 3.06 लाख करोड़ के शेयर बेच सकती है, जो 2024 में हुंडई मोटर इंडिया के 2.79 लाख करोड़ के आईपीओ के रिकॉर्ड को भी तोड़ सकता है। इस भारी भरकम आईपीओ को सफल बनाने के लिए, एनएसई ने करीब 20 बड़े निवेश बैंकों को नियुक्त किया है। इसमें कोटक महिंद्रा कैपिटल, जेएम फाइनेंशियल, मॉर्गन स्टेनली, एचएसबीसी होल्डिंग्स और सिटीग्रुप जैसे प्रतिष्ठित वैश्विक और भारतीय निवेश बैंक शामिल हैं, जो निवेशकों तक पहुंच बनाने और पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह आईपीओ ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) प्रकृति का होगा, जिसका अर्थ है कि एनएसई कोई नए शेयर जारी नहीं करेगा। इसके बजाय, मौजूदा शेयरधारक अपनी हिस्सेदारी का कुछ हिस्सा बचेगा। इसके बाद आईपीओ से जुटाई गई राशि सीधे कंपनी के पास न जाकर शेयर बेचने वाले मौजूदा निवेशकों को मिलेगी। भारत के सबसे बड़े और सबसे व्यस्त स्टॉक एक्सचेंज के रूप में, एनएसई की मजबूत बाजार हिस्सेदारी, आधुनिक तकनीकी प्लेटफॉर्म और लगातार बढ़ते निवेशक आधार के कारण इस आईपीओ में विदेशी निवेशकों की गहरी दिलचस्पी रहेगी। हालांकि, आईपीओ का अंतिम आकार, मूल्यांकन और लिस्टिंग की तिथि अभी तय नहीं हुई है, जिस पर कंपनी व निवेश बैंक अंतिम चर्चा कर रहे हैं। यदि एनएसई का यह आईपीओ तय समय पर आता है, तब यह न केवल शेयर बाजार के लिए, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी उपलब्धि साबित होगा। यह विदेशी निवेश आकर्षित करेगा, बाजार में नई ऊर्जा लाएगा और निवेशकों को देश के सबसे बड़े वित्तीय प्लेटफॉर्म में हिस्सेदारी का ऐतिहासिक अवसर देगा।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ऋण वृद्धि पहली तिमाही में 27 प्रतिशत

नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का कुल ऋण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 3.06 लाख करोड़ रुपये हो गया।गत वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही के अंत में उसका बकाया ऋण 2.41 लाख करोड़ रुपये था। पुणे मुख्यालय वाले इस बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कुल ऋण में खुदरा, कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम खंड को दिए गए ऋण शामिल हैं, जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 1.87 लाख करोड़ रुपये हो गए।समीक्षाधीन तिमाही में बैंक का कॉरपोरेट ऋण भी 21 प्रतिशत बढ़कर 1.11 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पहली बार एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा।बैंक ने बताया कि इस तिमाही में उसकी कुल जमा राशि 13 प्रतिशत बढ़कर 3.44 लाख करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के अंत में यह 3.05 लाख करोड़ रुपये थी। इसके परिणामस्वरूप बैंक का कुल कारोबार (कुल ऋण व जमा) 19 प्रतिशत बढ़कर 6.51 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो 30 जून, 2025 को 5.46 लाख करोड़ रुपये था।बैंक ने बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में चालू खाता एवं बचत खाता (कासा) अनुपात कुल जमा का 49 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 50 प्रतिशत था।

सेरा सेनेटरीवेयर का डिविडेंड धमाका

निवेशकों को मिलेंगे 75 रुपए प्रति शेयर

नई दिल्ली

इंटीरियर प्रोडक्ट बनाने वाली अग्रणी कंपनी सेरा सेनेटरीवेयर लिमिटेड अपने शेयरधारकों को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक बड़ा तोहफा देने जा रही है। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने प्रति शेयर 75 रुपये के बंपर फाइनल डिविडेंड की सिफारिश की है। यह 5 रुपये के फेस वैल्यू वाले इक्विटी शेयर पर 1500 फीसदी का भारी-भरकम लाभांश है। इस सिफारिश को अंतिम मंजूरी 23 जुलाई को होने वाली 28वीं सालाना आम बैठक (एजीएम) में मिलेगी, जिसके बाद योग्य निवेशकों की झोली में तगड़ा मुनाफा आएगा। रिकॉर्ड डेट और पात्रता- कंपनी ने इस बंपर डिविडेंड के भुगतान के लिए 7 जुलाई 2026 को रिकॉर्ड डेट तय की है। इसका सीधा मतलब है कि जिन निवेशकों के डीमैट अकाउंट में 7 जुलाई, 2026 को कंपनी के शेयर मौजूद होंगे, वे ही इस 75 रुपये प्रति शेयर के लाभांश को पाने के हकदार होंगे। इससे पहले, मई के पहले हफ्ते में हुई बोर्ड मीटिंग के दौरान स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इस लाभांश की घोषणा की गई थी, जिसे अब अंतिम अनुमोदन मिलना बाकी है। यह कदम उन निवेशकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है, जो अपने पोर्टफोलियो में इस कंपनी के शेयर रखे हुए हैं या लाभांश से कमाई करने की सोच रहे हैं। सेरा सेनेटरीवेयर की 28वीं सालाना आम बैठक (एजीएम) गुरुवार, 23 जुलाई को सुबह 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों के जरिए ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और सेबी के नियमों के अनुसार यह बैठक पूरी तरह से ऑनलाइन होगी। इस बैठक में डिविडेंड को अंतिम मंजूरी मिलने के साथ-साथ कई अन्य महत्वपूर्ण एजेंडों पर भी विचार किया जाएगा। लाभांश वितरण की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए, कंपनी के शेयर ट्रांसफर बुक्स और मेंबर्स के रजिस्टर को 8 जुलाई से 15 जुलाई तक बंद रखा जाएगा, जिसे बुक क्लोजर अवधि कहा जाता है। इस अवधि के दौरान शेयर ट्रांसफर संबंधी कोई कार्य नहीं हो पाएगा। शेयर बाजार में कंपनी के प्रदर्शन पर नजर डालें तो, बीते शुक्रवार को बीएसई पर सेरा सेनेटरीवेयर के शेयर 0.91 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 6434.00 रुपये पर बंद हुए।

मॉनसून ने पकड़ी रफ्तार, वर्षा की कमी घटी; खरीफ की बुआई को मिली संजीवनी

देश में बारिश की कमी 40 से घटकर 24 फीसदी हुई, मध्य जुलाई तक सक्रिय रहने के आसार

नई दिल्ली

पहले 40 प्रतिशत रही बारिश की कमी अब घटकर 24 प्रतिशत पर आ गई है। इससे खरीफ फसलों की बुआई, जो जून अंत तक पिछले साल की तुलना में 22 प्रतिशत कम थी, को अब नई जान मिली है। पश्चिम और मध्य भारत में सुस्त मॉनसून के कारण बुआई ठहर गई थी। खरीफ की अच्छी फसल महंगाई, खासकर दलहन और तिलहन की कीमतों को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संबल मिलेगा। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि बंगाल की खाड़ी में अनुकूल मौसम पैटर्न के कारण मॉनसून का यह सक्रिय चरण जुलाई के मध्य तक जारी रहेगा। स्काइमेट वेदर सर्विसेज के महेश पालवात के अनुसार, इससे मौसमी बारिश की कमी का बड़ा हिस्सा दूर हो जाएगा और जुलाई में सामान्य बारिश होगी। मॉनसून का प्रदर्शन जुलाई में जून से बेहतर रहने की उम्मीद है। पालवात ने बताया कि मौजूदा सक्रिय चरण 7-8 जुलाई तक चलेगा, जिसके बाद एक छोटा ठहराव आएगा और फिर लगभग 15-16 जुलाई को एक और सक्रिय चरण शुरू होगा। मॉनसून अब

महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश से उत्तर भारत की ओर बढ़ेगा, जिससे इन क्षेत्रों में भी अच्छी बारिश की संभावना है। इस बीच, मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में बने एक नए दबाव के क्षेत्र की जानकारी दी है। इसके प्रभाव से आज और कल छत्तीसगढ़, मध्य महाराष्ट्र, ओडिशा, कोंकण, गोवा, गुजरात और सौराष्ट्र में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है।

ट्रेंट में नई पीढ़ी की एंट्री: वेस्टसाइड की डिजिटल कमान संभालेंगी माया टाटा, विस्तार को मिलेगी रफ्तार

मुंबई। टाटा ग्रुप की फैशन रिटेल कंपनी ट्रेंट में माया टाटा को ई-कॉमर्स और मार्केटिंग की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह बदलाव नोएल टाटा के रिटायरमेंट से पहले हो रहा है। माया टाटा वेस्टसाइड स्टोर के बाहर खड़ी हैं जो ट्रेंट के डिजिटल विस्तार की योजना का प्रतिनिधित्व करती हैं। माया टाटा, जो ट्रेंट के फैशन रिटेल ब्रांड वेस्टसाइड के ई-कॉमर्स और मार्केटिंग संचालन की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। टाटा ग्रुप की दिग्गज कंपनी ट्रेंट लिमिटेड में संगठनात्मक बदलावों का दौर शुरू हो चुका है। कंपनी के चेयरमैन नोएल टाटा के आगामी नवंबर में रिटायर होने से पहले प्रबंधन स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्तियां की जा रही हैं। इस क्रम में, नोएल टाटा की 37 वर्षीय बेटी

माया टाटा को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। माया टाटा अब ट्रेंट के प्रमुख फैशन रिटेल ब्रांड वेस्टसाइड के ई-कॉमर्स और मार्केटिंग संचालन की कमान संभालेंगी। कंपनी अपनी वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने और डिजिटल उपस्थिति को व्यापक बनाने की दिशा में काम कर रही है, जिसमें माया टाटा की भूमिका बेहद निर्णायक मानी जा रही है माया टाटा ने हाल ही में टाटा डिजिटल से इस्तीफा दिया था और इससे पूर्व वह टाटा कैपिटल के साथ भी अपने पेशेवर अनुभव साझा कर चुकी हैं। डिजिटल कॉमर्स, ऑनलाइन रिटेल और ग्राहक अधिग्रहण (कस्टमर एक्विजिशन) रणनीतियों में उनके व्यापक अनुभव का लाभ अब वेस्टसाइड के ऑनलाइन बिजनेस को मिलेगा। ट्रेंट के कुल राजस्व में वेस्टसाइड का योगदान लगभग 40 प्रतिशत है, जो इसे कंपनी का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ बनाता है।

समीक्षा

फाडा ने बताया अब तक का सबसे बेहतर जून, सभी खंडों में रिकॉर्ड प्रदर्शन

वाहन बिक्री ने जून में बनाया ऐतिहासिक रिकॉर्ड, 21.83 फीसदी की बंपर वृद्धि दर्ज

नई दिल्ली

भारतीय वाहन खुदरा बाजार ने जून में शानदार प्रदर्शन किया, जहां कुल बिक्री सालाना आधार पर 21.83 प्रतिशत बढ़कर 25,57,234 इकाई हो गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने सोमवार को बताया कि यह अब तक का सबसे बेहतरीन जून महीना रहा, जिसमें सभी खंडों - दोपहिया, तिपहिया, वाणिज्यिक और यात्री वाहन ङ्क ने रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 28.63 फीसदी बढ़कर 4,10,853 इकाई और दोपहिया वाहनों की बिक्री 21.22 फीसदी बढ़कर 18,28,458 इकाई पर पहुंच गई। वहीं, तिपहिया और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में क्रमश: 16.2 फीसदी और 16.88 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने इस प्रदर्शन को ऐतिहासिक करार

दिया। जुलाई के लिए, 51.24 फीसदी डीलरों ने बिक्री में वृद्धि की उम्मीद जताई है, जो मजबूत सकारात्मक दृष्टिकोण दर्शाता है। इस आशावाद का आधार मानसून की स्थिति में सुधार, खरीफ बुवाई में तेजी और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी है। फाडा ने जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही के लिए डीलरों के भरोसे में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है, जहां 66.17 फीसदी डीलर बाजार में वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नकदी प्रवाह में सुधार, इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों की बढ़ती मांग तथा नए मॉडल लॉन्च इस सकारात्मक रुझान को बनाए रखेंगे, हालांकि कुछ क्षेत्रों में कम बारिश और मूल्य वृद्धि चुनौतियां पेश कर सकती हैं।

पत्नी आकांक्षा के तलाक के एलान के बाद गौरव खन्ना ने पहली बार तोड़ी चुप्पी

नर्गिस ऐक्टर और रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के विजेता गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला ने लॉकअप सीजन 2 में हिस्सा लिया है। यहां उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा किया कि वे और गौरव तलाक ले रहे हैं। आकांक्षा ने यह भी कहा कि वे साल भर से अलग-अलग रहते हैं। पत्नी की तरफ से तलाक की पुष्टि के बाद गौरव खन्ना ने पहली बार इस पर रिऐक्शन दिया है।

प्यार किया तो पीछे क्यों हटूं

तलाक को चर्चाओं के बीच गौरव खन्ना 'खतरों के खिलाड़ी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस टीवी एक्टर आज 30 जून को पहली बार 'लाफ्टर शेफ्स' के सेट पर नजर आए। गौरव 'लाफ्टर शेफ्स' के सेट के बाहर पैपराजी को पोज दिए। जैसे ही उन्होंने कैमरे के सामने पोज दिया तो एक फोटोग्राफर ने उनसे पूछा, 'गौरव भाई, क्या हाल है'? गौरव ने मुस्कुराते हुए कहा, 'बस यार, वही ,जो पहले था वही हाल है अभी भी। प्यार अभी भी उतना है, सपोर्ट अभी भी उतना है... मैं तो हमें सपोर्ट करूंगा आकांक्षा को, मेरी बीवी है यार। प्यार किया तो पीछे क्यों हटूं'?

हमेशा आकांक्षा के साथ खड़ा हूं

इसके बाद फोटोग्राफर ने पूछा, 'भाई लेकिन कंट्रोवर्सी बहुत ज्यादा हो गई है'। इस पर गौरव ने कहा, 'आकांक्षा को जीवन के लिए शुभकामनाएं। मैं हमेशा उनके साथ खड़ा हूं और उसको सपोर्ट कर रहा हूं। वो अच्छा खेले और जीत कर आए'।

'लॉकअप सीजन 2' में आकांक्षा के तलाक को लेकर पुष्टि किए जाने के बाद पहली बार सोशल मीडिया पोस्ट भी साझा किया है। गौरव ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। कैप्शन में वे प्यार की हिमायत करते दिखे हैं। गौरव ने लिखा है, 'लव ऑलवेज'। गौरव खन्ना के इस पोस्ट पर उनके फैंस सपोर्ट कर रहे हैं। नेटिजंस लिख रहे हैं, 'हम आपके साथ है। आपके खूब सारा प्यार'।

महिलाओं को सुपरस्टार बनाने में भी की जानी चाहिए उतनी ही मेहनत

समंथा रुथ प्रभु अपनी नई रिलीज हुई फिल्म 'मा इंटी बंगारम' की कामयाबी से खुश हैं। उन्होंने लंबे वक्त के बाद इस फिल्म में वापसी की है। फिल्म को अच्छे रिव्यू मिले और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि, बहुत कम महिला-प्रधान फिल्मों को ऐसी कमर्शियल सफलता मिलती है। हाल ही में समंथा ने कहा कि फिल्ममेकर्स को महिला सुपरस्टार बनाने के लिए ज्यादा इन्वेस्ट करने की जरूरत है।

पुरुष कलाकारों पर होती है मेहनत

वैराइटी इंडिया से बातचीत में जब समंथा से पूछा गया कि क्या महिला स्टार्स को ज्यादा फीस के लिए संघर्ष करना पड़ता है? इस पर समंथा ने कहा 'यह एक बार में एक कदम उठाने जैसा है। मैंने हमेशा यही कहा है, पुरुष सुपरस्टार एक दिन में नहीं बनते। बड़े-से-बड़े पुरुष सुपरस्टार बनाने में समय और मेहनत लगी है। हर फिल्म के साथ, हर डायरेक्टर ने उन्हें भगवान जैसा दर्जा दिलाने के लिए कड़ी मेहनत की है। इसमें समय लगा है।'

डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स को करनी होगी मेहनत

उन्होंने कहा 'मुझे लगता है कि महिला स्टार्स को उतनी मेहनत और समय नहीं दिया जाता। अगर डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स किसी एक्ट्रेस को सुपरस्टार बनाने में उतनी ही मेहनत करें, तो यह मुमकिन हो जाएगा। हमें बस उस समय और इन्वेस्टमेंट की जरूरत है।'

फिल्म ने की अच्छी कमाई

'मा इंटी बंगारम' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत करते हुए पहले दिन 4.85 करोड़ की कमाई की थी। दो हफ्तों के अंदर, फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपये और दुनिया भर में 80 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की।

बन रहा फिल्म का सीक्वल

विशाखापत्तनम में एक सक्सेस मीट के दौरान, फिल्म के प्रोड्यूसर राज निदिमोरू ने घोषणा की कि इसका सीक्वल पहले से ही बन रहा है।

'इक्का' के साथ फिर सरप्राइज करेंगी आकांक्षा रंजन

आकांक्षा रंजन अब साफ तौर पर ये साबित कर रही हैं कि उन्हें अपने रोल्स के साथ एक्सपेरिमेंट करने से जरा भी डर नहीं लगता। हर नए प्रोजेक्ट के साथ वो कुछ ऐसा लेकर आती हैं जो उनके पिछले किरदार से बिल्कुल अलग होता है। इसी के चलते उनकी फिल्मोग्राफी अब एकदम रंग-बिरंगी और वर्सेटाइल बनती जा रही है। हाल ही में 'ग्राम चिकित्सालय सीजन 2' में उन्होंने एक दिल छू लेने वाली, दयालु गांव की डॉक्टर — डॉ. गर्गी — का किरदार निभाकर खूब तारीफें बटोरी हैं। और अब आकांक्षा तैयार हैं दर्शकों को एकदम नया झटका देने के लिए, अपने आने वाले लीगल थ्रिलर 'इक्का' में। गांव की सादगी छोड़कर इस बार वो कोर्टरूम की तेज-तर्रार दुनिया में एंट्री ले रही हैं, जहां वो एक मॉडर्न यंग वुमन के किरदार में नजर आएंगी — जो उनके काम में एक और नया तड़का जोड़ता है।

आज रिलीज हुआ 'इक्का' का ट्रेलर इस इंटेंस कहानी की एक झलक देता है। एक दमदार कोर्टरूम ड्रामा के बैकड्रॉप पर बनी ये कहानी एक मशहूर वकील के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे एक मर्डर के आरोपी का केस लड़ना पड़ता है। हालांकि आकांक्षा के किरदार को लेकर मेकर्स ने अभी ज्यादा खुलासा नहीं किया है, लेकिन ट्रेलर ये इशारा जरूर करता है कि उनकी भूमिका कहानी में खास अहमियत रखती है। इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने को लेकर आकांक्षा कहती हैं, 'मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है कि मैं अपने किरदार के जरिए क्या इम्पैक्ट ला सकती हूं। मैं काफी एक्साइटेड हूं कि अब दर्शक 'इक्का' की दुनिया की पहली झलक ट्रेलर के जरिए देख पाएंगे। मैंने पहले भी कहा है कि थ्रिलर मेरा पसंदीदा जॉनर है, तो ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना मेरे लिए और भी रोमांचक था। मेकर्स की सोच और जिस तरह से स्क्रिप्ट मुझे सुनाई गई, उसने मुझे और भी खींच लिया। उनके विजन में एकदम क्लैरिटी थी, और वही चीज मेरे साथ रह गई।' पिछले कुछ सालों में आकांक्षा ने जानबूझकर अलग-अलग जॉनर के प्रोजेक्ट्स चुने हैं। 'गिल्टी' और 'मॉनिका, ओ माय डार्लिंग' में अपने दमदार परफॉर्मेंस से उन्होंने गहरी छाप छोड़ी, और फिर 'ग्राम चिकित्सालय' में डॉ. गर्गी बनकर अपना एक अलग ही सॉफ्ट और इमोशनल साइड दिखाया। अब 'इक्का' के साथ वो फिर एक नए स्पेस में कदम रख रही हैं — इस बार कहानी ज्यादा डार्क और तेवरों है। वर्क फ्रंट की बात करें तो, इस समय 'ग्राम चिकित्सालय सीजन 2' में अपने परफॉर्मेंस के लिए सराहना बटोर रहीं आकांक्षा जल्द ही 'इक्का' में नजर आएंगी, जिसके बाद उनके पास कई और दिलचस्प प्रोजेक्ट्स लाइन में हैं — जिनका खुलासा अभी बाकी है।

हम भारतीय बहुत भावुक हैं, लोगों का दर्द समझते हैं

अरशद वारसी और राजकुमार हिरानी ने 'प्रीतम एंड पेड्रो' से पहले 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' और 'लगे रहो मुन्ना भाई' जैसी सुपरहिट फिल्मों में साथ काम किया है, जहां अरशद वारसी का 'सर्किट' वाला किरदार काफी पॉपुलर हुआ था। अरशद ने हाल ही में अमर उजाला से बातचीत के दौरान अपनी नई सीरीज, राजकुमार हिरानी के साथ दोबारा काम करने, उनके बेटे वीर हिरानी के साथ अपने अनुभव, बॉलीवुड की रूखाई और साइबर फ्रॉड जैसे मुद्दों पर खुलकर बात की। बातचीत के दौरान, उन्होंने अजय देवगन का भी जिक्र किया। 'राजकुमार हिरानी का बेटा है तो क्या हुआ, गलत करेगा तो डांट पड़ेगी' पढ़ा दे, राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी इस सीरीज के साथ एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। वीर के साथ काम करने के अनुभव पर अरशद ने कहा कि उनके साथ काम करना काफी सहज रहा, क्योंकि वह उन्हें पहले से जानते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं वीर को काफी समय से जानता हूं, इसलिए काम बहुत आराम से हुआ। दूसरी बार जब आप किसी के साथ काम करते हैं तो समझ और बेहतर हो जाती है। हर इंसान एक-दूसरे से कुछ न कुछ सीखता है और मैंने भी उससे बहुत कुछ सीखा है।' जब उनसे पूछा गया कि क्या राजकुमार हिरानी के बेटे होने की वजह से वीर को कोई विशेष छूट मिलती थी, तो अरशद ने तुरंत हंसते हुए जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'बिल्कुल नहीं। उस बेचारे को तो खूब डांट पड़ती थी। हमारा रिश्ता थोड़ा अलग है। मैं उसे गलत काम नहीं करने दे सकता। अगर किसी दृश्य में वह बिल्कुल अलग दिशा में चला जाता था तो मैं दोबारा करवाता था। कई बार दोबारा दृश्य करना पड़ा। राजकुमार हिरानी का बेटा होने का मतलब यह नहीं कि काम के दौरान छूट मिल जाएगी।

'हम भारतीय भावुक लोग हैं, इसलिए ये किरदार लोगों को जरूर पसंद आएंगे'

अपनी सीरीज को लेकर कही उम्मीदों पर बात करते हुए अरशद ने कहा कि किसी भी सीरीज की सबसे बड़ी ताकत उसके किरदार होते हैं। उन्होंने कहा, 'अगर लोगों को किरदार पसंद आ जाएं तो वही किसी सीरीज की असली सफलता होती है। इस सीरीज के दोनों किरदार लोगों को पसंद आएंगे।

बेटी की पैदाइश के बाद जमीन-आसमान का बदलाव आया

अली फजल को इंडिया में भले दर्शक 'मिर्जापुर' के गुड्डू भैया के रूप में जानते हों, मगर अली ने हॉलीवुड में भी अच्छा-खासा काम किया है। इन दिनों वेब सीरीज 'राख' में अपनी भूमिका के लिए तारीफ बटोरने वाले अली जल्द ही कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में दिखेंगे। आमिर खान की 'बंटवारा 1947' के अलावा वह फिल्म 'मिर्जापुर' और 'लस्ट स्टोरीज' में भी नजर आएंगे।

'बंटवारा 1947' में बड़ा रोल नहीं, पर अहम

बंटवारा 1947' में अपने रोल पर अली फजल कहते हैं, ' 'बंटवारा' में मेरा बहुत बड़ा रोल नहीं है, लेकिन मेरे लिए किरदार के आकार से ज्यादा अहमियत उस टीम और कहानी को होती है जिसका मैं हिस्सा बनता हूं। सनी देओल जैसे दिग्गज कलाकारों और शानदार टीम के साथ काम करना अपने आप में बड़ा अनुभव है। आमिर खान सर इसे बना रहे हैं और मुझे इसके रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार है। सच तो ये है कि मैं खुद को किसी एक तरह के किरदार तक सीमित नहीं रखना चाहता। फिल्म मिर्जापुर में विरपरिचित चेहरों के साथ एक सिनेमैटिक अनुभव मिलेगा।'

आज से तकरीबन दो साल पहले अली और रिचा ने जुनैरा नाम प्यारी बेटी को जन्म दिया। अली खुद को खुशकिस्मत मानते हैं, बेटी को पाकर। वह कहते हैं, 'बेटी को पाकर नसीब वाला महसूस करता हूं। बस रोज, दुआ करता हूं कि एक पैरेंट के रूप में बेटी का ध्यान रख पाऊं, उसकी जरूरतें पूरी कर पाऊं। मुझमें जमीन-आसमान का बदलाव आया है। लोग जब पूछते हैं कि एक पिता के रूप में क्या देना चाहेंगे? तो मैं मुझे लगता है कि ये तो इतिहास की सबसे पुरानी चीज है। हम बच्चों को क्या दे सकते हैं? जो भी देना है, वो तो हमारा फर्ज है। हम हजारों सालों से ये करते आए हैं। मुझे लगता है कि हमें बात का बतंगड़ नहीं बनाना चाहिए। हमें काम करना चाहिए, बच्चे पालने चाहिए, उन्हें एजुकेट करना जरूरी है। बाकी तो दुनिया चल ही रही है।'

जरूरी नहीं हर समय हर मुद्दे पर सार्वजनिक बयान दिया जाए

अली ने आगे कहा, 'हालांकि, एक अभिनेता के तौर पर हमारी जिम्मेदारी जरूर बनती है, क्योंकि हम भी समाज का हिस्सा हैं। हम समाज को देखते हैं, उससे सीखते हैं और फिर उसी का एक रूप अपने सिनेमा और कहानियों के माध्यम से दर्शकों के सामने रखते हैं। लेकिन यह भी जरूरी नहीं है कि हर समय और हर मुद्दे पर सार्वजनिक बयान दिया जाए। पहले सोशल मीडिया नहीं था, इसलिए लोगों से ऐसी अपेक्षाएं भी कम थीं। आज सोशल मीडिया के दौर में अक्सर यह उम्मीद की जाती है कि हर विषय पर कलाकार अपनी राय रखें। इसमें कुछ गलत नहीं है, लेकिन मेरा मानना है कि आखिरकार हर व्यक्ति का अपना तरीका होता है। मेरे लिए मेरा काम ही मेरी सबसे बड़ी अभिव्यक्ति है।'

बिना सोचे-समझे कुछ नहीं कहता

सभी जानते हैं कि अली फजल की पत्नी रिचा नाजुक मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखने में कभी पीछे नहीं रही हैं, मगर अली उनकी तरह मुखर नहीं हैं। इस पर वह कहते हैं, 'मेरा मानना है कि इंसान चाहे तो कुछ भी बन सकता है, और अगर मैं चाहूं तो हर मुद्दे पर बोलना भी शुरू कर सकता हूं। लेकिन मुझे लगता है कि मैं अपने काम के जरिए ज्यादा प्रभावी ढंग से अपनी बात कह पाता हूं। शायद मैं अभी उस मुकाम पर नहीं हूं कि बिना पूरी जानकारी और समझ के किसी भी विषय पर खुलकर टिप्पणी करूं।

इंसानी स्वभाव को समझने की कोशिश

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय रूप से कई तरह का काम करने के बाद अली एक इंसान और एक्टर के रूप में बदलाव महसूस करते हैं। वह कहते हैं, 'मेरे लिए हर किरदार इंसानी स्वभाव को बेहतर ढंग से समझने का एक अवसर होता है। मैं हमेशा यह जानने की कोशिश करता हूं कि क्या मैं एक आम इंसान के मन और उसकी परिस्थितियों के भीतर उतर सकता हूं। जब आप ऐसा करते हैं, तो अहसास होता है कि हर कहानी के पीछे एक सच्चा इंसान है, जिसकी अपनी जद्दोजहद और कई परतें हैं।

ब्राजील को वर्ल्डकप से बाहर करने वाले कोच की कहानी नई दिल्ली। नॉर्वे ने 5 बार की वर्ल्ड चैंपियन ब्राजील को हराकर अमेरिका में चल रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा उलटफेर किया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद नॉर्वे के मुख्य कोच स्टॉल सोलबाकेन परिवार से गले मिलते नजर आए। यह पल उनके लिए सिर्फ एक जीत का जश्न नहीं था।

कोहली को प्रपोज कर चुकीं इस क्रिकेटर ने बनाया रिकॉर्ड

मुंबई। करीब 12 साल पहले विराट कोहली को सोशल मीडिया पर 'कोहली मैरी मी' लिखकर दुनिया भर में सुर्खियां बटोरने वाली इंग्लैंड की स्टार बल्लेबाज डैनी वायट-हॉज ने अब महिला टी20 विश्व कप में नया इतिहास रच दिया है। डैनी टी20 विश्व कप के एक संस्करण में 300 रन बनाने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए फाइनल में डैनी ने अपनी पारी के दौरान आठ रन पूरे करते ही यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। हालांकि वह बड़ी पारी नहीं खेल सकीं, लेकिन उनका यह रिकॉर्ड महिला टी20 विश्व कप के इतिहास में दर्ज हो गया। डैनी वायट-हॉज ने महिला टी20 विश्व कप 2026 में सात मुकाबलों में 60.40 की औसत से 302 रन बनाए हैं।

रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल फुटबॉल वर्ल्डकप से बाहर



आर्लिंग्टन (टेक्सास)। स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानों रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल और मेजबान अमेरिका फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर हो गई है। मंगलवार को दिन के पहले मैच में पुर्तगाल को स्पेन ने 1-0 से हराया। जबकि, अमेरिका ने बेल्जियम ने 4-1 के बड़े अंतर से हराया। 41 साल के रोनाल्डो अपने करियर का आखिरी वर्ल्ड कप खेल रहे थे। डलास स्टेडियम से बाहर जाते समय फैंस ने खड़े होकर उन्हें सम्मान किया। उन्होंने गंभीर चेहरे के साथ फैंस का अभिवादन किया, इससे यह साफ था कि वे अपने वर्ल्ड कप करियर का अंत जीत के साथ करना चाहते थे। इधर, सिएटल स्टेडियम में मेजबान अमेरिका पर डिफेंस की गलतियां भारी पड़ी। बेल्जियम के चार्ल्स डी केटेलारे ने डबल गोल किए। उन्होंने एक गोल करने में मदद भी की। 57वें मिनट में गोलकीपर मैट फ्रीज की बड़ी गलती मैच का निर्णायक मोड़ साबित हुई।

स्पेन वर्ल्ड कप इतिहास में लगातार सबसे अधिक मैचों तक गोल नहीं खाने वाली टीम बन गई। स्पेन ने लगातार छठे मैच में गोल नहीं खाया है। स्पेन ने इटली (1990) और स्विट्जरलैंड (2006-10) का रिकॉर्ड तोड़ दिया। दोनों टीमों ने लगातार 5-5 वर्ल्ड कप मैचों में कोई गोल नहीं खाया था।

हॉकी इंडिया ने इस शिविर के सफल आयोजन के लिए पंजाब विश्वविद्यालय का आभार जताया

हॉकी इंडिया ने सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए चयनित किये 15 खिलाड़ी

एजेन्सी, नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने ओमान के मस्कट में 20 से 25 जुलाई तक होने वाली पहली पुरुष यूथ हॉकी-5एस एशियाई चैंपियनशिप 2026 की तैयारियों के लिए सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए 15 खिलाड़ियों के नाम घोषित कर दिए हैं।

यह राष्ट्रीय शिविर 7 से 18 जुलाई तक पंजाब विश्वविद्यालय, सेक्टर-14, चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच सरदार सिंह की देखरेख में युवा खिलाड़ी हॉकी-5एस प्रारूप की विशेष तकनीक और रणनीति का प्रशिक्षण लेंगे। शिविर में शामिल सभी 15 खिलाड़ी हाल ही में संपन्न अंडर-18 पुरुष एशिया कप 2026 में भारतीय टीम का हिस्सा थे। भारत ने फाइनल में मेजबान जापान को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

हॉकी इंडिया का मानना है कि यह शिविर देश के युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करने और उन्हें भविष्य में जूनियर तथा सीनियर भारतीय टीम

तक पहुंचाने की दिशा में अहम कदम साबित होगा। दो सप्ताह तक चलने वाले इस शिविर में खिलाड़ियों को हॉकी-5एस प्रारूप की तकनीकी और सामरिक बारीकियों से परिचित कराया जाएगा। साथ ही उनके खेल के मूलभूत कौशल को भी और मजबूत किया जाएगा। हॉकी इंडिया ने इस शिविर के सफल आयोजन के लिए पंजाब विश्वविद्यालय का आभार जताया है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) रेणु विग ने भी शिविर का दौरा कर खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। यह प्रतियोगिता भारतीय सब-जूनियर खिलाड़ियों को हॉकी-5एस प्रारूप में अंतरराष्ट्रीय अनुभव दिलाने के साथ-साथ भविष्य के सितारों को तैयार करने की हॉकी इंडिया की दीर्घकालिक योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा होगी। मुख्य कोच सरदार सिंह ने कहा, इन युवा खिलाड़ियों के लिए नए प्रारूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना एक बड़ा अवसर है। अगले दो सप्ताह में हमारा लक्ष्य खिलाड़ियों को हॉकी-5एस की आवश्यकताओं से परिचित कराना और उनके बुनियादी खेल को और मजबूत बनाना है, ताकि भविष्य में भी उन्हें इसका लाभ मिल सके। इस शिविर के आयोजन में उत्कृष्ट सहयोग देने के लिए मैं पंजाब विश्वविद्यालय का भी धन्यवाद करता हूं।

राष्ट्रीय शिविर के लिए चयनित खिलाड़ी

करन गौतम, अरमान सोरेंग, सावन कुमार, अंश बहुत्रा, अरशदीप सिंह, केतन कुशवाहा, शाहरुख अली, राहुल यादव, रोमित पाल, आशीष तानी पूर्ति, आकाशदीप, अवि मणिकपुरी, सिद्धार्थ बेन, प्रह्लाद राजभर और आयुष रजक।

राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय ने दिखाया दम, श्रीलंका अंडर 19 टीम के खिलाफ खेली दमदार पारी

एजेन्सी, नई दिल्ली

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने भारत अंडर 19 टीम के लिए खेलते हुए अपना दम दिखाया। श्रीलंका अंडर-19 टीम के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक वनडे मैच में इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली जिससे भारत अंडर-19 टीम 47.2 ओवर में 285 रन बनाने में सफल रही। अन्वय द्रविड़ ने 67 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का) 87 रन बनाए। हालांकि, वह शतक लगाने से चूक गए, लेकिन उनकी इस पारी की बदौलत ही टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर सकी।

अन्वय ने राजपूत के साथ निभाई साझेदारी

भारतीय टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन उसकी शुरूआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 81 रन था। अन्वय और अर्जुन राजपूत (76) ने टीम को संकट से उबारा। विकेटकीपर बल्लेबाज अन्वय और राजपूत ने पांचवें विकेट के लिए 145 रन जोड़कर भारत को 221 रन तक पहुंचाया। राजपूत के आउट होने से यह साझेदारी टूटी। अन्वय ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 47 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

अल्टीमेट टेबल टेनिस सीजन-7 में

पहली बार होगा एआई आधारित रिव्यू सिस्टम का इस्तेमाल

एजेन्सी, नई दिल्ली

अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के सातवें सीजन में पहली बार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित टेबल टेनिस रिव्यू (टीटीआर) सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। गोवा में 9 से 26 जुलाई 2026 तक होने वाले इस टूर्नामेंट के सभी मुकाबलों में यह नई तकनीक लागू रहेगी।

आयोजकों में सोमवार को बताया कि यह एआई आधारित रिव्यू सिस्टम विवादित अंपायरिंग फैसलों की 20 सेकंड से भी कम समय में साक्ष्य आधारित समीक्षा करेगा। इसे विशेष रूप से टेबल टेनिस की तेज रफ्तार और जटिल परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। यह तकनीक छह प्रमुख अंपायरिंग स्थितियों की समीक्षा करेगी। इनमें सर्विस के दौरान गेंद उछालने की ऊंचाई, उछाल का कोण, गेंद का टेबल की सतह से नीचे उछलना, खेल क्षेत्र के

अंदर या बाहर उछाल, सर्विस के दौरान गेंद का छिपना और टेबल के किनारे पर गेंद लगने (एज बॉल) से जुड़े फैसले शामिल हैं।

रिव्यू सिस्टम के लिए कोर्ट के चारों ओर 14 से 15 हाई-स्पीड सिंक्रोनाइज्ड कैमरे लगाए जाएंगे, जो गेंद की गति, सर्विस की तकनीक और टेबल पर गेंद के संपर्क बिंदु को अलग-अलग कोणों से रिकॉर्ड करेंगे। इसके बाद एआई इंजन इन आंकड़ों का विश्लेषण कर कुछ ही सेकंड में दृश्य प्रमाण तैयार करेगा, जिससे मैच अधिकारियों को सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी। इस तकनीक का उपयोग केवल अंपायरों तक सीमित नहीं रहेगा। इसे लाइव प्रसारण से भी जोड़ा जाएगा, जिससे दर्शक भी रिव्यू प्रक्रिया को वास्तविक समय में देख सकेंगे।

यूटीटी ने वर्ष 2019 से लगातार तकनीक और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग बढ़ाया है। इसके बाद एआई आधारित लाइव सांख्यिकी प्रणाली, रियल-टाइम स्कोरिंग, खिलाड़ियों और टीमों का डेटाबेस, अंक तालिका, मैच आंकड़े, उन्नत प्रदर्शन विश्लेषण और शॉट स्पीड ट्रैकिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं भी लीग का हिस्सा बन चुकी हैं। अब एआई रिव्यू सिस्टम के जुड़ने से प्रतियोगिता में पारदर्शिता और निष्पक्षता को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

खिताब जीतने के बाद भावुक हुईं सोफी मोलिन्यूक्स, क्या बोलीं इंग्लैंड की कप्तान ब्रंट

नई दिल्ली। महिला टी20 विश्व कप 2026 का शानदार समापन ऑस्ट्रेलिया की ऐतिहासिक जीत के साथ हुआ। फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार महिला टी20 विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के बाद बेथ मूनी की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 151 रनों का लक्ष्य 17.1 ओवर में ही तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिन्यूक्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने शुरूआत से ही इंग्लैंड को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। निर्धारित 20 ओवर में इंग्लैंड चार विकेट पर 150 रन ही बना सका। 151 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी ने दबाव महसूस नहीं होने दिया।

ट्रम्प ने फीफा अध्यक्ष को फोन करके धमकाया

एजेंसी जेनेवा

मेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर फीफा अध्यक्ष को फोन करके धमकाने का आरोप लगा है। अमेरिकी फुटबॉल टीम के खिलाड़ी फोलारिन बालोगुन को मैच के दौरान रेड कार्ड दिखाया गया था। इसके चलते वे अगले मैच में नहीं खेल सकते थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प ने फीफा प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो को फोन किया, जिसके बाद बालोगुन का रेड कार्ड रद्द हुआ और उन्हें बेल्जियम के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मैच खेलने की परमीशन मिल गई। हालांकि, बालोगुन के खेलने के बाद भी अमेरिकी टीम बेल्जियम के खिलाफ 1-4 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर गई।

फुटबॉल वर्ल्ड कप के इतिहास में यह पहला मामला है, जब किसी राष्ट्राध्यक्ष ने रेड कार्ड रद्द करने की पैरवी की हो और फीफा ने इसे मान भी लिया हो। फीफा के इस फैसले का बेल्जियम फुटबॉल संघ और यूरोपियन फुटबॉल यूनियन ने विरोध किया है।

25 साल के बालोगुन को पिछले नॉकआउट मुकाबले में रेड

कार्ड मिला था। नियमों के अनुसार उन्हें एक मैच का बैन झेलना चाहिए था। इसके बावजूद फीफा ने उन्हें बेल्जियम के खिलाफ राउंड ऑफ-16 मुकाबले में खेलने की मंजूरी दे दी। बेल्जियम फुटबॉल महासंघ ने फीफा के इस फैसले के खिलाफ अपील दायर की, जो खारिज हो गई। बालोगुन ने टूर्नामेंट में तीन गोल किए। बालोगुन को बोस्निया-हर्जेगोविना के डिफेंडर तारिक मुहारेमोविक पर फाउल के लिए रेड कार्ड दिखाया गया था।

बालोगुन को बोस्निया-हर्जेगोविना के डिफेंडर तारिक मुहारेमोविक पर फाउल के लिए रेड कार्ड दिखाया गया था।

ट्रम्प ने फीफा वर्ल्डकप में दखल देने की बात मानी

प्री क्वार्टर फाइनल से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बालोगुन रेड कार्ड मामले में दखल देने की बात स्वीकार की। उन्होंने सोमवार को व्हाइट हाउस में कहा, %मैंने ही फीफा से कहा था कि वे अमेरिका के स्ट्राइकर फोलारिन बालोगुन पर लगाए गए एक मैच के बैन का रीव्यू करे।

ट्रम्प ने कहा- 'मैंने फीफा अध्यक्ष इन्फेंटिनो से बात की। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह फाउल था।' इसके बाद फीफा ने बालोगुन को बेल्जियम से मैच खेलने की अनुमति दे दी। इस पर ट्रम्प ने कहा- फीफा ने सही निर्णय लिया। अगर प्रतिबंध लागू किया जाता तो टूर्नामेंट पर बड़ा धब्बा लग जाता। फीफा प्रेसिडेंट इन्फेंटिनो ने सोशल मीडिया पर कहा कि अनुशासन समिति ने पूरी स्वतंत्रता के साथ निर्णय लिया।

अफगानिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान का निधन

एजेंसी नई दिल्ली

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान का मंगलवार को भारत में निधन हो गया। वे 38 साल के थे और बुधवार को उनका 39वां जन्मदिन था। वे लंबे समय से हेमोफैगोसिटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस नाम की दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे थे। ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

बोर्ड ने दी श्रद्धांजलि

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर शापूर जादरान के निधन की पुष्टि करते हुए शोक जताया। बोर्ड ने कहा कि पूर्व तेज गेंदबाज के निधन से अफगान क्रिकेट ने अपना एक अहम खिलाड़ी खो दिया है। उनके निधन की खबर के बाद क्रिकेट जगत में शोक है।

अफगानिस्तान क्रिकेट को नई पहचान दिलाने में निभाई बड़ी भूमिका

शापूर जादरान अफगानिस्तान के उन शुरुआती खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने देश के क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। अपनी तेज लेफ्ट आर्म गेंदबाजी और आक्रामक अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले शापूर ने 2009 से 2020 के बीच अफगानिस्तान के लिए 80 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। इनमें 44 वनडे और 36 टी-20 मैच शामिल रहे।

उन्होंने अफगानिस्तान को एसोसिएट टीम से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मुख्य मंच तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही टीम के आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप और टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने में भी उनका योगदान रहा।

पिछले साल अक्टूबर से चल रहा था इलाज

शापूर के छोटे भाई घमई जादरान के अनुसार, वे पिछले साल अक्टूबर से बीमार थे। अफगानिस्तान के डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए भारत लाया गया था। ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में उनका लंबे समय तक इलाज चला। वे हेमोफैगोसिटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस बीमारी से पीड़ित थे। इस बीमारी में शरीर का इम्यून सिस्टम जरूरत से ज्यादा सक्रिय होकर शरीर के अंगों को ही नुकसान पहुंचाने लगता है।

दिग्गज गेंदबाजों को पीछे छोड़ दिया

महिला टी20 विश्व कपं में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं श्री चरणी

एजेन्सी, नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम भले ही महिला टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सकी, लेकिन बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का गौरव हासिल किया। उन्होंने पांच मैचों में 14 विकेट लेकर इस विश्व कप की शीर्ष विकेट लेने वाली गेंदबाज के रूप में अभियान समाप्त किया।

श्री चरणी ने पूरे टूर्नामेंट में लगातार प्रभावशाली गेंदबाजी की। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नीदरलैंड के खिलाफ रहा, जहां उन्होंने मात्र 19 रन देकर चार विकेट झटके। इसके अलावा पाकिस्तान के खिलाफ 21 रन देकर तीन, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 24 रन देकर तीन, बांग्लादेश के खिलाफ 21 रन देकर दो और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

विश्व कप में श्री चरणी ने ऑस्ट्रेलिया की सोफी मोलिन्यू, पाकिस्तान की फातिमा सना और उपविजेता इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन जैसी दिग्गज गेंदबाजों को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया की सोफी मोलिन्यू ने सात मैचों में 11 विकेट लिए, जबकि पाकिस्तान की फातिमा सना ने पांच मैचों में 11 विकेट अपने नाम किए। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन ने सात मुकाबलों में 10 विकेट हासिल किए। वहीं वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज भी छह मैचों में 10 विकेट लेने में सफल रहीं।

हालांकि भारत का विश्व कप अभियान उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा, लेकिन श्री चरणी का प्रदर्शन टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक उपलब्धियों में से एक रहा। उनकी लगातार प्रभावी गेंदबाजी ने भविष्य के बड़े टूर्नामेंटों के लिए भारतीय टीम को नई उम्मीद दी है।

एमबीबीएस परीक्षा में आराध्य कश्यप ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन गांव, परिवार व कॉलेज का बढ़ाया मान

रफ्तार मीडिया संवाददाता

रांची : प्रतिभा, मेहनत और लगन के दम पर सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में एक नया नाम जुड़ गया है आराध्य कश्यप का। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल हजारीबाग की एमबीबीएस 2021 बैच के छात्र आराध्य कश्यप ने एमबीबीएस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आराध्य मूल रूप से मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम तेघरा के रहने रहने वाले है। आराध्य कश्यप ने एमबीबीएस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार, गांव और मेडिकल कॉलेज का नाम रोशन किया है।

अनुशासन और नियमित पढ़ाई के कारण मिली सफलता- आराध्य कश्यप

परीक्षा परिणाम के बाद आराध्य कश्यप ने बताया कि कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन और दृढ़ संकल्प के बल पर परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ साथ गांव भी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। आराध्य के पिता का कहना है कि उनके बेटे ने वोह कर दिखाया जिसका सपना उन्होंने देखा था। आराध्य की सफलता यह साबित करती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे पाने के लिए निरंतर मेहनत की जाए, तो हर चुनौती को पार किया जा सकता है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और कॉलेज के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को दिया।

गांव के विद्यार्थियों में भी दिया गया संदेश

आराध्य के गांव में इस उपलब्धि को लेकर उत्साह का माहौल है। परिजनों के साथ साथ स्थानीय लोगो ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लोगों का कहना है कि आराध्या ने अपनी मेहनत से यह साबित किया है कि ग्रामीण परिवेश से आने वाले छात्र छात्राएं भी बड़े लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

परिवार के लिए बेहद महत्वपूर्ण क्षण, क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बनी आराध्य की परीक्षा परिमाण- शैलेश झा

वहीं,आराध्य के बाबा शैलेश झा ने हर्ष जताते हुए कहा कि पोते के इस सफलता ने न केवल उनके परिवार का सम्मान बढ़ाया है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में एक सफल चिकित्सक बनने की कामना की।

चुटिया थाना क्षेत्र में युवती हत्याकांड का खुलासा, मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

रांची : चुटिया थाना क्षेत्र के केतारी बगान, घाट रोड स्थित मणि साहू के मकान में 31 मई को संदेहास्पद परिस्थिति में हुई युवती की मौत के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के अनुसार दिनांक 31.05.2026 को सूचना मिली थी कि केतारी बगान स्थित एक मकान में किरायेदार रानी कुमारी उर्फ पूजा कुमारी का शव बेड पर पड़ा है। इस संबंध में चुटिया थाना में यू.डी. कांड सं0-15/26, दिनांक-31.05.2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अवलोकन से पता चला कि रानी कुमारी उर्फ पूजा कुमारी की मृत्यु प्राकृतिक नहीं है। गंभीर चोट और गले पर दबाव बनाकर दम घुटने से उनकी मृत्यु हुई है। इसके बाद यू.डी. कांड को हत्या की धाराओं में परिवर्तित कर चुटिया थाना कांड सं0-101/26, दिनांक-06.07.2026, धारा-103 (1)/3 (5) बी.एन.एस. दर्ज किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में वरीय पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड के मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

समाचार सार

जगन्नाथपुर रथ यात्रा 2026: जिला प्रशासन ने पूरे मार्ग का किया निरीक्षण

रांची (शंकर ठाकुर): जगन्नाथपुर रथ यात्रा 2026 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री और वरीय पुलिस अधीक्षक रांची राकेश रंजन ने संयुक्त रूप से पूरे रथ यात्रा मार्ग का अवलोकन किया और बैठक कर कई अहम निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि रथ यात्रा रांची की सांस्कृतिक धरोहर है। हमारा प्रयास है कि इस वर्ष की रथ यात्रा पूर्ण रूप से सुव्यवस्थित, सुरक्षित और भव्य हो। जनसहयोग से हम इसे यादगार बनाएंगे। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयः अतिक्रमण मुक्त मार्गः रथ यात्रा के पूरे मार्ग को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त कराने के सख्त निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य व्यवस्थाः मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस तथा मेडिकल टीम तैनात रहेंगी। सुरक्षा व्यवस्थाः पूरे मार्ग और मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जाएगी। कंट्रोल रूम से 24 घंटे मॉनिटरिंग की जाएगी। अग्नि सुरक्षाः अग्निशामक गाड़ी रेडी-टू-मूव स्थिति में हमेशा तैनात रहेगी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे रथ यात्रा के दौरान प्रशासन का सहयोग करें और सुरक्षा निदेर्शों का पालन करें।

आंगनबाड़ी, बालिका आवासीय विद्यालय व पीएचसी के लिए प्रस्तावित भूमि का लिया जायजा

ईचागढ़ (बिद्युत महतो): सरायकेला-खरसावां जिला के उप विकास आयुक्त रीना हंसदा ने कुकडू प्रखंड का दौरा कर विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के लिए प्रस्तावित भूमि का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, पोषण व्यवस्था एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को खेल-खेल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने, स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने तथा आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध रखने पर विशेष जोर दिया। इसके बाद उन्होंने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय पहुंचकर छात्राओं को मिल रही शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र छात्रा तक शत-प्रतिशत पहुंचाया जाए, ताकि छात्राओं के सर्वांगीण विकास में कोई बाधा न आए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण करते हुए उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भूमि संबंधी सभी आवश्यक प्रक्रियाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का कार्य जल्द शुरू हो सके। निरीक्षण के बाद प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में डीडीसी ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आम लोगों के बीच योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड कार्यालय में प्राप्त जनसमस्याओं, शिकायतों एवं योजनाओं से संबंधित लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की गई। डीडीसी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवेदनों एवं शिकायतों का नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

मां के सम्मान व पर्यावरण संरक्षण का संदेश, श्री दिगम्बर जैन विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित

रफ्तार मीडिया संवाददाता

झुमरी तिलैया : श्री दिगम्बर जैन विद्यालय, पानी टंकी, झुमरी तिलैया में पर्यावरण संरक्षण एवं मातृशक्ति के सम्मान को समर्पित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ अपनी मां के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत करने के साथ हुआ। विद्यालय इंचार्ज अभिषेक जैन ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य नवीन जैन पांड्या ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ पर्यावरण संतुलन बनाए

रखने, शुद्ध ऑक्सीजन उपलब्ध कराने, वर्षा चक्र को प्रभावित करने, भूजल संरक्षण, तापमान नियंत्रण तथा जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे केवल मानव ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों के जीवन के भी आधार हैं। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक पेड़ मां के नाम विषय पर भाषण, कविता एवं प्रेरक नारे प्रस्तुत किए। सभी विद्यार्थियों ने अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने तथा उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में दिगम्बर जैन समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय के चेयरमैन किशोर पांड्या, संयोजक सुनील छाबड़ा, सह संयोजिका रीता सेठी तथा विद्यालय भूमि दानदाता प्रदीप छाबड़ा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक ब्रजेश सर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसी अवसर पर विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों ने ग्रीन डे भी उत्साहपूर्वक मनाया, जिसके सफल संचालन में जूनियर सुपरवाइजर सुप्रिया गौरव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सीनियर सुपरवाइजर मुरारी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर एकेडमिक हेड एकता छाबड़ा एवं सोनल जैन सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, विद्यार्थी, अभिभावक एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अरूप चटर्जी को मिली धमकी के विरोध में सड़क पर उतरे भाकपा माले कार्यकर्ता

चंदन अग्रवाल

जमुआ। निरसा के विधायक अरूप चटर्जी को गैंगस्टर प्रिंस खान द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने के विरोध में सियासत गरमा गई है। इस घटना के खिलाफ और धनबाद सांसद ढुल्लू महतो पर गंभीर आरोप लगाते हुए भाकपा माले ने जमुआ इकाई जोरदार प्रतिवाद मार्च निकाला और तीखा आक्रोश व्यक्त किया जमुआ चौक पर आयोजित प्रतिबाद मार्च को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव अशोक पासवान ने निरसा के विधायक अरूप चटर्जी को कथित तौर पर गैंगस्टर प्रिंस खान द्वारा 24 घंटे के भीतर हत्या की धमकी दिए जाने के मामले में भाकपा माले चुप बैठने वाली नही है.उन्होंने धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो को इशारे ईशारे में कह दिया कि निरसा विधायक को अकेला नही देखें अगर विधायक अनुप चर्टजी पर कुछ हुआ तो सांसद ढुल्लू महतो को ईंट से ईंट बजाने में भाकपा माले नेता पीछे नही रहेंगें। कहा कि लाल झंडा नेता आंदोलन की उपज, धमकियों से डरने वाले नहीं है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा लाल झंडे के नेता किसी की धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। हमारी पहचान और हमारा वजूद आंदोलनों की उपज है। हम जनता के हक-अधिकार के लिए हमेशा लड़ते रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। जन-प्रतिनिधियों को इस तरह डराकर उनकी आवाज को दबाया नहीं जा सकता। भाकपा माले ने आरोप लगाया कि इस पूरी साजिश के पीछे कहीं न कहीं धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और प्रिंस खान का गठजोड़ काम कर रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग किया कि विधायक अरूप चटर्जी को मिली धमकी के मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। गैंगस्टर प्रिंस खान और इस साजिश में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ तत्काल और सख्त कानूनी कार्रवाई हो।

राज्य में जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक कार्यकताओं की सुरक्षा पुख्ता की जाए। अगर प्रशासन ने इस मामले में जल्द से जल्द दोषियों को बेनकाब कर गिरफ्तार नहीं किया, तो भाकपा माले पूरे राज्य में अपने आंदोलन को और अधिक उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। मौके पर जमुआ सचिव मनोवर हसन बंटी, जीप सद्स्य बिजय पाण्डेय, मीणा दास, असगर अली, रंजीत यादव, अभिमन्यु राम,रामेश्वर ठाकुर, भागीरथ पण्डित, मो राजा, बाबुलाल महतो आदि लोग मौजूद थे।

जाम में धीमी हुई बाइक और पलभर में गायब हो गए 3.5 लाख रुपये

बोकारो (दिनेश कुमार पांडेय): बोकारो के चास थाना क्षेत्र स्थित जोधाडीह मोड़ पर जुडियो शोरूम के पास दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना ने लोगों को हैरान कर दिया। चंदनकियारी के खमारबेंदी निवासी दिनेश चंद्र झा की बाइक की डिक्की से अज्ञात बदमाश 3.5 लाख रुपये और कई महत्वपूर्ण कागजात से भरा झोला लेकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया से रुपये निकाले थे और अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में जोधाडीह मोड़ पर जाम लगा था, जिसके कारण उनकी बाइक की रफ्तार धीमी हो गई। इसी दौरान बदमाशों ने मौका पाकर बाइक की डिक्की से रुपयों से भरा झोला निकाल लिया। दिनेश चंद्र झा को घटना की जानकारी तब हुई, जब पास खड़े एक व्यक्ति ने आवाज लगाकर बताया कि दो युवक उनकी बाइक की डिक्की से झोला निकालकर आईटीआई मोड़ की ओर बाइक से भाग गए हैं। इसके बाद वे तुरंत चास थाना पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने हाल ही में अपनी बेटी की शादी की है, जिसके कारण उन पर काफी कर्ज हो गया था। उसी कर्ज को चुकाने के लिए वे बैंक से रुपये निकालकर घर लौट रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि वे पहले एलआईसी एजेंट के रूप में कार्य करते थे। इधर, पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित के बयान में कुछ भ्रम की स्थिति है, इसलिए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों का जल्द पता लगाया जा सके।

बिरनी में अलग-अलग हादसों में दो युवकों की मौत एक ने फांसी लगाई तो दूसरे की करंट लगने से गई जान

आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी पुलिस, करंट हादसे के बाद बिजली विभाग पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

रफ्तार मीडिया संवाददाता

बिरनी/गिरिडीह : बिरनी प्रखंड में मंगलवार को दो अलग-अलग दर्दनाक घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जबकि दूसरे युवक की बिजली के करंट की चपेट में आने से जान चली गई। दोनों घटनाओं के बाद संबंधित गांवों में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दोनों मामलों में शवों को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेजकर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना भरकट्ठा ओपी क्षेत्र के पड़रमनिया गांव की है। यहां 26 वर्षीय जनार्दन कुमार मंडल (पिताझ किशुन मंडल) का शव मंगलवार सुबह घर के कमरे में पंखे से फंदे के सहारे लटका मिला। परिजनों के अनुसार सोमवार रात परिवार के सभी सदस्य पड़ोस में आयोजित शादी समारोह से लौटे थे। पिता ने बेटे को

दूध पीने के लिए दिया, लेकिन उसने बाद में पीने की बात कहकर अपने कमरे में चला गया। मंगलवार सुबह काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद खिड़की से देखने पर युवक का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरी घटना बलिया पंचायत के नगड़ी गांव में हुई, जहां 25 वर्षीय सद्दीक अंसारी (पिताझ हकीम मियां) की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक तेज वोल्टेज के कारण गांव के करीब 15 से 20 घरों के विद्युत उपकरण भी क्षतिग्रस्त हो गए। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटी बेटियों को छोड़ गया है। घटना की सूचना पर भरकट्ठा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को बुलाने की मांग को लेकर कुछ देर तक पुलिस कार्रवाई रोक दी। बाद में मुखिया प्रतिनिधि सगीर अंसारी, भाकपा माले नेता मुस्तकीम अंसारी एवं कमरुद्दीन अंसारी ने विद्युत विभाग के एसडीओ विनोद कुमार से दूरभाष पर बातचीत की। इसके बाद विभाग के कर्मी गणेश महतो मौके पर पहुंचे और जांच के दौरान मृतक के शरीर के दाहिने पिछले हिस्से पर करंट लगने के निशान एवं झुलसने की पुष्टि की। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं ग्रामीणों ने विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए लापरवाही को हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया। ग्रामीणों का कहना है कि नगड़ी गांव में करंट से होने वाली यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी बिजली के करंट की चपेट में आने से दो बैलों की मौत हो चुकी है।

मरगोडीह के 150 वर्ष पुराने काली मंडप में धूमधाम से मनाई गई बरसाती काली पूजा

गांडेय (राजु मंडल): गांडेय प्रखंड अंतर्गत मरगोडीह स्थित पौराणिक काली मंडप में आषाढ़ माह के अवसर पर होने वाली पारंपरिक बरसाती काली पूजा हर्षोल्लास और भक्तिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। ग्रामीणों ने पूरी श्रद्धा के साथ माँ काली की आराधना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। ग्रामीणों के अनुसार, यह काली मंडप लगभग 150 वर्ष पुराना और क्षेत्र का एक अत्यंत सिद्ध एवं विख्यात स्थान है। यहाँ की मान्यता दूर-दूर तक फैली हुई है। इस मंडप की विशेषता यह है कि यहाँ काली पूजा और दुर्गा पूजा के साथ-साथ बरसाती पूजा का भी विशेष महत्व है। इस ऐतिहासिक मंडप में पूजा-अर्चना के दौरान मंडप के भगत (पुरोहित/साधक) द्वारा भरनी की जाती है, जिसके माध्यम से वे भक्तों के कष्टों का निवारण करने के साथ ही भूत-भविष्य से जुड़ी जानकारी भी देते हैं। इसके अलावा, यहाँ प्राचीन परंपरा के अनुसार आज भी बलि प्रथा कायम है, जिसे देखने और पूजा में शामिल होने के लिए आसपास के कई गांवों से श्रद्धालु यहाँ पहुँचते हैं। पूजा के सफल आयोजन में मरगोडीह के ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

गायत्री चेतना केंद्र में प्रज्ञा पुराण कथा से गूंजा आध्यात्मिक वातावरण, महायज्ञ में विश्व कल्याण की कामना

कथा, संस्कार, पौधारोपण संकल्प और गायत्री मंत्र जाप का दिया संदेश

रफ्तार मीडिया संवाददाता

झुमरी तिलैया । गायत्री चेतना केंद्र, डोमचांच में आयोजित पावन प्रज्ञा पुराण कथा में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ सत्संग सरिता में डुबकी लगाई। कथा के दौरान पूरा परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। भक्ति, ज्ञान और आध्यात्मिक वातावरण से केंद्र का परिसर दिनभर गुंजायमान रहा। कथावाचक नकुल देव प्रसाद ने कहा कि मनुष्य ईश्वर का राजकुमार और समस्त सृष्टि के प्राणियों में मुकुटमणि है, लेकिन धर्म के वास्तविक स्वरूप से विमुख होने के कारण आज वह दीन-हीन, असहाय और पतनपूर्ण जीवन जीने को विवश है। उन्होंने कहा कि अमृतपुत्र होकर भी मनुष्य भौतिक

चकाचौंध और मोह-माया में फंसकर विष का पान कर रहा है। वर्तमान समय में अधिकांश लोग कथा को केवल मनोरंजन का माध्यम मानते हैं, जबकि पुराण कथाओं का उद्देश्य आत्मबोध कराना और मनुष्य को उसके वास्तविक स्वरूप से परिचित कराना है।उन्होंने कहा कि कथा केवल सुनने से नहीं, बल्कि उसे जीवन में उतारने से उसका वास्तविक लाभ मिलता है। आत्मा के जागरण के बाद ही मनुष्य के जीवन में परिवर्तन आता है। इसी आत्मज्ञान के कारण मूर्ख काली महाकवि कालिदास, रामबोला गोस्वामी तुलसीदास और रत्नाकर डाकू महर्षि वाल्मीकि बने। उन्होंने प्रज्ञा पुराण कथा को आत्मज्ञान प्रदान करने वाली दिव्य रसायन बताते हुए सभी से जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उमेश वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया।इधर, बहेराडीह (डोमचांच) स्थित देवी मंडप प्रांगण में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र और सूर्य गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ विश्व कल्याण एवं सुख-समृद्धि की भावना से यज्ञ में आहुतियां समर्पित कीं। महायज्ञ के दौरान पांच दीक्षा संस्कार, एक अन्नप्राशन संस्कार, एक नामकरण संस्कार तथा दो विवाह दिवस संस्कार भी संपन्न कराए गए।कार्यक्रम में छह लोगों ने अखंड ज्योति पत्रिका, 30 लोगों ने युग निर्माण योजना तथा पांच लोगों ने प्रज्ञा अभियान पत्रिका की वार्षिक सदस्यता ग्रहण की। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सभी श्रद्धालुओं ने कम-से-कम एक पौधा लगाने का संकल्प लिया।

इस दौरान 41 पौधे श्रद्धालुओं के बीच वितरित किए गए, जिन्हें वे अपने घरों में रोपित करेंगे। समापन अवसर पर नकुल देव प्रसाद ने गायत्री साधना और यज्ञ के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रत्येक व्यक्ति से प्रतिदिन कम-से-कम 10 मिनट गायत्री महामंत्र का जाप करने का आग्रह किया। उन्होंने उपासना, साधना, आराधना और अंशदान के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के सभी वैदिक कर्मकांडों का संचालन नकुल देव प्रसाद, प्रदीप साव, शीला वर्णवाल और सुनीता वर्णवाल ने संयुक्त रूप से किया।

मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्य में सुस्ती पर डीसी का औचक निरीक्षण, बीएलओ को कार्य में तेजी लाने के निर्देश

डीके राठौर

रामगढ़ : मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) के तहत अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ऋतुराज ने मंगलवार को 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 2, 8 एवं 82 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) के वितरण, घर-घर सर्वेक्षण, मतदाताओं से प्राप्त प्रपत्रों की स्थिति तथा उनके डिजिटाइजेशन कार्य का बिंदुवार जायजा लिया। उन्होंने अब तक वितरित एवं प्राप्त प्रपत्रों की जानकारी लेने के साथ-साथ कार्य में आ रही समस्याओं की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग का यह विशेष अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी बीएलओ को शत-प्रतिशत घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करने, समय पर प्रपत्र प्राप्त करने तथा सभी प्रविष्टियों का त्रुटिरहित डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सही एवं अद्यतन रूप से मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिन मतदान केंद्रों की प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहां विशेष अभियान चलाकर कार्य में तेजी लाने तथा प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर लंबित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग, क्षेत्र भ्रमण बढ़ाने तथा बीएलओ को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पीआरजीआई/आरएनआई पंजीयन संख्या RNI NO. JHHIN/26/3481 स्वतत्वाधिकारी,संपादक एवं प्रकाशक गौरव कुमार, कार्यकारी संपादक अरविंद कुमार, उत्तम निवास, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, अरगोड़ा थाना के पास, हरमू, रांची, झारखंड 834002 से प्रकाशित, एसएच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, रातू काठीटांड़ नियर टेंडर बगीचा एचपी पेट्रोल पंप, पीओ रातू, रांची 835222 से मुद्रित, फोन नंबर 6203592707,ईमेल -raftaarhr@gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेवार) समस्त विवादों का क्षेत्राधिकार रांची न्यायलय रहेगा।